
kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-107 ❒ रविवार, 18 मई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने का अधिकार है। हर व्यक्ति व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जगदीप धनखड़



कश्मीर में संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं: उमर अब्दुल्ला 11

मुख्यमंत्री नीतीश ने किया सब-वे और मल्टी मॉडल हब का उद्घाटन 12

## संक्षेप

### सैन्य करवाई में हमने कितने विमान खोये, सरकार बताए : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार को बताना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचना देने का अपराध किसने किया और इसके कारण हमने कितने विमान खोये हैं।
श्री गांधी ने कहा कि सबसे बड़ा अपराध यह है कि युद्ध की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचना देने का काम किसने किया और इस सूचना को बांटने के लिए कौन अधिकृत था। उन्होंने कहा, हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। उन्होंने सवाल किया, इसे किसने अधिकृत किया और इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए।

### यूपी बोर्ड के ग्रीवांस सेल में 26 तक समस्याओं की करें शिकायत

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट के अंकपत्र, सह प्रमाण पत्र में आई खामियों को दूर करने के लिए सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रीवांस सेल खुला है। अभी तक सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में कुल मिलाकर कर 252 समस्याएं आई हैं, जिसका निस्तारण हो रहा है। ग्रीवांस सेल में समस्याओं को छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक 26 मई तक आवेदन पत्र देकर संशोधित करवा सकते हैं। यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय की अपर सचिव विभा मिश्रा ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय में 48, वाराणसी में 24, गोरखपुर में 124, बरेली में 16 और मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय में 40 समस्याएं लम्बित हैं। छात्र-छात्राओं की अधिकतर समस्याएं प्रैक्टिकल में अनुपस्थित, अंक न चढ़ना, विषय, नाम और जन्म तिथि में गड़बड़ी है, जिसे संशोधित करवाया जा रहा है।

### हाजी भूरा कुरैशी की 1 करोड़ की अचल सम्पत्ति कुर्क

**फ़िरोज़ाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर पुलिस द्वारा गैंग लीडरों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना रसूलपुर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गैंग लीडर हाजी भूरा कुरैशी की करीब एक करोड़ मूल्य की अचल संपत्ति जब्त कर कुर्क कर ली। पुलिस के अनुसार भूरा कुरैशी ने यह सम्पत्ति गम्भीर अपराध कर अर्जित की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस एवं राजस्व टीम द्वारा थाना रामगढ़ पर पंजिकृत मुकदमे में धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत धारा 14(1) की कार्यवाही करते हुए गैंग लीडर हाजी भूरा कुरैशी द्वारा लगातार गम्भीर अपराध कर अर्जित कर अपनी पत्नी श्रीमती फरजाना बेगम के नाम की गयी।

# डेलिगेशन की लिस्ट पर खींचतान

## थरूर के नाम पर कांग्रेस में शुरू हुई खींचतान

एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया सिर्फ गोली की नहीं, कूटनीति की भाषा भी सुनती है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की सेना को ऐसी चोट दी जा चुकी है जिसे सुनकर उसकी आनेवाली कई नस्लों की भी रूह कांप जाएगी, लेकिन बात अब आगे बढ़ चुकी है। भारत ने ठान लिया है कि पाकिस्तान के झूठ और आतंक की फैक्ट्री का दरवाजा दुनिया के मंचों पर खोला जाएगा। इसी के तहत 'ऑपरेशन डिप्लोमैटिक' वॉर शुरू हो चुका है।

इस मिशन की कमान उन 7 सांसदों के हाथों में थमाई गई है जो दुनिया को बताएंगे कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है और आतंकवाद पर शहबाज की सरकार कैसे दुनिया की आंखों में धूल झोंक रही है और कैसे सीमा पार आतंकवाद ने भारत के अमन-चैन को लूटा है, इसमें कोई शक नहीं कि जिन 7 सांसदों के हाथ में 7 डेलिगेशन की कमान है वो अपने मिशन में जरूर कामयाब होंगे, लेकिन सवाल ये है कि जब देश एकजुट होकर आतंक के खिलाफ वैश्विक मंच पर मोर्चा खोल रहा है तो कांग्रेस इस प्रतिनिधिमंडल पर सवाल क्यों उठा रही है? क्या थरूर का नाम पार्टी लाइन से बाहर है या फिर देशहित से बड़ा दलहित हो गया है। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम प्रमुख है, हालांकि पार्टी ने जिन चार नेताओं की सूची सरकार को सौंपी थी उनमें थरूर का नाम नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि उसकी तरफ से सिर्फ चार नेताओं – आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार




❒ आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के संदेश के साथ सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कई देशों का दौरा करेंगे

❒ थरूर पर कटाक्ष: कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने में फर्क

को दिए गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बिना कहा, ''कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है। वहीं, थरूर ने कहा कि राष्ट्र हित और उनकी सेवाओं की आवश्यकता होने पर वह पीछे नहीं रहेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया, ''सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने की भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को सामने रखेंगे। वे आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के देश के मजबूत संदेश को दुनिया के समक्ष लेकर जाएंगे। सरकार ने प्रतिनिधिमंडल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के ऐसे नेताओं का सोच-विचार कर चयन किया है, जिन्हें मुखर माना जाता है। इन नेताओं में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चार और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के तीन नेता शामिल हैं, जो सार्वजनिक जीवन में लंबे समय से सक्रिय रहने वाले वरिष्ठ सांसद हैं। विपक्ष ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के मामले पर सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री थरूर ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारत के हमलों का बचाव और भारत-पाक संघर्ष पर सत्तारूढ़ गठबंधन (राजग) के सख्त रुख का समर्थन किया है। संभावना है कि उन्हें अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने दिया जा सकता है। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल होंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में भारत एकजुट है। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख साझेदार ● शेष पेज 11 पर

### सरकार से मिली जिम्मेदारी को पूरा करूंगा : थरूर


**नयी दिल्ली।** आतंकवाद पर भारत का रूख स्पष्ट करने के लिए विभिन्न देशों में भेजे जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को शामिल किये जाने पर सरकार तथा कांग्रेस में बनी तनातनी के बीच श्री थरूर ने कहा है कि वह उन्हें सौंपी गयी जिम्मेदारी को पूरा करेंगे। सरकार ने शनिवार को सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले सांसदों की सूची जारी की है। इसमें एक का नेतृत्व श्री थरूर को सौंपा गया है। इससे पहले कांग्रेस ने सरकार को इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल करने के लिए अपने चार सदस्यों के नामों की सूची भेजी थी जिसमें श्री थरूर का नाम नहीं था। कांग्रेस का कहना है कि उसके द्वारा भेजी गयी सूची में से ही सदस्यों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया जाना चाहिए। श्री थरूर ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी को अपनी राय रखने का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि यह एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल है इसलिए सरकार की अपनी राय है कि उन्हें कौन उचित लगता है। उन्होंने कहा कि सरकार और उनकी पार्टी के बीच इस मुद्दे पर किसी और बातचीत के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है और इस बारे में संबंधित लोगों से पूछा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहाँ तक उनका सवाल है इस तरह के मुद्दों से निपटने वाली संसदीय स्थायी ● शेष पेज 11 पर

# युद्ध विराम कराने से अधिक बड़ी भूमिका थी मेरी : ट्रम्प

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार से निकालने में उन्हें सफलता मिली है और साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत अमेरिका के लिए अपने आयात शुल्क में शत-प्रतिशत कटौती करने को तैयार है।

फॉक्स न्यूज को दिए गए एक साक्षात्कार में, अमेरिकी राष्ट्रपति से जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने में उनकी भूमिका के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि युद्ध विराम में मध्यस्थता करने में अमेरिका की भूमिका उससे कहीं अधिक बड़ी है, जिसका श्रेय उन्हें कभी नहीं मिलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी सफलता है, जिसका श्रेय मुझे कभी नहीं दिया जाएगा। इस बीच भारत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने 10 मई को सीधे एक-दूसरे से बात की। श्री ट्रम्प ने कहा, वे प्रमुख परमाणु शक्तियां थीं, ... और वे क्रोधित थे, और अगला चरण शायद, आप देख सकते हैं कि यह जिस तरह से चल रहा था, वह एक दूसरे को जवाब देने जैसा था। उन्होंने कहा, यह संकट गहराता जा रहा था, और अधिक मिसाइलें चल रहीं थीं, हर दिन यह उग्र होता जा रहा था, विकराल होता जा रहा था, एक बिंदु तक जहां अगला चरण था, आप जानते हैं 'एन' शब्द। जिस पर साक्षात्कारकर्ता ने उत्तर दिया, परमाणु। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, एन शब्द एक बहुत ही बुरा शब्द है, यह सबसे बुरी चीज



हो सकती है, और मुझे लगता है कि वे परमाणु युद्ध के बहुत करीब थे। नफरत बहुत थी और मैंने कहा, हम व्यापार के बारे में बात करने जा रहे हैं, हम बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं व्यापार का उपयोग हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। उन्होंने अपना यह दावा भी दोहराया कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध को टालने में मदद की थी और उन्होंने दोनों देशों को और अधिक शत्रुता में पड़ने से रोकने के लिए व्यापार का उपयोग एक चाल के रूप में किया था। भारत ने कहा है कि दोनों पक्षों के बीच टेलीफोन पर बातचीत के दौरान व्यापार पर कभी चर्चा नहीं हुई। श्री ट्रम्प ने ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, मैंने ईरान से कहा है कि हम समझौता करने जा रहे हैं, हम वाकई बहुत खुश होंगे। भारत की बात पर लौटते हुए उन्होंने कहा, लेकिन भारत के मामले में, वो दुनिया में सबसे ज़्यादा कर और सबसे ज़्यादा शुल्क वाले देशों में से एक है, भारतीय, व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। उन्होंने अपने दावे को दोहराया, क्या ● शेष पेज 11 पर

# 'शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है'

एजेंसी

नई दिल्ली। जयपुर में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है। उन्होंने अपने भाषण में भारत की प्राचीन संस्कृति और त्याग की परंपरा को याद दिलाया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह जैसे महान व्यक्तित्वों ने त्याग और सेवा की मिसाल पेश की है।

मोहन भागवत ने कहा कि विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है। धर्म के माध्यम से ही मानवता की उन्नति संभव है। उन्होंने विशेष रूप से हिंदू धर्म की भूमिका को महत्वपूर्ण माना और कहा कि विश्व कल्याण हमारा प्रमुख धर्म है। उन्होंने भारत को दुनिया का सबसे प्राचीन देश बताते हुए कहा कि भारत की भूमिका बड़े भाई की जैसी है। बिहार चुनाव नजदीक न

❒ पाकिस्तान से टेंशन के बीच बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत



होता तो केंद्र की बीजेपी सरकार जाति जनगणना का फैसला टाल सकती थी, और तब तक संघ भी स्थिति को संभाल ही लेता। मोहन भागवत का कहना है कि भारत विश्व में शांति और सौहार्द कायम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भारत किसी से द्वेष नहीं रखता लेकिन जब तक आपके पास शक्ति नहीं होगी, तब तक विश्व प्रेम और मंगल की भाषा नहीं समझेगा। इसलिए उनके मुताबिक, विश्व कल्याण के लिए शक्ति का होना आवश्यक है, और ये कि हमारी ताकत विश्व ने देखी है। मोहन भागवत ने यह भी बताया कि शक्ति ही वह माध्यम है जिससे विश्व में भारत अपनी बात ● शेष पेज 11 पर

# भारत में पाकिस्तान से अधिक मुस्लिम, तुर्की को याद दिलाने की जरूरत : ओवैसी

एजेंसी

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तुर्की की ओर से पाकिस्तान का समर्थन करने पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुर्की को पाकिस्तान का समर्थन करने के अपने रुख पर फिर से विचार करना चाहिए। ओवैसी ने कहा, 'हमें तुर्की को याद दिलाना होगा कि वहां एक बैंक है जिसका नाम इसबैंक है, जिसके शुरुआती जमाकर्ता भारत के लोग थे। तुर्की के भारत के साथ ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। हमें तुर्की को लगातार याद दिलाना चाहिए कि भारत में 20 करोड़ से अधिक सम्मानित मुस्लिम रहते हैं। भारत में पाकिस्तान की तुलना में अधिक मुस्लिम हैं। जिस तरह से पाकिस्तान ने अब तक बर्ताव किया है, उनका इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है।'

एआईएमआईएम चीफ ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा था और फिर कहूंगा कि



हमारे प्रधानमंत्री को युद्धविराम की घोषणा करनी चाहिए थी, न कि अमेरिकी राष्ट्रपति को। क्या आपको पता है कि पाकिस्तान का अमेरिका के साथ व्यापार केवल 10 अरब का है, जबकि भारत का 150 अरब से ज्यादा है। क्या यह मजाक है? क्या यूएस गारंटी दे सकता है कि पाकिस्तान अब हम पर आतंकी हमले नहीं करेगा? पाकिस्तान की सेना हमेशा भारत के साथ छेड़छाड़ करती रहेगी। हम कब तक इसे सहन करेंगे? आप पाकिस्तान के साथ व्यापार कैसे कर सकते हैं? वे तो भिखारी हैं। हम अमेरिका से बस इतनी उम्मीद करते हैं कि वे द रेसिस्टेंस फ्रंट को आतंकवादी संगठन घोषित करें। इटक कुछ और नहीं, बल्कि लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तान प्रायोजित समूह है। ऑपरेशन सिंदूर को प्रदर्शित करने के लिए प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'पहलगाम की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद हमारी सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की ओर से हमारे देश में आतंकी घटनाएं हुई हैं, उसे देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि हम दूसरे देशों के सामने भारत का पक्ष रखें। भारत का हमेशा से यही रुख रहा है कि हम आतंकवाद के खिलाफ हैं। हम हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ रहे हैं। मैं इस जिम्मेदारी को निभाने की पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, तब भी एक प्रतिनिधिमंडल गया था। 2008 में भी एक प्रतिनिधिमंडल ● शेष पेज 11 पर

## हिसार में पकड़ी गई पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाली महिला यूट्यूबर

हिसार। हरियाणा की हिसार पुलिस ने एक महिला यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। उसका ज्योति मल्होत्रा नाम है और उस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है। ज्योति शहर के घोड़ा फार्म रोड की रहने वाली है और ट्रैवल विद जो नाम से यूट्यूब पर चैनल चलाती है।

ज्योति ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया है कि वो ''ट्रैवल विद-जो'' के नाम से यूट्यूब पर चैनल चलाती है। वह साल 2023 में पाकिस्तान जाने के लिये वीजा लगवाने के सम्बन्ध में पाकिस्तान हाई कमीशन दिल्ली गई थी, जहां उसकी मुलाकात अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई थी। उसने अहसान का मोबाइल नम्बर ले लिया था। फिर वो उससे बातें करने लगी थी। इसके बाद उसने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की, जहां वो अहसान-उर-रहीम के कहने पर अली अहवान से मिली थी। पाकिस्तान में अली अहवान ने उसकी पाकिस्तानी सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस के अधिकारियों से मुलाकात करवाई थी और फिर वो शाकिर और राणा शहबाज से भी ● शेष पेज 11 पर

# मथुरा से पकड़े गए 90 बांग्लादेशी



एजेंसी

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नौहझील थाना क्षेत्र में दो ईंट-भट्ठों पर काम कर रहे 90 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस और एलआईयू ने शुक्रवार रात को गिरफ्तार किया है। वे कई प्रदेशों में मजदूरी करते हुए यहां पहुंचे थे। ये लोग यहां पर पिछले पांच महीने से काम कर रहे थे। पुलिस अब उस ठेकेदार की तलाश कर रही है, जिसने इन लोगों को यहां पर लाया था।

एसएसपी श्लोक कुमार ने शनिवार को बताया कि अवैध रूप से भारत में रहने वालों को चिन्हित किया जा रहा था। इस दौरान पता चला कि नौहझील थाना के जरैलिया सेऊपट्टी स्थित आरबीएस ईंट उद्योग और मोदी ईंट उद्योग खाजपुर में जो मजदूर काम कर रहे हैं वो बांग्लादेशी हैं। देर रात को एलआईयू और पुलिस ने छापेमारी करके सभी मजदूरों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे लोग 12 साल पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश किए थे। इसके बाद राजस्थान, हरियाणा और उत्तर के कई जिलों में ईंट भट्ठों पर काम कर रहे थे। भट्ठा संचालक कम मजदूरी देने के चलते वे ठेकेदार के जरिए बाहरी मजदूरों को ही काम करने के लिए बुलाते हैं। उसी ठेकेदार के जरिए ये लोग यहां पर आए थे। आठ माह काम करने के बाद अन्य जिलों में संचालित भट्ठों और अन्य कामों को करने के लिए भेजे जाते हैं। एसएसपी ने बताया पकड़े गए 90 बांग्लादेशियों में 35 पुरुष, 27 महिलाएं और ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# बाढ़ बचाव के सारे कार्यक्रम 15 जून तक पूर्ण कराएं : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि 15 जून से पहले सभी बाढ़ बचाव से जुड़े कार्यक्रम पूर्ण कर लिए जाएं ताकि संभावित प्राकृतिक आपदा से पहले तैयारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश फ्लड प्लेन जोनिंग के क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों से अग्रणी है। प्रदेश में बाढ़ बचाव से जुड़ी कार्य योजना समय से पूरी होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत आठ वर्षों में राज्य में 1665 बाढ़ परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं, जिससे 40.72 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल को सुरक्षा प्राप्त हुई और 319.14 लाख की आबादी लाभान्वित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए ताकि मानसून के दौरान आने वाली बाढ़ के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव की

❒ मुख्यमंत्री ने कहा- उत्तर प्रदेश फ्लड प्लेन जोनिंग में देश के अग्रणी राज्यों में, आठ वर्षों में 1665 बाढ़ परियोजनाएं पूरी

❒ बोले मुख्यमंत्री- बाढ़ बचाव के लिए नदियों की ड्रेजिंग एवं चैनलाइजेशन सबसे प्रभावी समाधान

❒ मुख्यमंत्री ने कहा- नदी पुनरोद्धार अभियान को युद्धस्तर पर चलाया जाए

❒ मुख्यमंत्री ने कहा- वरुणा नदी की सफाई कराई जाए और रिवर फ्रंट का निर्माण कराएं

❒ मुख्यमंत्री ने यमुना जी की सफाई और नालों की टैपिंग के लिए नमामी गंगे और सिंचाई विभाग को दिए निर्देश

दीर्घकालिक रणनीति में नदी ड्रेजिंग एवं चैनलाइजेशन ही सबसे प्रभावी समाधान है। वर्ष 2018 से 2025 के बीच 60 नदियों की ड्रेजिंग परियोजनाएं पूरी की गई



हैं, जिससे 4.07 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को लाभ मिला है और 23 लाख से अधिक जनसंख्या को राहत मिली है। उन्होंने नदी पुनरोद्धार अभियान को युद्धस्तर पर चलाने की आवश्यकता जताई और निर्देश दिया कि सिंचाई, राजस्व, नमामि गंगे और नगर विकास विभाग आपसी समन्वय बनाकर लुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदूषित नदियों को स्वच्छ करना राज्य की प्राथमिकता है और किसी भी औद्योगिक अपशिष्ट को नदियों में जाने ना दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नमामि गंगे एवं सिंचाई विभाग मिलकर यमुना नदी की सफाई, चैनलाइजेशन और नालों की टैपिंग के कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने विशेष रूप से काशी की वरुणा और अस्सी नदियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका ऐतिहासिक महत्व है और इनका पुनर्जीवन किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि वरुणा नदी पर रिवर फ्रंट का निर्माण करें और रिजर्व वायर एवं चेक डैम बनाकर उसके पानी को सिंचाई के उपयोग में लाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्सी नदी के पुनर्जीवन का कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौजूद ● शेष पेज 11 पर

# टायर फटकर अनियंत्रित हुई पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, बेटी घायल

### बाइक से दादा की तेरहवीं में जा रहे थे पिता और बेटी, पसना गांव में हुआ हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव में अचानक टायर फटने से अनियंत्रित हुई पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गई, वहीं बाइक पर बैठी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है।

जानकारी के मुताबिक राम भवन पुत्र तेरस आदिवासी (28) निवासी बहियारी कला थाना कोरांव शनिवार को दोपहर बाद 3 बजे के करीब घर से थाना क्षेत्र के ही कपुरी गांव में अपने दादा की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने अपनी आठ वर्षीय बेटी अंशी के साथ बाइक से जा रहा था। अभी वह कोरांव मेजा मुख्य मार्ग पर पसना गांव में भूदान के पास अचानक पिकअप का टायर फट गया और अनियंत्रित होकर बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक राम भवन व बेटी अंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के द्वारा गंभीर रूप से घायल पिता और पुत्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल पिता पुत्री को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

बताया जा रहा है कि प्रयागराज उपचार के लिए एंबुलेंस से ले जाते समय कोहड़ार बाजार से आगे भंडेवरा के पास राम भवन ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की बेटी अंशी का कोरांव बाजार के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे को लेकर पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक राम भवन चार भाइयों में तीसरे नंबर का था जिससे महज इकलौती बेटी अंशी है। पति की मौत और घायल बेटी को देखकर मृतक की पत्नी दहाड़े मार कर रो रही थी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों का न आना खिलवाड़: प्रमोद पयासी

### अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर दिया मांग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। तहसील कोरांव के सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित सक्षम अधिकारियों के विरुद्ध सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने एसडीएम से शिकायत कर समाधान दिवस में अपने मातहतों के भेजने को लेकर नाराजगी जताई है। विरोध करते हुए खरी खोटी भी सुनाई। संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह को लिखित शिकायत देकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में सक्षम अधिकारियों को उपस्थित रहने की मांग किया है।

सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा कि क्षेत्र की फरियादी दूर-दराज से आते हैं और उनकी समस्याओं का उचित निस्तारण नहीं हो पाता। सक्षम अधिकारी जान बूझकर संपूर्ण समाधान दिवस में नहीं आते हैं। जिससे उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना होती है। साथ ही सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति से ज़न मानस की समस्याओं का समुचित निस्तारण नहीं हो पाता। जिससे क्षेत्र से आए फरियादियों को निराशा हांथ लगती है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में अधिकारियों द्वारा जनता का इस तरह मज़ाक बनाना निंदनीय है। प्रमोद पयासी ने अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही की भी माँग किया है। सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर दिए गए मांग पत्र में उन्होंने प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवसों में सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य करने की मांग की है। जिस पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने शिकायतकर्ता को आस्वस्थ किया है कि अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई कराई जाएगी।

## भीषण गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिये संस्था ने शुरू किया पहल



लखनऊ । भीषण धर्मी का प्रकोप जारी है इस गर्मी में जानवर तो क्या इंसान भी त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है। इस गर्मी में जीव जंतु पानी न मिलने के कारण हिंसक हो जाते है जो इंसानो के लिए हानिकारक हो सकते है एवं दुर्घटना हो सकती है। इस भीषण गर्मी से पशु पक्षियों को जीवन दान देने एवं स्ट्रीट स्वान को हिंसक होने से रोकने के लिए जिससे इंसान भी सुरक्षित रहे इसके लिए संदीप्ति फाउंडेशन लगातार कई वर्षों से पूरे लखनऊ इस विषय पर कार्य कर रही है। इसी के तत्वावधान में संस्था लगातार पूरे लखनऊ में स्ट्रीट जानवरो एवं पक्षियों के लिए जगह जगह पानी के नांद लगवाकर स्थानीय लोगो के सहयोग से उसमे पानी भरवाने का कार्य निरंतरता से कर रही है। संस्था के डायरेक्टर संदीप अधिकारी ने बताया कि इस भीषण धर्मी में पानी न मिलने पर मनुष्य भी हिंसक हो जाता है फिर स्ट्रीट स्वान को यदि खाना पानी न मिले ऊपर से उसे पत्थर से मारा जाएगा तो वह काटेगा नही तो क्या करेगा। इसी क्रम में कल रविंद्रपल्ली एवं संजय गाँधी पुरम कालोनी में ''जल ही जीवन है एवं ''पशु पंक्षी सेवा ही नारायण सेवा '' विषय पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया एवं जगह जगह पानी के नाद लगवाए गए। जिसमे आम जनमानस के साथ साथ समाज के गणमान्य लोगो ने भाग लिया। जिसमे मुख्य रूप से संस्था के डायरेक्टर संदीप अधिकारी, मनीष शुक्ला (सेवा भारती) अनुराग सिंह भदौरिया,संजीव डे,अभिषेक राय (मंडल अध्यक्ष-भाजपा), मनोज श्रीवास्तव (मंडल मंत्री-भाजपा), कैलाश शंकर पांडे (पार्षद), ज्योति मिश्र, प्रवीण मिश्रा, जय सिंह, चंद्र प्रकाश, नवीन पांडे, राम खेलावन, राजेश सैनी, धनंजय रॉय, शर्मा जी, सारिका मल्होत्रा, संजय भौमिक, नवीन पांडे, उमेश चांदना, श्याम नरेश तिवारी, आदि लोगो की गरिमामयी उपस्थित रही।संस्था के अध्यक्ष संदीप अधिकारी ने बताया कि उन्हें इस सेवा की प्रेरणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मिली, संस्था विगत 5 वर्षो से सेवा कार्य कर रही है, संस्था की तरफ से अभी तक हिन्दनगर, एल.डी.ए कालोनी, आशियाना, रुचि खंड, रत्न खंड, साउथ सिटी,एल्डिको, आर.डी.एस.ओ, पारा, सूर्य नगर, मॉडल हाउस,सुंदर बाग,चौक, विकास नगर,राजेन्द्र नगर, फतेहगंज, कैसरबाग आदि कई जगहो पर पीने के पानी के नाँद लगवाए जा चुके है।

## केजीएमयू के पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक विभाग कराया भण्डारा



लखनऊ । केजीएमयू के पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक विभाग की तरफ से शताब्दी, फेस टू के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आर्शीवाद प्राप्त किया। सुबह से शुरू भण्डारा देर शाम तक संचालित हुआ। कार्यक्रम संचालनकर्ता संदीप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर सुरेश चंद और डॉ. विकास वर्मा ने किया ने किया। इसके संयोजक राहुल कनौजिया, काजल रावत, मंजू, अमित बर्मा मोहित बर्मा, ध्रुव कुमार, दीपक कुमार, अंशुल वर्मा,दीपक सिंह, संदीप सिंह, सिस्टर इंचार्ज ज्योति मौर्य, सुजीत यादव, रश्मि सिंह, शशिकांत वर्मा, आभा सिंह, पूजा यादव, शुभम कनौजिया, राकेश साहू, अजय कुमार, विनायक, सिस्टर रेणुका, आज लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रसाद बांटने में हिस्सा लिया।

## सआदतगंज में बिजली चेकिंग के दौरान हंगामा, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। लखनऊ मध्य क्षेत्र के अपट्रान दिविज़न के अंतर्गत न्यू नूरबाड़ी पॉवर हाउस के क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा चलाए जा रहे मॉर्निंग रेड अभियान के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करते हुए टीम पर हमला कर दिया। इसके बाद अवर अभियंता राजेश कुमार द्वारा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह लगभग 5: 45 बजे 33/11 केवी उपकेन्द्र नूरबाडी न्यू से सम्बन्धित क्षेत्र मौला नगरी, दरगाह ढाल सआतदगंज आदि इलाके में अवर अभियंता राजेश कुमार विभागीय टीम के साथ बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से मार्निंग रेड अभियान चला रहे थे। इस अभियान के दौरान मौला नगरी, दरगाह ढाल सआतदगंज निवासी आमिर एव मुनव्वर ने विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर आकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुएचेकिंग का विरोध करते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया और मना करने पर इन व्यक्तियो द्वारा हाथापायी शुरू कर दी गयी और अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भीड़ इकट्ठा करते हुए गाली गलौज की गयी। इस दौरान विभागीय कर्मचारी सतीश कुमार यादव जो कि पूरी घटना की वीडियोग्राफी कर रहे थे उनका फोन छीन लिया गया और जबरदस्ती कुछ वीडियो फोन से डिलीट कर दी। घटना के बाद अवर अभियंता राजेश कुमार द्वारा आरोपियों के खिलाफ सआदतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने अवर अभियंता राजेश कुमार की तहरीर पर आमिर एव मुनव्वर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## चेकिंग करने पहुंची बिजली विभाग की टीम पर हमला

लखनऊ। बिजली विभाग द्वारा राजधानी लखनऊ में लगातार हाई लॉस फीडर वाले क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड की जा रही हैं जिससे कि बिजली व्यवस्था को सुधारा जा सके। इसी कड़ी में शनिवार को दोपहर बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर राधाग्राम पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले मुफ्तीगंज इलाके में बिजली विभाग की टीम कांबिंग करने पहुंची थी बिजली विभाग की टीम अभी चेकिंग कर ही रही थी कि अचानक कुछ लोगों ने उन पर घरों में घुसने का आरोप लगाते हुए हमला बोल दिया। देखते ही देखते आसपास के लोग भीड़ की शक्ल में इकट्ठे हो गए और हंगामा करने लगे। बिजली विभाग के लोगों का कहना था कि उनके साथ यहां के स्थानीय लोगों ने मारपीट की है। वहीं यही की रहने वाली कुछ महिलाओ का आरोप था कि वह घर में अकेली थी पति बाहर गए हुए थे और बिजली विभाग के लोग चेकिंग के नाम पर उनके घर में जबरदस्ती घुस आए जिससे कि घर में मौजूद बच्चे रोने लगे उनका कहना था कि बिजली विभाग के लोग पैसे की भी मांग कर रहे थे। वहीं स्थानीय पार्षद गुलशन अब्बास का कहना था की क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बिजली विभाग के लोग घरों में घुसे जा रहे थे उनको अगर चेकिंग करना थी तो घर के बाहर से ही करते हैं पार्षद गुलशन अब्बास ने बिजली कर्मचारियों पर लंबी-लंबी रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया। पार्षद गुलशन अब्बास ने स्थानीय लोगों द्वारा बिजली विभाग के लोगों के साथ मारपीट की घटना से इनकार करते हुए कहा की क्षेत्र में कैमरे लगे हुए इसकी जाँच की जा सकती हैं ऐसी कोई घटना नहीं हुई हैं।

# ट्रैक्टर से टकराई बाइक, सवार तीन लोगों में दो की हुई मौत

### खीरी थाना क्षेत्र के देवीबांध गांव में शुक्रवार को देर रात हुआ था हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव । खीरी थाना क्षेत्र के देवी बांध गांव में शुक्रवार को देर रात 11:30 बजे के करीब ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर हो जाने से एक ही बाइक पर सवार तीन लोगों में दो की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक राजेंद्र निषाद पुत्र रामभिलाष (40) निवासी सिपौवा थाना कोरांव अपने साथी राम प्रसाद व गामा आदिवासी पुत्र लल्लू (62) निवासीगण भगेसर थाना कोरांव के साथ बाइक से नारीबारी कहीं अपनी बेटी के घर गया हुआ था। वहां से रात 11:30 बजे के करीब तीनों एक साथ एक ही बाइक से घर लौट रहे थे की देवी बांध गांव में बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर हो जाने से बाइक सवार राजेंद्र निवासी सिपौवा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गामा व राम प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक राजेंद्र की पत्नी अनीता व अन्य पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक के एक पुत्र अरुण व पुत्री रिंकी का भी रो-रो कर बुरा हाल था। रिंकी की अभी कुछ दिन पहले ही शादी हुई है। इसी तरह गामा आदिवासी पुत्र लल्लू भी एसआरएन अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों मृतकों का शव शनिवार को शाम 5 बजे जब घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक गामा के चार बेटों में बुद्धिमान, राजकुमार, हरिलाल व शिवलाल हैं। सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। हादसे में घायल रामप्रसाद का अभी उपचार चल रहा है।

# महिला स्वरोजगार को लेकर जरूरी है सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण: राजमणि कोल

### विधायक ने सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी बालिकाओं को बांटे प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। महिला स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। सिलाई कढ़ाई का परीक्षण लेने के बाद बालिकाएं अथवा महिलाएं खुद सिलाई कर आय बढ़ाने का काम करेंगी। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने विधानसभा क्षेत्र के सिलौधी गांव में स्वयंसेवी उत्तरजीवी विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र बांटने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि स्वयं सेवी उत्तरजीवी विकास समिति मेरी ही प्रेरणा से बनाई गई थी। आज यह क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें स्वरोजगार मुहैया कराने की ओर अग्रषित है, और बालिकाओं को प्रशिक्षित करने का काम कर रही है। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों की सराहना की। सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण समापन समारोह को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख मेजा के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी बालिकाएं व उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता ने इंद्रा नहर में लगाई छलांग मौत, बचाने कूदा साथी पानी में लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । चिनहट में देर रात में उस समय खलबली मच गई जब राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रा नहर में दो लोगों कि कूदने की खबर आई। यह घटना न केवल स्तब्ध करने वाली है। यह दिल दहला देने वाली घटना एमिटी यूनिवर्सिटी के गेट नंबर 4 के पास स्थित आवास से जुड़ी है, जहाँ मूल रूप से मऊ जनपद के रहने वाले अधिवक्ता अनुपम त्रिपाठी रहते थे।

बताया जा रहा है कि वह पेशे से वकील हैं, लगभग 37 वर्ष के, विवाहित हैं और दो बच्चों के पिता भी हैं। देर रात घर में किसी बात को लेकर बड़ा विवाद हुआ, जिसके बाद कुछ ही दूरी पर निकली इंद्रा नहर में जाकर छलांग लगा दी। इंदिरा नहर में कूदे अधिवक्ता को बचाने के लिए अनुपम त्रिपाठी के साथ रहने वाला उनका करीब 20 वर्षीय रिश्तेदार शिवम उपाध्याय उन्हें बचाने के लिए खुद भी उसी नहर में कूद गया। यह घटना रात करीब 11:45 बजे की है, जब एक अन्य व्यक्ति अभिषेक सिंह ने पुलिस को फोन कर सूचित किया कि एक व्यक्ति नहर में कूद गया है और उसका रिश्तेदार भी उसे बचाने के प्रयास में नहर में कूद गया।सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस मौके पर पहुँची और साथ में एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) और गोताखोरों की टीम भी रवाना की गई। पूरी रात तलाश चलती रही, दोपहर करीब दो बजे चिनहट पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने एक युवक को खोज निकाला।

# क्लासिक मांटेसरी हाईस्कूल से बोर्ड परीक्षा में सभी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के चौधराना स्थित क्लासिक मांटेसरी हाईस्कूल में इस साल हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सफल छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। क्लासिक मोंटेसरी हाईस्कूल से कुल 87 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया और शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में उच्चतम अंक लाकर वैश्रवी कन्नौजिया ने 89.33% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने गणित विषय में 98 अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं दीपाली कन्नौजिया ने 82.33%, इस्मा मुज़फ्फर अली ने 81.83% (अंग्रेजी में 98 अंक), रौशनी कन्नौजिया ने 81.16%, तैबा कुरैशी ने 78.16% और सादिया सगीर ने 78.5% अंक प्राप्त किए। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक फ़ैसल ख़ान ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शाइस्ता फ़ज़ील सहित अध्यापक विजय कुमार सैनी, श्रीकृष्ण रावत, लुबना सरफ़राज़, नमरा खान, हदा खान एवं जीनत अख्तर सहित अन्य शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

# अमेरिका के दबाव और पीओके की वापसी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आप का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अमेरिका के दबाव में युद्ध विराम और पीओके को वापस लेने का मौका गंवा देने को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया।

शनिवार को राजधानी लखनऊ निशातगंज में प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ता अपने अपने घरों से निकले लेकिन मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के इशारे पर बिना कारण बताए जिला अध्यक्ष लखनऊ इरम रिजवी को हाउस अरेस्ट कर लिया गया साथ ही कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से पहले ही जबरन रोक लिया । प्रदर्शन को विफल करने के लिए पुलिस ने तमाम कोशिश की इसके बाबजूद कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया, प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आप यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने जिला अध्यक्ष इरम रिजवी हाउस अरेस्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि आप लखनऊ की ज़िला अध्यक्ष इरम रिज़वी के हाथ में पोस्टर है। भारतीय सेना ज़िंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद, वापस लो, लेकिन वाह रे बहादुर ठ्ध पुलिस जो हत्यारों को नहीं पकड़ पाती वो भारी संख्या में एक महिला नेता को पकड़ने पहुँच गई, उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा क्या ये पुलिसवाले आपकी इजाज़त से एक महिला के घर में घुसकर बैठे हैं। वहीं, प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल ने मोदी सरकार से जवाब मांगा कि पहलगाम में हमारी बहन बेटियों के सिंदूर उजाड़ने वाले खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट कब उतारा जाएगा?भारतीय सेना के साहस,पराक्रम और वीरता को नमन करते हैं भारतीय सेना पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर रही थी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के दबाव में सेना को आदेश देकर युद्ध विराम करा दिया और पीओके को वापस लेने का मौका भी गवां दिया मोदी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से पूरा देश स्तब्ध और दुखी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता लगातार भारतीय सेना का अपमान कर रही है और मोदी चुप है उन्होंने मांग की है कि पराक्रमी भारतीय सेना का अपमान करने वाले भाजपा नेताओं को गिरफ्तार का देशद्रोह का मुकद्दमा चलाया जाए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिनेश सिंह पटेल, अधिवक्ता विंग के प्रदेश अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, तिरंगा शाखा प्रमुख जनक प्रसाद, रानी कुमारी, ज्ञान सिंह कुशवाह, बलराम साहनी, संजय मौर्या, धीरज शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्लॉट खरीदने के सात वर्ष बाद भी नहीं मिला कब्जा, न्याय की आस में भटक रहे पीड़ित

मोहनलालगंज, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज कस्बे में स्थित कान्हा उपवन वैली प्लॉटिंग साइड में एक आवासीय प्लॉट को लेकर गंभीर प्रकरण सामने आया है, जिसमें रायबरेली जिले के रहने वाले दो भाइयों ने पूरी वैधानिक प्रक्रिया के तहत ज़मीन खरीदी, लेकिन आज तक उन्हें उस पर कब्जा नहीं मिल पाया है। मिली जानकारी के अनुसारसेंहगो पश्चिम गाँव, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली निवासी दुष्यन्त कुमार व राहुल कुमार वर्मा पुत्रगण श्री राम सेवक ने चौदह सितंबर 2018 को मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित गाटा संख्या 859/0.750 से प्लॉट संख्या बी-186, कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट का आवासीय भूमि खरीदी थी।

यह भूमि एच.के. इन्फ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बेची गई थी, जिसका कार्यालय 1/44, रश्मि खंड, अपोजिट एल्डिको कॉम्प्लेक्स, बंगला बाजार, रायबरेली रोड, लखनऊ स्थित है।इस सौदे पर एच.के. इन्फ्राविजन प्रा. लि. की ओर से अधिकृत प्रमोद कुमार उपाध्याय पुत्र श्री हरिद्वार उपाध्याय, निवासी 11 बी/25, आवास विकास, वृंदावन योजना-3, सेक्टर 11 बी, लखनऊ ने हस्ताक्षर किए थे। सौदा तय होने के बाद स्टाम्प पेपर पर वैध रजिस्ट्री करवाई गई और खरीदारों ने अपनी ओर से सभी भुगतान भी कर दिए।

# गोसाईंगंज के रकीब खेड़ा में सजी सपा की पीडीए पंचायत

**सपा नेताओं ने दिया बदलाव और एकता का संदेश**

**भाजपा पर बरसे पूर्व विधायक पुष्कर, बोले- अब जनता तैयार है परिवर्तन के लिए**





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। शनिवार को मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोसाईगंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रकीब खेड़ा में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत की अध्यक्षता मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की, जबकि आयोजन की कमान राष्ट्रीय सचिव बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी संतोष रावत और अभिषेक रावत ने संभाली। इस विशेष आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सपा सांसद आर. के. चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर दोनों नेताओं का कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

**सपा सांसद आर. के. चौधरी ने दिया एकता और संविधान बचाने का संदेश**

सभा को संबोधित करते हुए सांसद आर. के. चौधरी ने कहा, ''अगर हम समाजवादी विचारधारा के साथ एकजुट रहें, तो कोई ताकत हमें रोक नहीं सकती। यही विचारधारा संविधान की सुरक्षा और जनता के हितों की सच्ची गारंटी है।'' उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की अपील की।

**पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर का भाजपा पर तीखा प्रहार**

पूर्व विधायक पुष्कर ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ''भाजपा ने युवाओं, किसानों, मजदूरों और गरीबों को केवल छलने का काम किया है। हर चुनाव में यह पार्टी जनता को असली मुद्दों से भटकाकर धर्म और जाति के नाम पर बांटने की राजनीति करती है।'' उन्होंने आह्वान किया कि ''अब समय आ गया है जब पीडीए और समाजवादी ताकतें एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से बाहर करें और जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास का हक दिलाएं।

**कार्यकर्ताओं में दिखा जोश, लिया बदलाव का संकल्प**

पंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा की तैयारियों को मजबूत संकेत दिया। उपस्थित लोगों ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों की निंदा करते हुए समाजवादी पार्टी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में जनता से अपील की गई कि वे जागरूक होकर वोट करें और सामाजिक न्याय, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए समाजवादी पार्टी को समर्थन दें।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रधान, राम समूझ रावत, जगरूप सिंह यादव, सर्वेश कुमार रावत, राम सूचित यादव, राधे श्याम यादव, जय सिंह यादव, सुरेंद्र यदुवंशी, अनीद अहमद, योगेश रावत, मोहम्मद इब्राहिम, दिनेश यादव, लतीफ फारुकी, अर्चना रावत, हरिशंकर रावत, बद्री रावत, भोला रावत, विनीता रावत, अवध राम रावत, रंजना रावत, डॉ. राम संजीवन, डॉ. राजेंद्र रावत सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राजस्व शिकायतों का अंबार, समाधान दिवस में अवैध कब्जों की शिकायतें



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज । लखनऊ, तहसील मोहनलालगंज में शुक्रवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर राजस्व से जुड़ी शिकायतों का बोलबाला रहा। कुल 168 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 83 अकेले राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इनमें भी अवैध कब्जों की शिकायतें सर्वाधिक रहीं, जिनको लेकर बड़ी संख्या में फरियादी मौके पर पहुंचे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम राकेश सिंह और एसडीएम अंकित शुक्ला ने की। इस मौके पर तहसीलदार रामेश्वर प्रसाद और एसीपी रजनीश वर्मा सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही 22 शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि 146 मामलों को जांच में रखा गया है।तहसील समाधान दिवस में इस बार कुल 168 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग से 83, पुलिस विभाग से 19, विकास से 13 और अन्य श्रेणी में 48 शिकायतें आईं। जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण से जुड़ी शिकायतें नाममात्र ही रहीं।हालांकि, पिछली बार की तुलना में इस बार समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या थोड़ी कम रही, लेकिन अवैध कब्जों और भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतों की तादाद ने फिर यह जाहिर कर दिया कि राजस्व मामलों का समाधान अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# 5 करोड़ रूपये से देश का सबसे बड़ा रोज गार्डेन होगा विकसित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। जनेश्वर मिश्र पार्क में ऐस्ट्रोनॉमिकल पवेलियन बनेगा जहां से लोग खगोलीय नजारों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके अलावा 10 करोड़ रूपये की लागत से मिनी स्टेडियम व 5 करोड़ रूपये से देश का सबसे बड़ा रोज गार्डे न विकसित किया जाएगा। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पी. गुरूप्रसाद की अध्यक्षता में हुयी जनेश्वर मिश्र पार्क समिति की बोर्ड बैठक में ऐसी कई परियोजनाओं को मंजूरी मिली है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में 10 करोड़ रूपये की लागत से लगभग 20 एकड़ क्षेत्रफल में मिनी स्टेडियम विकसित किया जाएगा, जिसके लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। इसमें मिनी क्रिकेट स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, फुटबॉल, स्केटिंग रिंक आदि विकसित किये जाएंगे। पीपीपी मोड पर विकसित व संचालित होने वाले इस प्रोजेक्ट से पार्क समिति को प्रतिवर्ष 35 लाख रूपये की न्यूनतम आय होगी। इसी तरह गेट नंबर-6 के पास 435 मीटर लंबाई में सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक बनाया जा रहा जिसमें 1.62 करोड़ रूपये का खर्च आएगा। वहीं 1.67 करोड़ रूपये की लागत से चिल्ड्रेन प्ले एरिया में रबर पैड का कार्य कराया जाएगा। साथ ही गेट नंबर-4 से 6 के बीच साउंड सिस्टम की आपूर्ति व स्थापना का काम कराया जाना है, जिसके लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

**टेलीस्कोप से देखिये खगोलीय नजारे**

जनेश्वर मिश्र पार्क स्थित एम्फीथियेटर एरिया में ऐस्ट्रोनॉमिकल ऑबजरवेटरी पवेलियन विकसित किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि इसके लिए काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर डिजाइन व प्रारूप तैयार किया जा रहा है। यहां एक एलिवेटेड प्लेटफार्म बनाया जाएगा जोकि टेन्साइल स्ट्रक्चर से कवर्ड होगा। इसमें अत्याधुनिक टेलीस्कोप लगाये जाएंगे, जिसके माध्यम से बच्चों समेत हर वर्ग के लोग खगोलीय नजारों का लुत्फ उठा सकेंगे। यहां एक मिनी म्यूजियम भी बनाया जाएगा जिसमें पुराने टेलीस्कोप व खगोलीय विषय सम्बंधी वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। इस परियोजना में लगभग 2 करोड़ रूपये का खर्च आएगा, जिसके लिए आरएफपी तैयार की जा रही है।

**देश का सबसे बड़ा रोज गार्डे न बनेगा**

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में वॉटर बॉडी के किनारे रोज गार्डे न विकसित किया गया है। अब इसके ले-आउट को प्लान करते हुए रोज गार्डे न का विस्तार किया जाएगा। यहां गुलाब की 2369 प्रजातियों के पौधे लगाये जाएंगे, जिससे यह देश का सबसे बड़ा रोज गार्डे न बनेगा। इसके लिए पार्क समिति ने 5 करोड़ रूपये की धनराशि से औद्यानिकीकरण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा पार्क में जल्द ही एडवेन्चर स्पोर्ट्स शुरू किया जाएगा, जिसके लिए आरएफपी के माध्यम से सेवा प्रदाता एजेंसी का चयन कर लिया गया है। इसके अंतर्गत जिप लाइन, मिरर मेज, हाई रोप साईकिलिंग, शूटिंग रेंज आदि गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# बीकेटी के आरएसएम हॉस्पिटल को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बीकेटी,लखनऊ । बीकेटी साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल एनक्यूएएस( राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक )के मानकों पर खरा उतरा है।हॉस्पिटल को एनक्यूएएस के लिए उपयुक्त पाया गया और शनिवार को प्रमाण पत्र के लिए चुना गया है।इसके तहत तीन साल तक प्रत्येक बेड के हिसाब से हॉस्पिटल को हर वर्ष 10 हजार रुपए मिलेंगे।ताकि मरीजों को और गुणवत्तापरक इलाज मुहैया कराया जा सके।वही हॉस्पिटल की ओपीडी में प्रतिदिन1200 से अधिक मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं।चौबीस घण्टे इमरजेंसी सेवाओं का संचालन हो रहा है।बीते 3 मई को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट वार्ड बनाया गया है। जिसमें एमएनसीयूबी लखनऊ का पहला और प्रदेश का सबसे बड़ी यूनिट है व ''स्पोक और हब'' मॉडल पर पैथोलॉजी लैब का लोकार्पण किया गया।लैब को लखनऊ की आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ा गया है।

पैथोलोजी और ब्लड स्टोरेज यूनिट 24 घंटे संचालित हो रही हैद्यसीएमएस डॉ.वीके शर्मा ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र के लिए हॉस्पिटल का चुना जाना बेहद खुशी की बात है।हॉस्पिटल के डॉक्टर व कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई।इससे डॉक्टर व कर्मचारियों को और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलती है।चिकित्सालय के एनक्यूएएस टीम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुमित महाजन,वरिष्ठ चिकित्सक डॉ यूएस लाल,डॉ एस के सिंह,डॉ गिरीश पांडे, हॉस्पिटल मैनेजर डॉ अभिषेक सिंह ,चीफ फार्मेसिस्ट राजेश झा,वरिष्ठ सहायक अरविंद श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक,नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारी शामिल रहे द्य

उन्होंने बताया कि एनक्यूएएस से हॉस्पिटल को और बेहतर करने में मदद मिलेगी।प्रत्येक बेड के हिसाब से 10 हजार रुपए प्रत्येक वर्ष मिलेंगे।यह क्रम तीन साल तक चलेगा।इसकी 75 प्रतिशत धनराशि अस्पताल को बेहतर बनाने पर खर्च की जा सकेगी जबकि 25 फीसदी प्रोत्साहन धनराशि कर्मचारियों में वितरित की जाएगी।

# आधा दर्जन दबंगों ने किसान को पीटा मुकदमा दर्ज

सरोजनीनगर । इलाके में शुक्रवार की रात आधा दर्जन दबंगों ने एक किसान को जमकर पीटा जिससे उसका सिर फट गया और उसकी सोने की चेन भी टूट कर गिर गई। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिर्पोट दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरु की है। क्षेत्र के रहीमाबाद निवासी किसान उदय भान ( 48 ) का आरोप है कि बीते शुक्रवार को वह रात करीब 10 बजे अपनी आम की बाग देखने गए थे तभी अपनी बाग में पहले से मौजूद गाँव के रहने वाले कुलदीप यादव, राजेंन्द्र यादव, तुषार यादव, सुनील यादव, जगरूप यादव व संदीप यादव ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी। पीड़ित का कहना है कि इन सभी आरोपियों ने उसका मोबाइल छीन कर फेंक दिया तथा घटना स्थल पर सोने की चेन भी टूट कर गिर गई। वारदात में पीड़ित उदय भान का सिर फटने के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर सरोजिनी नगर पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज करने के साथ अपनी कार्रवाई शुरू की है।

# विद्यालय डीपीएस एकेडमी इटौंजा में मनाया गया अभ्युदय मदर्स डे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ । शनिवार को विद्यालय डीपीएस एकेडमी इटौंजा लखनऊ में अभ्युदय मदर्स डे मनाया गया,इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राएं अपनी मां के साथ विद्यालय में उपस्थित हुए,कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में नन्हे मुन्ने बच्चों ने संगीत डांस व डांस ड्रामा कर सभी का मन मोह लिया साथ ही बेस्ट मदर अवार्ड भी प्रदान किए गए,जिसके लिए म्यूजिकल चेयर व बैलेंसिंग गेम जैसी विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित की गई म्यूजिकल चेयर में बेस्ट मदर का अवार्ड कक्षा 7 के छात्र अयांश तिवारी की माता आकांक्षा तिवारी व द्वितीय अवार्ड कक्षा एलकेजी की छात्रा मिश्का पांडे की माता कंचन पांडे के नाम हुआ,साथ ही बैलेंसिंग गेम में वैष्णवी चौरसिया की माता हेमलता चौरसिया व रुद्र की माता सुमन यादव के नाम दर्ज हुआ कार्यक्रम के संबोधन में विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह ने कहा माता एक ऐसा रूप है जिसके बारे में जितना कुछ कहा जाए शब्द उतने ही कम है ईश्वर ने स्वयं माता के रूप में हमे अपना एक अवतार दिया है,जो सदैव हमारे साथ रहता है बचपन से लेके जब तक वह सक्षम है,अपने बच्चों के लिए 24 घंटे उनके भविष्य हेतु प्रयत्नशील रहती है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मीता चक्रवर्ती विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह के साथ समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

## निगोहां बाजार में सड़क पार कर रही छात्रा को बेकाबू बाइक ने मारी टक्कर, पैर टूटा

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां थाना क्षेत्र के निगोहां बाजार में शनिवार को सड़क पार कर रही 12 वर्षीय बालिका को एक बेकाबू बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका दाहिना पैर टूट गया। घटना के संबंध में बालिका के मामा श्री सरवन पुत्र रामशंकर, निवासी निगोहां पुरानी बाजार थाना निगोहां ने थाने में तहरीर दी। तहरीर के अनुसार, बालिका स्कूल से लौटने के बाद अपने घर जा रही थी। जैसे ही वह निगोहां बाजार में सड़क पार कर रही थी तभी रायबरेली की ओर से लखनऊ जा रही एक तेज रफ्तार टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची सड़क जा गिरी और उसका दाहिना पैर टूट गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में परिजनों को सूचना दी और घायल बच्ची को अस्पताल पहुंचाया।मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक सवार के खिलाफ वादी की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपी चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## दूसरी पत्नी से संबंधों का विरोध करना पड़ा महंगा, महिला के साथ मारपीट

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के रसूलपुर समेसी की रहने वाली एक महिला ने अपने पति और उसकी कथित प्रेमिका के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाये है । पीड़िता ने थाना नगराम में दी गई तहरीर में बताया कि बीते 16 मई की रात लगभग 9:30 बजे उसने अपने पति से दूसरी महिला से अवैध संबंधों को लेकर सवाल किया, जिस पर पति नाराज हो गया।महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उसके पति नीरज, उसकी मां और उसकी कथित प्रेमिका चांदनी पुत्री अज्ञात ने मिलकर उसे गंदी-गंदी गालियां दीं और मारपीट की। महिला का कहना है कि उसका गला दबाया गया और उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा गया, जिससे उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं और सिर फट गया।पीड़िता का आरोप है कि नीरज के चांदनी से अवैध संबंध हैं और जब उसने इसका विरोध किया, तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घायल महिला ने थाना नगराम में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सुरक्षा की मांग की है।पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है और जांच जारी है।

## हाईस्कूल परीक्षा में फ़ेल होने पर छात्र हुआ घर से गायब

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में बीती 13 तारीख को निकले परिणाम में असफल होने पर पिता की डांट से नाराज एक छात्र घर छोड़ कर कहीं चला गया। शनिवार को पिता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने लापता छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर उस की तलाश शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के गिन्दन खेड़ा निवासी रंजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र शिवान्सु सिंह ( 15 ) विष्णु पुरी कालोनी स्थित एक निजी विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड की 10 वीं कक्षा का छात्र था। बीती 13 मई को जब परीक्षा परिणाम आया तो वह दो विषय मे फ़ेल हो गया। रंजीत का कहना है जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने शाम को बेटे से कहा कि पढ़ाई नही करोगे तो फिर क्या करोगे। इसी के बाद 14 मई की सुबह करीब 10:30 बजे वह अपनी माँ रेखा सिंह का मोबाईल लेकर घर से कहीं चला गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नही चला और जब मोबाईल पर कॉल की घंटी गई, लेकिन रिसीव नही हुआ तो मन आशंकित है। फिलहाल पुलिस बच्चे की गुमशुदगी दर्ज करने के साथ खोजबीन कर रही है।

## मजदूरी मांगने पर हेल्पर की पिटाई

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में एक हेल्पर ने स्पेयर पार्टस व गाड़ी रिपेयरिंग के दुकान मालिक, उसके भाई व एक साथी पर मजदूरी का पैसा माँगने पर मारपीट व कई घंटे तक बंधक बनाने का आरोप लगाया है । इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिर्पोट दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा स्थित राम विहार कालोनी निवासी विनीत कुमार पुत्र राम स्वरूप पेशे से हेल्पर है। विनीत के मुताबिक बीते शुक्रवार को टीपी नगर के पार्किंग नं0 3 के पास स्पेयर पार्टस व गाड़ी रिपेयरिंग की दुकान चलाने वाले महताब ने देर रात 11 बजे फोनकर उसे काम होने की बात कह कर अपनी दुकान पर बुलाया जहाँ उसने रात 2 बजे तक काम किया। सारा खत्म होने पर उसने घर वापस आते समय अपनी मजदूरी माँगी, लेकिन महताब ने कहा कि केवल 2 घंटे काम किया है अभी पैसा नही दूंगा। विनीत का आरोप है दुकान मालिक ने कहा कि ज्यादा बोलोगे तो बहुत मारेगें। इसी बीच महताब ने गाड़ी की बेल्ट से उसकी पीठ पर मारना शुरु कर दिया महताब का साथी सुफियान दुकान में रखा लोहे का राड उठा लाया और पैरों पर मारना शुरु कर दिया। तीनों आरोपियों ने उसे जमकर मारा पीटा तथा कहा कि पुलिस से शिकायत करोगे तो जान से मार देगें। इसके बाद इन सभी ने उसे दुकान के अन्दर बंद कर दिया तथा शनिवार सुबह 6 बजे छोड़ा। विनय का कहना है कि बेल्ट की मार से उसकी पीठ लाल हो गई तथा पैरों में भी गंभीर चोटे आई हैं। सरोजिनी नगर पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# चिकित्सक बनकर निर्धन मरीजों की सेवा करना है मेरा लक्ष्य : मिर्ज़ा सुहैब बेग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नगर पंचायत महोना के पूर्व चेयरमैन एन0इशरत के पुत्र मिर्ज़ा सुहैब बेग ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 94% से अधिक अंक प्राप्त कर जहां एक और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है,वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत महोना के गौरव को बढ़ाया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्ज़ा सुहैब बेग सीतापुर रोड़ स्थित लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अध्यनरत हैं जिन्होंने सीबीएसई हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा दी थी,हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में मिर्ज़ा सुहैब बेग ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है इन्होंने साइंस में 98 अंक हासिल किए हैं इनके पिता एन0 इशरत बेग एक राजनीतिक व्यक्ति हैं जो नगर पंचायत महोना के चेयरमैन भी रहे हैं माता शीबा बेगम एक शिक्षित ग्रहणी है।मिर्ज़ा सुहैब बेग का सपना नीट क्वालिफाइड कर चिकित्सक बनकर निर्धन मरीजों की सेवा करना है।सुहैब अपनी सफलता का क्रेडिट विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अपने परिवार के लोगों को देते हैं।ऐसे होनहार छात्र पर जहां एक और लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को गर्व है वहीं दूसरी और नगर पंचायत महोना के लोगों में खुशी इस बात की है कि मिर्ज़ा सुहैब ने अपने माता-पिता के साथ महोना के नाम को रोशन किया है।

# महोना में मां की याद में सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ । शनिवार को मां जय देवी इंटरप्राइजेज के सौजन्य से नगर पंचायत महोना के नहर के पास भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम व्यक्तियों के द्वारा और सड़क पर आने जाने वाले तमाम राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया,समाजेवी हरिओम बाजपेई,अतुल बाजपेई,अनुज बाजपेई के द्वारा अपनी माता जी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर अपने संस्थान पर भंडारे का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया वही भंडारा में प्रसाद वितरण करने वालों में पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने भंडारे में प्रसाद वितरण करते हुए कहा कि ऐसे पुण्य के काम समाज में हर इंसान को करना चाहिए जिससे तमाम गरीबों और जरूरतमंदों का भला हो सके।भंडारे में मौजूद प्रदेश महासचिव हासिम बेग (मन्नान),उबेद शेख, सरमत, इश्तियाक, मतलूब रजा, रामपाल, रामनरेश, सूरज यादव, दिनेश लाल, राम प्रसाद, भूपेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

# पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से हो निस्तारण : जिलाधिकारी



कैनविज टाइम्स संवाददात

सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में मा0 कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 97 शिकायतों में से 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 18 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सिधौली में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील बिसवां में प्राप्त 49 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सदर में प्राप्त 11 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा, एमएलसी पवन सिंह रहे मुख्य अतिथि




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में भारत की तीनों सेनाओं द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना और सेना के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। लखीमपुर शहर में निकाली गई इस भव्य यात्रा में राष्ट्रभक्ति और एकता का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला।

यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी पवन सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पूरे शहर में जोशपूर्ण माहौल निर्मित किया। यात्रा के मार्ग में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल पूरी तरह सतर्क रहा। प्रशासन ने यातायात एवं कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए थे। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य न केवल युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है, बल्कि सेना के पराक्रम के प्रति जनता के समर्थन को भी प्रकट करना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की सेना देश की शान है और पूरा देश उसके साथ खड़ा है।

## पत्रकारों की समस्याओं पर चिंतन के लिए 18 मई को राज्य सम्मेलन

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पत्रकारों की समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार- विमर्श तथा चिंतन के लिए बिसवां के स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा केन यूनियन हाल में आगामी 18 मई को राज्य सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की जिला इकाई सीतापुर के बैनर तले उक्त कार्यक्रम संपन्न होगा। दो चरणों में होने वाले इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हो रहा है। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, वित्तीय एवं प्रशासनिक विलम्ब समिति व एमएलसी पवन सिंह चौहान, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन सिन्हा, राष्ट्रीय महामंत्री बलविंदर सिंह जम्मू, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश त्रिवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रगुप्त श्रीवास्तव, प्रांतीय महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय के अलावा जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, समाजसेवी व भारतवर्ष के कई राज्यों से पत्रकार भाग ले रहें हैं।कार्यक्रम आयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने बताया कि प्रोग्राम के प्रथम चरण में राज्य सम्मेलन के अंतर्गत आए हुए अतिथियों का स्वागत,सम्मान एवं जिला अध्यक्ष सीतापुर द्वारा पत्रकारों से संबंधित प्रस्ताव के बाद शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न होगा। द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश राज्य समिति की कार्यकारिणी का गठन होगा। साथ ही पत्रकार साथियों के अलावा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजक सिराज अहमद ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाह्न करते हुए बड़ी संख्या में पत्रकारों से पहुंचने की अपील भी की है?।

## थाना फूलबेहड़ पुलिस ने वांछित वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद खीरी में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत फूलबेहड़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार, 17 मई 2025 को थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम ने एक वांछित वारंटी अभियुक्त सहाबुदीन पुत्र ईदी, निवासी गडरियन, थाना फूलबेहड़, जनपद खीरी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना फूलबेहड़ में केस संख्या 1688/14, अपराध संख्या 1349/8, धारा 504/506 भादवि के तहत मामला दर्ज था। अभियुक्त को विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में की गई।

# खीरी के सितारे बने मिसाल: बोर्ड परीक्षाओं में चमके होनहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सपनों को सलाम : 27 होनहार विद्यार्थियों को डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित**



लखीमपुर खीरी । लखीमपुर-खीरी का कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार आज केवल दीवारों और दीयों से नहीं, बल्कि सपनों, संघर्षों और सफलता की कहानियों से आलोकित हो उठा। हर चेहरा गर्व की चमक से दमक रहा था और हर आँखों में एक नई उड़ान का सपना सजीव था। यह कोई साधारण दिन नहीं था–यह था 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2025', जहाँ जनपद के सबसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी अथक मेहनत, उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा, एएसडीएम अमिता यादव ने उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर पर जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 27 विद्यार्थियों को माला और मैडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आप सभी केवल परीक्षा के विजेता नहीं, बल्कि भविष्य के राष्ट्र निर्माता हैं। आपकी यह सफलता आपके संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने मेधावियो के साथ उनके गुरुजन व अभिभावकों को बधाई दी। अपनी ऊर्जा के अनुरूप मेहनत करते हुए जिले और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। मेधावी बच्चों से अन्य बच्चे प्रेरणा लें। मन लगाकर पढ़ाई करें। कभी भी कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सीख देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम के सहारे कोई भी समाज मे मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। छात्र-छात्राओं को सीख दी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि छात्रों के चेहरों की चमक केवल सफलता की नहीं, बल्कि संघर्ष और संकल्प की कहानी भी कहती है। आपने साबित किया कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जैसे आपने किताबों से दोस्ती की, वैसे ही जीवन से भी सीखते रहिए, आगे बढ़ते रहिए और दूसरों के लिए प्रेरणा बनिए। आज आप सम्मानित हो रहे हैं, कल देश को दिशा देंगे। उन्होंने समय की पाबंदी को सफलता की कुंजी बताया और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।

**जनपद के होनहारों ने बोर्ड परीक्षाओं में लहराया सफलता का परचम, सम्मानित**

संस्कृत शिक्षा परिषद परीक्षाएं पूर्व मध्यमा और संस्कृत इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा का परचम लहराया। आदित्य शंकर, मोनिका और मुनेश कुमार शुक्ल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर पूर्व मध्यमा परीक्षा में चमक बिखेरी, वहीं इंटरमीडिएट स्तर पर विपिन तिवारी, शिव बहादुर और राहुल ने टॉप-3 में जगह बनाकर संस्कृत शिक्षा में जनपद की गौरवशाली पहचान को और सशक्त किया।

**यूपी बोर्ड परीक्षाः**

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल में अंजलि ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पीयूष तिवारी और दिव्यांश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंश कुमार और सृष्टि तिवारी ने तृतीय स्थान साझा कर सफलता की हैट्रिक पूरी की। इंटरमीडिएट में यशी रस्तोगी ने टॉप पर कब्जा जमाया, अमन वर्मा ने दूसरा और शिवा वर्मा ने तीसरा स्थान पाकर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा।

**सीबीएसई बोर्ड परीक्षाः**

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल परीक्षा में अनन्या यादव और सूर्यांश पटेल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचेतना ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि दक्ष डालमिया तृतीय स्थान पर रहे। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में अविरल वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अपर्णा सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं और शगुफ्ता हुसैन ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

**सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाः**

सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा में जनपद के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए। हाई स्कूल परीक्षा में नील नंदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मान्या अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि तेजस वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रियांशी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वैभवी द्वितीय स्थान पर रहीं और सोमिल अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला, खीरी। तहसील गोला सभागार में आज शनिवार को जिलाधिकारी खीरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक खीरी सहित जनपद, तहसील, विकासखंड और थाना स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष 60 शिकायतों के निस्तारण हेतु अधिकारियों को समुचित जांच-पड़ताल के निर्देश दिए गए हैं।

शिकायतों में सर्वाधिक 36 मामले राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित रहे, जिनमें से 12 का निस्तारण मौके पर ही किया गया। आठ मामलों को संयुक्त जांच हेतु संदर्भित किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम विकास विभाग की आठ, पुलिस विभाग की सात, विद्युत विभाग की चार, खाद्य एवं रसद विभाग की दो, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की दो, सहकारिता, लोक निर्माण, चीनी उत्पादन एवं गन्ना विकास, बेसिक शिक्षा तथा चकबंदी विभाग की एक-एक शिकायत प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को त्वरित और प्रभावी न हो।

# जल निगम के पूर्व अधिशासी अभियंता योगेंद्र नीरज का लखीमपुर आगमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जल निगम ग्रामीण के पूर्व जिला अधिशासी अभियंता योगेंद्र कुमार नीरज का शनिवार को अचानक जल भवन, लखीमपुर खीरी पहुंचना प्रशासनिक और ठेकेदारी हलकों में चर्चा का विषय बन गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वे निजी कंपनी अक्षिता कंस्ट्रक्शन के वाहन से जल भवन पहुंचे, जो पहले से ही विवादों में रही है।

मुख्य अभियंता (लखनऊ) आर.बी. राम के संरक्षण में पूर्व अभियंता नीरज ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की है, जिसमें जिले के सभी ठेकेदारों और अवर अभियंताओं (ख्व) से अक्षिता कंस्ट्रक्शन द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

गौरतलब है कि योगेंद्र कुमार नीरज स्वयं अक्षिता कंस्ट्रक्शन के मालिक हैं और यही कंपनी जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में कई ठेकेदारियाँ कर रही है। हितों के टकराव और पारदर्शिता को लेकर उठे सवालों के चलते ही उन्हें पूर्व में लखीमपुर खीरी से हटाया गया था।

पूर्व अभियंता का इस तरह बिना किसी सरकारी आदेश के दौरा और ठेकेदारों के साथ बैठक बुलाना न केवल नियमों पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक व्यवस्था की अनदेखी हो रही है।

पत्रकार साथियों से आग्रहः इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी मीडियाकर्मियों से निवेदन है कि रविवार को जल भवन, लखीमपुर खीरी पहुंचकर इस घटनाक्रम को नजदीक से कवर करें और योगेंद्र कुमार नीरज से उनके दौरे का कारण जानने का प्रयास करें। यह मामला आने वाले दिनों में जिले की ठेकेदारी व्यवस्था और जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों की पारदर्शिता पर बड़ा असर डाल सकता है।

# धौरहरा को मिली रोडवेज बस अड्डे की सौगात, अब बसें होंगी स्थायी रूप से तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी। सन1955 से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसें धौरहरा सेंजुड़ी रहीं, लेकिन अब तक इनके लिए कोई स्थायी ठिकाना नहीं था। अब यह इंतजार खत्म होने जा रहा है। कुछ माह के अंतराल के बाद धौरहरा-सिसैया हाईवे पर स्थित पक्का तालाब तिराहा पर रोडवेज बसों को स्थायी रूप से खड़ा करने की व्यवस्था हो रही है। आज़ादी के सात साल बाद नगर पंचायत के रूप में अस्तित्व में आई धौरहरा नगर को राज्य की राजधानी लखनऊ और ज़िले से जोड़ने के लिए वर्षों पूर्व परिवहन विभाग ने प्रयास किए, लेकिन बस अड्डा न होने से यह सेवा बार-बार ठप हो जाती थी। इसका फायदा टैक्सी माफियाओं ने उठाया और भारी भरकम किराए पर, जान जोखिम में डालकर लोगों को ढोने लगे। इन परिस्थितियों में कई सड़क हादसे भी हुए, जिनमें अनेक निर्दोष लोगों की जानें गईं।

स्थानीय जनता की वर्षों से चली आ रही मांग और परेशानी को गंभीरता से लेते हुए वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती की सरकार ने यहां के लिए रोडवेज बस सेवा बहाल की थी। लेकिन अब, धौरहरा नगर पंचायत के अध्यक्ष नफीस खान की अगुवाई में एक बड़ा कदम उठाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत में विस्तार के तहत मिली भूमि पर रोडवेज बसों के स्थायी ठिकाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। श्री खान ने बताया कि कार्य प्रगति पर है और 15 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित बस अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा। इस नई सुविधा से न केवल स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी, बल्कि टैक्सी माफियाओं के एकछत्र साम्राज्य पर भी लगाम लगेगी।

# अधिकारियों की लापरवाही से चरमरा गई पुराना सीतापुर की विद्युत व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। शहर के बढ़ी आबादी वाला क्षेत्र पुराना सीतापुर बीते एक हफ्ते से अघोषित बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। अंधाधुंध कटौती, लाइन फाल्ट, ट्रिपिंग की समस्या के चलते क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को जहां इस भीषण गर्मी में बिजली की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है वहीं दूसरी तरफ पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो गया है। रात होते ही बिजली की कटौती चालू हो जाती है एवं ट्रिपिंग की समस्या होने लगती है। कही पर केबिल जल रहे है तो वही कुछ ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की भी बात सामने आ रही। बृहस्पतिवार की रात को नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु के दुर्गापुरवा मोहल्ले में तार जलने के कारण बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी जो कि सुचारु रुप से 24 घण्टे के बाद चालू हुई। परंतु 24 घंटे बीत जाने के बाद दुर्गापुरवा निवासियों को कुछ पल के लिए बिजली मिली उसके बाद फिर कटौती होती रही। शुक्रवार की देर रात 2 बजे बिजली पूर्ण रुप से बंद हो गई थी। वही शुक्रवार रात करीब 8 बजे 33 केवी लाइन में गड़बड़ी आने के कारण पुराना सीतापुर की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई थी, 3 घण्टे बीत जाने के बाद भी विद्युत कर्मचारियों द्वारा पेट्रोल्लिंग करके भी ठीक करने में असमर्थ रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वहीं देर रात तक लाइट ना आने के कारण लोगों का जमावड़ा पुराना सीतापुर पावर हाउस में लगने लगा। जमावड़ा लगता देख एसएसओ उस्मान ने पावर हाउस पर पहुँचकर कंट्रोल रूम में डाला ताला। बढ़ती भीड़ को देखते हुए विद्युत विभाग ने पुलिस बल का लिया सहारा। विद्युत कर्मचारियों ने 112 नम्बर डायल करके पुलिस को बुलाया, वही पुलिस के अथक प्रयास के बाद स्थानीय लोग अपने-अपने घरों को गए वापस। वही रात करीब 12 बजे कुछ देर के लिए बिजली आई, और पूरी रात कटौती होती रही। पॉवर हॉउस में मौजूद उपभोक्ताओं ने बताया कि भीषण गर्मी के आरम्भ होते ही अघोषित बिजली कटौती होने लगती है। सरकारी अफसर लाइन में गड़बड़ी आने पर फील्ड में नहीं दिखते वही संविदा कर्मियों के सहारे पुराना सीतापुर की लाइन चलती है। समाजसेवी तनवीर आलम ने विद्युत विभाग के ऊपर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि पॉवर हॉउस का सीयूजी नम्बर बन्द आता है, बिजली की समस्या के लिए जेई अनिल सिंह को फोन मिलाया तो उनका नम्बर भी बंद था , इसके उपरांत एसडीओ हिमांशु पटेल का भी नम्बर रहा बन्द। साथ ही आरोप लगाते हुए कहा कि 2000-2000 के बकाया बिल वाले कनेक्शन को काट रहे है, अवैध वसूली का भी आरोप लगाया। जर्जर पड़े तार एवं जर्जर हो गए ट्रांसफॉर्मर के सहारे पुराना सीतापुर की बिजली चल रही है।

**अधिकारी सरकारी नम्बर को रखते है बंद, प्राइवेट नम्बर से रहते है विभाग के सम्पर्क में**

**विद्युत कर्मचारियों ने पॉवर हॉउस पर जड़ा ताला, स्टाफ पॉवर हॉउस के पीछे जाकर बैठा**

# कमिश्नर रोशन जैकब की मौजूदगी में संपन्न हुआ समाधान दिवस, उमड़ा फरियादियों का जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। तहसील महराजगंज का संपूर्ण समाधान कमिश्नर रोशन जैकब और डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 85 मामले दर्ज किए गए। आपको बता दें कि, कमिश्नर रोशन जैकब के समक्ष पहुंचे पत्रकारों ने जब अपना परिचय दिया तो रोशन जैकब गंभीर हो गई और पत्रकारों द्वारा बिजली विभाग के एक्सईएन ओ पी सिंह के खिलाफ करी गई शिकायत का त्वरित संज्ञान लेते हुए जैकब ने पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि, बिजली विभाग से काफी शिकायतें आई हैं, वह मामलों की जांच करवा कर एक्सईएन के खिलाफ कार्यवाही करेंगी।

इसके अलावा एक और मामला ग्राम बलई मऊ मजरे सुल्तानपुर का भी कमिश्नर रोशन जैकब के सामने आया मामले में शिकायतकर्ता सुशील कुमार संतलाल ग्राम प्रधान ने शिकायत करी है कि उनकी ग्राम सभा में डामर रोड 2008 में बनाई गई थी। जिसमें आज तक किसी भी प्रकार का कार्य




पीडब्ल्यूडी द्वारा नहीं कराया गया है। इसके अलावा ग्राम प्रधान संतलाल लोधी ग्राम सभा सुल्तानपुर ने एक और शिकायत करी है कि महराजगंज बछरावां मार्ग पर दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में पाली ग्राम सभा का भी एक मामला सामने आया है गांव निवासी जगदंबा सिंह ने कमिश्नर रोशन जैकब को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उनके गांव के पंचायत भवन के ऊपर गई हाई टेंशन विद्युत लाइन जो छत को छू रही है जिससे खतरा बना रहता है जिसे कटवाया जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए रोशन जैकब ने अधिशासी अभियंता ओ पी सिंह को फटकार लगाते हुए तत्काल प्रभाव से हटाने की बात कही। इसी क्रम में महराजगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कमिश्नर को अपनी मांग पत्र देते हुए कहा कि महराजगंज तहसील क्षेत्र के जो गांव चकबंदी क्षेत्र के हरचंद्पुर में दिए गए हैं उन गांवों के वादकारियों को हरचंदपुर आने-जाने में परेशानी होती है जिसको देखते हुए महराजगंज तहसील परिसर में चकबंदी कार्यालय खुलवाया जाए और अधिवक्ताओं को बैठने हेतु अधिवक्ता चैंबर तथा पुस्तकालय की व्यवस्था करवाई जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में नगर पंचायत महराजगंज के सभासद रामकुमार यादव की अगुवाई में सभासदों ने रोशन जैकब को शिकायती पत्र देते हुए मांग करी है कि विस्तारित नगर पंचायत एरिया में सुरक्षित जमीन को चिन्हित कर खाली करवाई जाए और सुरक्षित की जाए इन जमीनों पर भू माफियाओं ने नजरे गड़ा रखी हैं। इसके अलावा सभासद मुस्ताक रायनी ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि वारशी नगर महराजगंज में विद्युतीकरण करवाने की कृपा की जाए ताकि जनहानि न हो सके। इसके अलावा थुलेण्डी निवासी अली हसन पुत्र बफाती ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा है कि थुलेण्डी गांव में उनकी जमीन की हकबरारी का वाद 2 साल से महराजगंज तहसील न्यायालय में विचाराधीन है और अभी तक हकबरारी नहीं की गई है जिससे धान की फसल बोने में असमर्थ हूं उनकी हकबरारी का निस्तारण अविलंब कराया जाए।

वही कुबना गांव के रहने वाले सुखेंद्र सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उनके परिवार के ही पट्टीदार धर्मेंद्र सिंह ने गाटा संख्या 133 में जबरन कब्जा कर रखा है जबकि वे दोनों आधे आधे के हिस्सेदार हैं और गाटा संख्या 133 में उनका नाम दर्ज नहीं है जिसको अविलंब दर्ज कराया जाए। वही कुर्री गांव निवासी पवन सिंह ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि उनकी पुस्तैनी जमीन एवं खेत पर गांव के ही दबंग प्रतिपक्षी गणों द्वारा कब्जा कर लिया गया है कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं उन्हें उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया जाए।

आज महराजगंज के संपूर्ण समाधान दिवस में रोशन जैकब के सामने एक ऐसा भी मामला आया जहां एक दिव्यांग ट्राई साइकिल पर बैठकर उसके ही परिवार द्वारा उसकी भूमि कब्जा किए जाने की शिकायत करी है मामले को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर रोशन जैकब ने अधिकारियों से मामले का जल्द से जल्द निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही है। आज के संपूर्ण समाधान दिवस में कल 85 मामले पंजीकृत किए गए जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 46 पुलिस विभाग से संबंधित 13 विकास विभाग से संबंधित 10 एवं अन्य 16 मामले आए जिनमें 10 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य सभी मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग को भेज दिया गया है।

## परीक्षाओं में सफल बच्चों को भिक्षु ज्ञानेश्वर ने किया सम्मानित



### नैतिक और सांसारिक शिक्षा प्राप्त कर बने परोपकारीः एबी ज्ञानेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। लिन्ह सन बुद्धिस्ट इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर में कार्यक्रम आयोजित कर उप्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा और वार्षिक परीक्षा में सफल नर्सरी से 12 वीं तक छात्र - छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी देकर भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष एबी ज्ञानेश्वर ने सम्मानित किया।शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में धम्म पाठ करते हुए सभी छात्र - छात्राओं को आशीर्वाद दिया। भंते ज्ञानेश्वर ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने उपदेशों में बताया कि अप्प दीपो भव यानी की अपना प्रकाश खुद बनो। नैतिक और सांसारिक शिक्षा प्राप्त कर आप परोपकारी बनें और देश और समाज सुखी रहेगा। भिक्षु ज्ञानेश्वर ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया।

अतिथियों का स्वागत प्रबंधक दिनेश कुमार वर्मा, आभार प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह ने व्यक्त किए। संचालन देवेंद्र कुमार सिंह ने व्यक्त किए। इस दौरान रमेश, संजय, मैनेजर, अर्चना, दिलीप कुमार, अंकित, ऋतिक, सुमिता, डिम्पल, मंशा, अंशिका, पुष्पा, अपेक्षा आदि अध्यापक, अध्यापिका, अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

## कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। जिले में सिकंदरपुर सिरोसी विकासखंड में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अतुल सेठ निर्यातक एवं इफ्क्क्ह के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर श्री शुभम राय जी का आगमन हुआ। जिला कृषि अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम को संपन्न कराया गया निर्यातको के साथ कृषकों का संवाद कराया गया दोनों तरफ की समस्याओं को समझा गया और समाधान करने का प्रयास किया गया। श्री शुभम राय जी द्वारा विस्तार से आम एवं मूंगफली के उत्पाद को निर्यात करने की तकनीकी बताई गई। श्री अतुल सेठ, निर्यातक के द्वारा अन्य उत्पादों जैसे मोरिंगा, नीम एवं अन्य फसलों के उत्पाद पर भी जोर दिया गया । इस कार्यशाला से कृषकों मे यह उम्मीद है कि उनके उत्पाद भी देश-विदेश में धूम मचाएंगे।

## भारतीय सेना के सम्मान में गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क से निकाली गई तिरंगा यात्रा

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश सिंह, सालोन विधायक अशोक कोरी, बीजेपी जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी यात्रा में हुए शामिल, शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जनपद में भारतीय सेना के सम्मान में विशाल तिरंगा-शौर्य-यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने श्री गोविंद सिंह पार्क में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैनिकों के सम्मान की गौरव गाथा है। तिरंगा शौर्य यात्रा श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क से निकलकर शहीद चौक(डिग्री कॉलेज चौराहा), हाथी पार्क, अस्पताल चौराहा दीवानी न्यायालय, घंटाघर चौराहा, सुपर मार्केट, खालसा चौक होते हुए चंदापुर कोठी परिसर में स्थित श्री जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न हुई। जहां पर उद्यान मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भारतीय सैनिकों को शक्ति प्रदान करने के लिए पूजा अर्चना की। तिरंगा शौर्य यात्रा में सभी पंथ, वर्ग, दलों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस यात्रा में सलोन विधायक अशोक कुमार,भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, रामदेव फौजी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व सभासद तेज बहादुर भरती,सुरेंद्र सिंह दाढ़ी,तिरंगा यात्रा संयोजक शरद सिंह, नन्द किशोर तिवारी, पप्पू लोहिया, देवेन्द्र सिंह, जन्मेजय सिंह, अनुज मौर्य,अभिषेक वर्मा विवेक शुक्ला आशुतोष पांडेय, रेनू सिंह, अनीता श्रीवास्तव, वंदना कश्यप, प्राची शालू,आकांक्षा शुक्ला, सुधा अवस्थी, विधु सिंह,सरिता सिंह, अन्य लोग शामिल हुए।

## शिक्षा से ही होता है उन्नति और विकासः ओमप्रकाश जायसवाल



कुशीनगर। बुद्ध मार्ग स्थित लिंह सन इंटरमीडिएट कालेज के प्रांगण में क्रांति एजुकेशनल ट्रस्ट, अनिरुद्धवा द्वारा उप्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वर्ष 2025 की परीक्षा के टॉपरों को मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सामाजिक सेवी/ भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल ने बोर्ड परीक्षा के सफल मेधावियों को सम्मानित करते हुए कहा कि उचित और नैतिक शिक्षा से ही उन्नत होता है और बड़े लक्ष्य की प्राप्ति होती है। बच्चों ने कड़ी मेहनत और लगन से बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। सभी सफल बच्चों को उनके भविष्य की उज्जवल शुभकामना। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह, बुद्ध विद्या बिहार के प्रधानाचार्य/पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र - छात्राओं को बधाई दी। आभार प्रबंधक अजय यादव और अवधेश यादव ने दिया।

## सुदृढ़ीकरण कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच । अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय ने बताया कि आरडीएसएस योजनान्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, कैलाशपुरी की 33 के.वी. विद्युत लाइन के लम्बे स्पैन में इन्टरपोलिंग व सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाना है। जिस कारण विद्युत उपकेन्द्र कैलाशपुरी से पोषित फीडरों की विद्युत आपूर्ति 18 मई से 31 मई 2025 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक पूर्णरूपेण से बाधित रहेगी।

## जमीन कब्जे को लेकर दर दर भटक रहा पीड़ित



उन्नाव। जनपद अचलगंज निवासी सुभाष चंद्र ने अपने पैतृक मकान में पड़ोस के युवकों द्वारा जबरन कब्ज़ा करने का आरोप लगा कर और उसमें किसी प्रकार की कोई भी उचित सुनवाई न होने से आहत होकर डीएम को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। बता दे कि पीड़ित सुभाष ने बताया कि मेरे घर पर पड़ोस के ही अरुण, धर्मेन्द्र और राजकुमार और इनके साथ कुछ अज्ञात साथी मिलकर मेरे मकान पर जबरन कब्ज़ा कर रहे है। जिसको लेकर पीड़ित सुभाष चंद्र ने एसडीएम से इस मामले की शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीड़ित युवक ने बताया कि वह मकान उनका पैतृक है वह अपने दूसरे मकान में थोड़ी दूर पर ही रहता है, बताया कि मकान के बत्ती का बिल मेरे नाम से ही आता है और 1982 से ही मेरे परिवार का ही कब्ज़ा है और मेरा परिवार ही उसमें रह रहा है। जिसके बाद भी पड़ोस के कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्ज़ा किया जा रहा है, जिसमें कब्जे को लेकर मेरे द्वारा डायल 112 पर शिकायत भी की जा चुकी है। जिसमें पुलिस द्वारा दोनों पक्षों का शांति भंग में चलान किया गया था। पीड़ित युवक सुभाष ने डीएम ऑफिस पहुंच कर डीएम से इस पूरे मामले की जांच करा कर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

## बिना मान्यता के संचालित विद्यालय को बीईओ ने कराया बंद

### चंपा देवी सरस्वती विद्या मंदिर के 236 बच्चों का होगा नामांकन

### बीईओ बोले– अवैध विद्यालयों पर चलेगा सख्त अभियान पडरौना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। पडरौना ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान नादह स्थित चंपा देवी सरस्वती विद्या मंदिर में अनेक अनियमितताएं मिलने पर विद्यालय को तत्काल बंद करा दिया गया।बीईओ ने औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधक से मान्यता से संबंधित अभिलेख मांगे, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि विद्यालय को कोई मान्यता प्राप्त नहीं है। इसके बावजूद वहां नर्सरी से कक्षा दस तक की कक्षाएं



संचालित हो रही थीं और बच्चों को टीन शेड में बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। स्थिति को गंभीर मानते हुए बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने विद्यालय को तत्काल बंद कराने का निर्देश दिया और वहां नामांकित 236 बच्चों का नजदीकी परिषद विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र में संचालित सभी अमान्य विद्यालयों को चिन्हित कर बंद कराया जाएगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## ज्ञान की दुनिया से जोड़ने का माध्यम है टैबलेट : प्रधानाचार्य अशोक कुमार

### एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट, भठही खुर्द में 87 छात्राओं को मिला टैबलेट, छात्राओं के चेहरे खिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । फाजिलनगर विकास खण्ड के भठही खुर्द स्थित एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट में एएनएम तथा जीएनएम की 87 छात्राओं को शनिवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत टैबलेट वितरित किए गए। टैबलेट पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोणभद्र इंटर कॉलेज मटिहिनिया के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने कहा कि टैबलेट वितरण सरकार का बहुत ही सराहनीय पहल है। यह केवल एक डिवाइस नहीं, बल्कि छात्रों को ज्ञान की असीम दुनिया से जोड़ने का माध्यम है। इसके जरिये छात्र-छात्राएं दुनिया भर की जानकारियों से अवगत हो रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पा




रहे हैं और रोजगार के नए अवसरों की तलाश कर पा रहे हैं। यह कदम निश्चित रूप से छात्रों के भविष्य को नई दिशा देगा।एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य मो0 कलीम अली ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान कर रही है। उन्होंने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और छात्राओं को इसका सदुपयोग करने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान सरस्वती वंदना सायमा ने प्रस्तुत की, जबकि स्वागत गीत अर्चना कुमारी, मोनिका राय और फिरदौस जहां ने गाया।इस अवसर पर संस्थान के उप-प्रधानाचार्य मनफूल निषाद, मनोज यादव, धर्मसिंह माली, अनिता सिंह, पूनम चौरसिया, ज्योति चौधरी, आँचल मौर्या, अर्चना शर्मा, रुक्सार परवीन, समां परवीन, पंकज कुमार शर्मा, रमेश पटेल, हरेन्द्र यादव, रिंकू कुमारी समेत समस्त नर्सिंग छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त ने कम्पोजिट विद्यालय पाराकलाँ में एमडीएम शेड का किया उद्घाटन

### मंडलायुक्त ने विद्यालय में बच्चों को वितरित किया पठन–पाठन सामग्री मंडलायुक्त ने महाराजगंज स्थित कंपोजिट विद्यालय पाराकलाँ में मनरेगा द्वारा निर्मित एमडीएम शेड का उद्घाटन भी किया।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। मंडलायुक्त लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने वि.ख.महाराजगंज स्थित कंपोजिट विद्यालय पाराकलाँ में मनरेगा द्वारा निर्मित एमडीएम शेड का उद्घाटन किया। इस शेड के बन जाने से विद्यालय के बच्चों को साफ सुथरा और व्यवस्थित मिड डे मील प्राप्त हो सकेगा, साथ ही विद्यालय की गुणवत्ता में सुधार होगा।प्राइमरी स्कूल में मिड डे मील किचन शेड का निर्माण होने से पर्याप्त भंडारण, तैयारी और खाना पकाने के क्षेत्र और एकीकृत वाश सुविधाओं के साथ मॉडल एमडीएम किचन शेड छात्रों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित कराएगा।

मंडलायुक्त लखनऊ ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पठन-पाठन सामग्री भी वितरित की। जिसमें पेंसिल बॉक्स, शिक्षा पर प्रेरक कहानी की पुस्तके, चार्ट आदि शामिल है। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लास की सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, डीसी मनरेगा रवि शंकर पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, ग्राम प्रधान गीता सहित विद्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।इंसेट - मंडलायुक्त ने ग्राम पंचायत पोखरनी में स्थित अमृत सरोवर का किया अवलोकन मंडलायुक्त, लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने ग्राम पंचायत पोखरनी में नवनिर्मित अमृतसर सरोवर का अवलोकन भी किया।

उन्होंने यहां पर कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए निर्देश दिया कि मानसून आने से पहले ही सरोवर में जलभराव कर लिया जाए। उन्होंने अमृत सरोवर परिसर में जिलाधिकारी के साथ वृक्षारोपण भी किया।

# मुखबिर तंत्र का मंत्र भूल गई गोण्डा पुलिस

**यही वजह है कि जिले में हुई कई बड़ी वारदातों का आज भी खुलासा नहीं हो सका है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। आए दिन पुलिस की ओर से जारी होने वाले प्रेस नोट में कहानी तो बार-बार यही दोहराई जा ती है कि मुखबिर की सूचना पर शराब, असलहा, का रतूस के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। पुलिस भले ही इन गिरफ्तारियों के पीछे मुखबिर की मदद की बात करती हो, लेकि न हकीकत यही है कि आधुनिकता के इस दौर में गोण्डा पुलिस मुखबिर तंत्र का मंत्र ही भूल चुकी है यही वजह है कि जिले में हुई कई बड़ी वारदातों का आज भी खुलासा नहीं हो सका है। बदलते दौर में पुलिसिंग के तौर तरीके तो बदलते चले गए,ले किन इसी के साथ पुलिस महकमे की सबसे मजबू त कड़ी माने जाने वाले भरोसेमंद मुखबिरों का साथ छूटता चला गया। आधुनिकता के दौर में भले ही खाकी हाईटेक संसाधनों से लैस हो गई हो,पर बे सि क पुलिसिंग से दूर होती गई। मुखबिरों की मदद नहीं मिलने से न तो बड़ी घटनाओं का पुलिस खु लासा कर पा रही है और न ही अपराधी पकड़ में आ रहे हैं।पुलिस के अफसर भी दबी जुबान ये बात स्वीकार करते हैं, लेकिन मौजूदा दौर में अब पुरा ने दौर को लाना मुमकिन नहीं है।जिले में पिछले कई सालों के भीतर कई जघन्य वारदातें हों या फि र हाल में हुई घटनाएं,हर मामलों में पुलिस का नेट वर्क कमजोर ही रहा है।इसी वजह से घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका।

### गोण्डा में प्रेस नोट तक सिमट गए मुखबिर

गोण्डा पुलिस हर छोटे-बड़े मामले के खुलासे में जारी प्रेस नोट में यही जिक्र करती है कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई,लेकिन ऐसा होता नहीं है।सच तो यही है कि पुलिस को हाईटेक संसा धनों के नाम पर मिले सर्विलांस की मदद से ही घट नाओं का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार क रती है।ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मुख बिर प्रेस नोट तक ही सिमट गए हैं।

### पुलिस से किनारा करते चले गए मुखबिर

पुलिस सूत्रों की माने तो शुरुआती दौर में मुखबिर ही पुलिस की मजबूत कड़ी थे।कोई घटना होने पर मुखबिरों को फैला दिया जाता था।मुखबिर पूरी जा नकारी देते थे। इसके बाद पुलिस अपने हिसाब से काम करती थी और कामयाबी भी मिलती थी, ले किन धीरे-धीरे पुलिस ने मुखबिरों के साथ ही खेल शुरू कर दिया।कई बड़ी घटनाएं होने पर जब कोई क्लू नहीं मिलता था तो पुलिस मुखबिरों को ही उ स मामले में लपेट देती थी।कई मुखबिरों को पुलि स ने अपराधी बताकर एनकाउंटर में मार दिया। इसके कई मामले भी सामने आए।इन्हीं वजहों से मुखबिरों ने पुलिस से दूरियां बना ली और एक सम य ऐसा आ चुका है अब मुखबिर बचे ही नहीं हैं।

### जान जोखिम में डालकर करते थे मुखबिरी

जिले में कई ऐसे लोग हैं,जो कभी पुलिस के लिए मुखबिरी करते थे,लेकिन अब दूरी बना ली है।नाम न छापने की शर्त कई मुखबिरों ने बताई कि वह पु लिस के लिए जान जोखिम में डालकर काम करते थे,लेकिन पुलिस ने भरोसा ही खो दिया।मुखबिरी करने पर कई बार क्षेत्र में दुश्मनी भी हो जाती थी। पुलिस से दूरी बनाने की कोशिश की जाती तो फ र्जी मामलों में जेल तक भेज दिया जाता था।पुलि स के जानकारों की माने तो मुखबिरों को कई नाम से जाना जाता था।मुखबिर,सूत्र,खबरी से लेकर सो र्स का नाम भी दिया जाता था।आज बीस साल प हले पुलिस कोई भी वारदात पर मुखबिरों पर ही निर्भर थी।वजह, तब सर्विलांस जैसे हाईटेक संसा धन नहीं थे।लेकिन इसके बाद हालात बदलते गए।

### सड़क किनारे बोरे मिला युवती का शव

6 अक्टूबर 2025 को जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र में सेल्हरी गांव में सड़क किनारे बीस वर्षीय युवती का शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेक र पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वजीर वजीरगंज थाना क्षेत्र में बीस दिसंबर 2024 को गणेशपुर ग्रंट कुड़निया गांव के पास गणेशपुर ऊंट घाट पुल के पास जंगल के अंदर खड़ंजा मार्ग के किनारे एक अज्ञात लाश मिली थी,लेकिन 180 दिन बीत जाने के बाद वजीरगंज पुलिस हत्याकांड जैसी वारदात को खोलने में असफल साबित रही। कटरा बाजार थाना क्षेत्र की घटना को लेकर जांच शुरू की गई। गोरखपुर जोन से लेकर लखनऊ तक पूरे प्रदेश में मामला गूंजा था,लेकिन आज भी इस घटना का खु लासा नहीं हो सका।

# महिला कल्याण मंत्री ने विभाग के मण्डलीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जाना हाल**

**विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से सभी पात्रों को लाभान्वित करने के दिये निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश की मा. मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने विकास भवन सभागार में देवीपाटन मण्डल के विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, कुपोषण की स्थिति, प्री स्कूल शिक्षा, अनुपूरक पोषाहार वितरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, विधवा पेन्शन, कन्या सुमंगला योजना आदि विभागीय योजनाओ एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी पात्र लक्षित वर्ग को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से आच्छादित किया जाय।

श्रीमती मौर्य ने बताया कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यही मंशा है कि कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहने पाये।आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण की समीक्षा के दौरान पाया गया कि वर्ष 2023-24 अन्तर्गत गोण्डा मे 19 व बहराइच मे 05 तथा वर्ष 2024-25 अन्तर्गत गोण्डा मे 05, बहराइच मे 24, बलरामपुर मे 63 व श्रावस्ती मे 03 निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारियो को निर्देशित किया गया। श्रीमती मौर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यस्थलों का नियमित भ्रमण कर शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यो को पूर्ण कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनान्तर्गत जो भी पेन्डेंसी हैं उन्हें 01 सप्ताह मे समाप्त कर सभी पात्र लाभार्थियो को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। विकास भवन सभागार में मा. मंत्री श्रीमती मौर्या ने 05 गर्भवती महिलाओ की गोदभराई की व 05 बच्चो का अन्नप्रासन कराया।

इस अवसर पर बैठक मे जिला कार्यक्रम अधिकारी बहराइच, गोंण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, उपनिदेशक प्रोबेशन देवीपाटन मण्डल व जनपद बहराइच के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि बैठक से पूर्व मा. मंत्री ने जनपद में आयोजित तिरंगा यात्रा रैली में भी प्रतिभाग किया।

# बढ़ रहा अपराध: दबंगों ने दो दोस्तों को पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुन्नन खां चौराहे पर शनिवार क़ो दोपहर में कहा सुनी के दौरान एक मारपीट की घटना सामने आई है।जहां पर विनायक मार्बल्स की दुकान पर सामान खरीद ने आए फरहान अली और उनके दोस्त इरफान अं सारी के साथ अरमान और फरमान ने मारपीट कीमारपीट की घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।फुटेज में दिख रहा है कि कैसे दोनों आरोपी वहां पहुंचे और आपसी कहासुनी के बाद फरहान और इरफान के साथ मारपीट की।

मारपीटकी घटना में दोनों दोस्त घायल हो गए।घायलों ने गोंडा मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार कराया है।पीड़ित के पिता इरफान अली ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।उन्होंने आरोपियों के खि लाफ कार्रवाई की मांग की है।वही मारपीट का वा यरल वीडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता है।लेकिन जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें सा फ - साफ दिखाई दे रहा हैवहीं सद्भावना पुलिस चौकी के प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच की जा रही है।पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।तहरीर मिली है,मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि हम लोग अचानक देखे की मारपीट हो रही है। जब तक हम लोग दौड़ कर गए, तब तक दबंग मारपीट करके फरार हो गए थे।

# एमपी के डिप्टी सीएम के बयान से भड़की छात्र पंचायत, एलबीएस चौराहे पर फूंका पुतला

**छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा सरकार करें बर्खास्त**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश की सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जि से लेकर पूरा देश भारतीय सेना की बहादुरी की स राहना कर रहा है।लेकिन,कुछ भाजपा नेताओं के बयान पर छात्र पंचायत हमलावर है।मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना पर दिए गए बयान का विरोध गोंडा में देखने को मिला।

राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय के नेतृत्व में एलबीएस चौराहे पर दोनों नेताओं का पु तला फूंका।छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री चौराहे पर पहुंचकर जमकर नारे बा जी की।उन्होंने डिप्टी सीएम और मंत्री विजय शाह के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही उनकी बर्खास्तगी की मांग की है।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा कि पूरा देश इस समय सैनिकों के सम्मान में खड़ा है।लेकिन स त्ता पक्ष के कुछ नेता सैनिकों के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा खुद को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ती है।लेकिन उनके ही नेता सैनिकों के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। शिव म पाण्डेय ने कहा कि एक तरफ पूरी दुनिया भार तीय सेना पर गर्व कर रही है। वहीं भाजपा के नेता सेना का अपमान कर रहे हैं।इससे हर भारतीय सै निक खुद को अपमानित महसूस कर रहा है।धरना प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान जिला मंत्री प्रिं स गुप्ता,शहजाद अहमद सतीश मिश्रा,शुभम तिवा री,अमित तिवारी,सूरज शुक्ला,अभिषेक तिवारी, विवेक शुक्ला,प्रवीण मिश्रा,इसिंह सत्यदेव तिवारी, शैलेंद्र सिंह,धीरेंद्र प्रताप धीरू,जेपी पंडित नवनीत तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार दिन बाद भी छात्र अंशुमान सिंह के हत्यारे पुलिस के पकड़ से दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में 15 मई कोअंशुमान सिंह उर्फ छोटू ( 17 ) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।पुलिस ने पुलिस ने एक नाबा लिक समेत पांच आरोपियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है।हत्या के मुख्य आरोपी को गि रफ्तार करने में पुलिस की चार टीमें जुटी हुईं है। इसके बावजूद घटना के चार दिन बाद भी हत्यारो पियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।इसको लेकर मृतक के परिजनों में नाराजगी बनी हुई है। नवाबगं ज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव निवासी अंशु मान सिंह की हत्या पुरानी रंजिश की वजह से की गई है।वही पुलिस ने एक नाबालिक आरोपी क़ो गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।मुख्य आरोपी विशेष सिंह समेत चार आरोपी फरार हैं।आरोपियों के परिजन भी घर में ताला लगाकर फरार हो गए हैं।मृतक अंशुमान सिंह 11वी का छात्र था।मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी आयमात सिंह,ज तिन सिंह,विशेष सिंह,रजवंत सिंह,अखिलेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष अभ य सिंह के अनुसार,पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर में बुलेट मिली है।हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई है एस ओजी व सर्विलांस टीम भी लगी हुई हैं।अंशुमान सिंह के हत्या के चार दिन बीत जाने के बाद भी ह त्या आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोग पु लिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगा है।माम ले में थानाध्यक्ष ने बताया कि अंशुमान सिंह हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभा वित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।जल्द ही आरोपित पुलिस गिरफ्त में होगा।

### आम आदमी पार्टी का पाकिस्तान और ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन



गोण्डा। पाकिस्तान की कायराना हरकत और अमे रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़बोले बयानों के खिलाफ आम आदमी पार्टी गोण्डा इकाई ने श निवार को बड़गांव ओवर ब्रिज पर खड़े होकर जोर दार विरोध प्रदर्शन किया,ओवर ब्रिज के ऊपर हुए इस प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना की वीरता को नमन करते हुए केंद्र सरकार की चु प्पी पर कड़ा सवाल उठाया है।जिले का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र (अज्जू पंडित) ने कहा कि आतंक के खिलाफ हुए ''ऑपरेशन सिं दूर'' की सफलता सेना की वीरता और रणनीति का परिणाम है,न कि किसी राजनीतिक दल की प्रचार नीति का।उन्होंने देश के प्रधानमंत्री पर आरोप ल गाया है कि प्रधानमंत्री मोदी देश में जनता का पैसा बर्बाद कर रहे हैं,प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के रा ष्ट्रपति के भय से युद्ध विराम की घोषणा कर दी हैऔर भारत के भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है।आम आदमी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष डॉ. आर के.सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि मोदी ने भारतीय सेना का मनोबल गिराया है।अ जय प्रभाकर आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार अ मेरिका की पिछ लग्गू है।सत्येंद्र शुक्ला ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा पाकिस्तान को ''महान देश'' कहना भारत के सम्मान पर आघात है। उन्होंने प्रधानमंत्री से सीधा सवाल किया कि क्या ट्रंप भार त के हितैषी राष्ट्राध्यक्ष की तरह व्यवहार कर रहे हैं..? यदि नहीं,तो सरकार की प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई...? प्रदर्शन में मौजूद कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर पाकिस्तान और ट्रंप के खिलाफ ना रेबाजी की और भारतीय सेना को सलामी दी।सभी ने एक स्वर में कहा कि देश की संप्रभुता सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, अज्जू पंडित, योगेश प्रताप सिंह,दिलीप सिंह,अंजनी श्रीवास्तव, गो पी नाथ गौतम,प्रवीण मिश्रा,सहित दर्जनों कार्य कर्ता मौजूद रहे।

### नानपारा तहसील दिवस में आईं 27 शिकायत,4 का निस्तारण



नानपारा, बहराइच। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे तहसील समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तहसील परिसर, नानपारा में किया गया। इस समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी लालधर यादव ने की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई। कुल 27 शिकायती प्रार्थना-पत्र दर्ज किए गए, जिनमें भूमि विवाद, रास्ते के अतिक्रमण, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने व पट्टे से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। उप जिलाधिकारी ने गंभीरता से सभी शिकायतों को सुना और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्परता दिखाते हुए चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदुमन कुमार सिंह, तहसीलदार अंबिका चौधरी, नायब तहसीलदार सहित राजस्व, पुलिस, विद्युत, आपूर्ति व अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।समाधान दिवस में आमजन की भागीदारी और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शासन की जनकल्याणकारी सोच को प्रतिबिंबित करती है।

### तुर्की और अजरबैजान के उत्पादों का हो बहिष्कार, भंग हो सभी संधिया

गोरखपुर। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ गोरखपुर महानगर इकाई के द्वारा भारत-पाकिस्तान युद्ध में तुर्की और अजरबैजान के द्वारा पाकिस्तान का सहयोग किया जाने से आक्रोशित होकर कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा पल्लू एडवोकेट की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से सौपा। जिसमें यह मांग किया कि तत्काल प्रभाव से तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी संधिया भंग की जानी चाहिए क्योंकि जो हमारे दुश्मन का दोस्त है वह भारत का दोस्त नहीं हो सकता है और उसे कड़ी सजा मिलनी ।चाहिएच प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे महानगर अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा पल्लू ने कहा कि तुर्की और अजरबैजान की ज्यादातर अर्थव्यवस्था भारत पर निर्भर करती हैं ऐसे में यदि भारत के लोगो को तुर्की और अजरबैजान के उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिऐ और भारत सरकार को तत्काल सभी व्यापारिक समझौते एवं संधिया भंग कर उसकी आर्थिक व्यवस्था को नेस्तो नाबूत कर देना चाहिए।

# वीरांगना का जातीय मुल्यांकन, सपा का चाल–चरित्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखापुर। देश की आन-बान-शान के लिए, सर पर कफ़न बांध कर जिस वीरांगना विंग कमांडर ब्योमिका सिंह नें, ''आपरेशन सिन्दूर '' के तहत पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए, जिसको पूरा देश पलकों कर बैठाए हुए हैं, जो भारतीय नारी सशक्तिकरण की ज्वलंत उदाहरण बनी हुई है, जिसने मोदी जी के नारे '' बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ'' को चरितार्थ कर दिया है, दुर्गा स्वरुपा उस अधिकारी को प्रोफ़ेसर रामगोपाल यादव द्वारा, भरे सभा में चमार कहना, सपा के दूषित चाल -चरित्र को दर्शाता है।

ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार कर, जेल का रास्ता दिखाना आवश्यक है। ''यह विचार भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और उप्र0 एससी-एसटी आयोग के पूर्व सदस्य हरिनाथ के हैं। एक मुलाकात में उन्होंने नें बताया कि ''आपरेशन सिन्दूर'' के तहत सोफिया कुरेशी और ब्योमिका सिंह नें रणचण्डी के रुप में जिस तरह पाकिस्तान को तहस-नहस कर दिया, उस पर पूरा भारत देश ही नहीं, बल्कि विश्व गर्व कर, बधाईयां दें रहा है। गत दिनों आम जनता के बीच, सपा के महासचिव प्रोफ़ेसर रामगोपाल यादव द्वारा ब्योमिका का नाम लेकर, चमार कहना, उनके संस्कार,सपा के डीएनए और उनके 'पीडीए' की हकीकत का पोल खोलता है। सच बात तो ये है कि देश में कुछ ऐसे लोग हैं कि उनकी आत्मा, आतंकवादियों और भारत विरोधियों में बसती है।

आपरेशन सिन्दूर की सफलता से, पाकिस्तान की तरह वे भी अपनी हार मानते हैं और दुखित हैं। फलतः वे वीरांगनाओं को भी अपमानित करनें लगे हैं।सपा नेता, मात्र दो वीरांगना से घबड़ा गये हैं।जाकर भारतीय सेना में देखें कि दर्जनों सोफिया कुरैशी और ब्योमिका सिंह, वेटिंग में चल रहीं हैं।हरिनाथ भाई ने आगे बताया कि जब-जब सपा की सरकार बनी है, तब -तब दलितों पर अत्याचार हुआ है और गुन्डों तथा आतंकवादियों की मौज रही है। अखिलेश यादव जी का पीडीए, दलितों के घाव पर, नमक-मिर्च लगानें जैसा है।

### महंगे शौक ने बनाया चोर पहुंचे सलाखों के पीछे



गोरखपुर। कहते हैं कि अपराधी कितना ही शातिर क्यों ना हो लेकिन कानून के हाथ लम्बे होते है। महंगे शौक को पूरा करने के लिए युवा पीढ़ी अब अपराधिक घटनाओं में बड़ी तेजी से शामिल हो रही हैं। 20 से 25 साल की युवा पीढ़ी अपने महंगे शौक को पूरा करने के लिए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना राजघाट में दर्ज हुआ है। जिसमें लाल बाबू किशन कुमार ज्वेलर्स ने शिकायत किया कि उसकी दुकान पर काम करने वाला कृष्ण कुमार वर्मा 45 लाख का ज्वेलरी का सामान लेकर फरार हो गया है। जिस पर पुलिस ने दो अरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# मझोला को उप तहसील बनाने की केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से की मांग

**मझोला में ट्रेनों के ठहराव, दियूनीडाम पूल के नवनिर्माण,इथेनॉल,प्लाईवुड फैक्ट्री स्थापना पर हुई चर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल और मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को उनके समक्ष रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री से भेंट के दौरान उनका माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इन दौरान बरखेड़ा के सम्मानित विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की मौजूदगी में युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री को क्षेत्र की कई प्रमुख आवश्यकताओं से अवगत कराया और संभावित विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। मझोला क्षेत्र में वर्षों से बंद चीनी मिल में एथेनॉल और पावर प्रॉडक्शन प्लांट की स्थापना हेतु प्रयास करने का सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिया गया जिससे क्षेत्र में रोजगार की संसाधन बढ़ेंगे और किसानों को कृषि उपजों का अधिक मूल्य मिल सकेगा वहीं क्षेत्र का औद्योगिक विकास भी रफ्तार पकड़ सकेगा।मझोला क्षेत्र के लोगों को अमरिया तक आवागमन की समस्या को प्रमुखता से उठाकर मझोला में उप तहसील की स्थापना करवाने हेतु केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से आग्रह किया गया और उनको बताता गया कि इससे पूरे मझोला क्षेत्र के हजारों लोगों को तहसील के कार्यों से अमरिया जाने से मुक्ति मिलेगी,उनके काम उनके घर के निकट ही जाएंगे और मझोला नगर में भी विकास के रुके हुए पहिए को घूमने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने मझोला अमरिया मार्ग पर 100 वर्ष से भी अधिक पुराने हो चुके जर्जर दियूनीडाम पुल के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इस पुल के कारण मझोला अमरिया के मध्य कोई भी ट्रक, बस नहीं चल सकती है और कोई भी अन्य भारी वाहन भी नहीं निकल सकता है।अत्यंत संकरा होने के चलते इस पर एक बार में एक कार या जीप ही निकल पाती है वहीं इसकी उपयोग हेतु निर्धारित समयावधि भी अनेक वर्षों पहले ही निकल चुकी है। अतः क्षेत्र के विकास को अवरुद्ध के रहे इस पुल का आज की आवश्यकताओं के अनुसार पुनर्निर्माण अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त मझोला से होकर जा रही पूर्णागिरी एक्सप्रेस,दुरई एक्सप्रेस समेत सभी ट्रेनों का स्टॉपेज मझोला में कराने हेतु आग्रह किया गया। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने बताया कि सितारगंज और अमरिया में रेल लाइन ही नहीं है जिस कारण मझोला रेलवे स्टेशन पर मझोला के अतिरिक्त मझोला से सितारगंज और अमरिया के बीच में पडने वाले क्षेत्र के लोग भी ट्रेनों को पकड़ने आते हैं। वहीं भरा पचपेड़ा औद्योगिक आस्थान के लिए भी मझोला का रेलवे स्टेशन माल गाड़ी और सवारी गाड़ी पकड़ने हेतु एकमात्र केंद्र हैं। वर्तमान में मात्र एक ट्रेन मझोला में रुकती है। उसके अतिरिक्त टनकपुर से चलने वाले करीब आधा दर्जन ट्रेनों का स्टॉपेज भी मझोला में होने से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के इस सीमांत बहुत बड़े क्षेत्र के लोगों को सहूलियत हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सभी सुझावों को अत्यंत गंभीरता से सुनते हुए अपने निजी सहायक शशि मोहन अग्निहोत्री एवं सौरभ कुमार को इन पर प्रभावी कार्यवाही हेतु काम शुरू करने हेतु निर्देशित किया और कई उद्योगपतियों को तत्काल फोन लगाकर उनसे इन प्रस्तावों पर गहन चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल और मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल के जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते उनको क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों एवं समस्याओं से निरंतर अवगत करने हेतु निर्देशित किया है।

# तिरंगा यात्रा विजय संकल्प का उत्सव : अमरपाल मौर्य

**आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद अमेठी में सड़कों पर दिखा देश भक्ति का उबाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद राज्यसभा अमर पाल मौर्या शनिवार को जनपद अमेठी में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुये। भारतीय सेना के शौर्य व आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में गौरीगंज स्थित फल मंडी से शुरू होकर गौरीगंज ब्लाक में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर समापन किया गया।तिरंगा यात्रा में मां भारती का जयघोष करते हुये जनसैलाब के साथ भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को प्रणाम किया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद राज्यसभा अमर पाल मौर्य ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई सैन्य कार्रवाई ने भारत की संप्रभुता और शौर्य से विश्व को संदेश दिया है। भारतीय सेना के वीर जवानों ने साहस के साथ आतंक के ठिकानों को नष्ट करके विश्व को संदेश देने का काम किया है कि भारत के लिए उसका एक एक नागरिक महत्वपूर्ण है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपने कूटनीतिक कौशल के साथ सैन्य सामर्थ्य का भी सही उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा मां भारती तथा भारतीय सेना का जयघोष है।यह विजयी संकल्प का उत्सव है जो हमारे वीर जवानों ने आपरेशन सिंदूर में करके दिखाया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आर्थिक व सामरिक रूप से महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। हम सभी विकसित भारत के संकल्प की पूर्णता के लिये एक नागरिक के रूप में जुटें और देश को वैभवशाली बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।इस तिरंगा यात्रा में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरी,एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह,चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उमेश प्रताप सिंह,प्रवीण कुमार सिंह, राकेश विक्रम सिंह,दयाशंकर यादव, रामप्रसाद मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी, काशी तिवारी, चंद्र मौलि सिंह,भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी, केशव सिंह, विषुव मिश्रा, अशोक मौर्य, राजीव शुक्ला, प्रकाश मिश्रा, प्रभात शुक्ला,मनीष पाठक, आशा बाजपेई, निमिषा त्रिपाठी सहित अन्य तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय के निरीक्षण में मिली खामियों पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रात्रिकालीन निरीक्षण के उपरांत स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश**



अमेठी । जनपद अमेठी में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता तथा चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की समीक्षा के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शुक्रवार की रात्रि में औचक निरीक्षण किया गया।मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने रात्रि में नौ बजकर पचास मिनट पर जिला चिकित्सालय गौरीगंज से किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, उप जिलाधिकारी प्रीति तिवारी, चिकित्सक डॉ. पितांबर कन्नौजिया तथा फार्मासिस्ट जितेन्द्र पटेल उपस्थित पाये गये। चिकित्सालय के सीएमएस के विषय में जानकारी ली गई तो बताया गया कि वह भोजन हेतु बाहर गये हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि चिकित्सकों की पालीवार ड्यूटी निर्धारित नही की गई है तथा आपातकालीन कक्ष में भर्ती किये गये रोगियों की औषधीय पर्चियां अथवा रोग विवरण पर्ची तैयार नहीं किया जा रहा है और चिकित्सालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नही थी।वार्ड में भर्ती रोगियों से जब सीडीओ सूरज पटेल द्वारा संवाद किया गया तो यह अवगत कराया गया कि उन्हें नियत समय पर भोजन प्राप्त हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निर्देश दिये गये कि सीएमएस यह सुनिश्चित करें कि समस्त चिकित्सकों की पालीवार ड्यूटी निर्धारित कर प्रतिदिन विवरण साझा किया जाय।चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाया जाए तथा आपातकालीन एवं सामान्य कक्षों में भर्ती होने वाले प्रत्येक रोगी की रोग विवरण पर्ची अनिवार्य रूप से तैयार की जाय जिससे उपचार में सुविधा प्राप्त हो एवं रोगी को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके बाद सीडीओ ने पौने ग्यारह बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी अमेठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सक डॉ. उमेश कुमार, फार्मासिस्ट कमलेश कुमार तथा एमओआईसी डॉ आलोक तिवारी उपस्थित रहे। इस केंद्र पर भी भर्ती किये जा रहे रोगियों की रोग विवरण पर्चियां तैयार नही की जा रही थीं तथा चिकित्सकों की पालीवार ड्यूटी निर्धारित नहीं की गई थी। केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई।मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाय और चिकित्सकों की पालीवार ड्यूटी निर्धारित कर अनुपालन सुनिश्चित किया जाय तथा भविष्य में इस प्रकार की उदासीनता न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय। इसके बाद रात्रि लगभग ग्यारह बजकर पच्चीस मिनट पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी अमेठी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त स्वास्थ्य कार्मिक उपस्थित पाये गये। इस केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक पाई गई एवं भर्ती रोगियों को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान एक सामान्य प्रसव सम्पन्न हुआ जिसमें माता एवं शिशु दोनों स्वस्थ पाये गये।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि केंद्र पर समस्त चिकित्सकों की पालीवार ड्यूटी का निर्धारण अनिवार्य रूप से किया जाय।रोग विवरण पर्ची प्रत्येक भर्ती रोगी हेतु तैयार की जाये और केंद्र की समस्त स्वच्छता व्यवस्थाएँ संतोषजनक बनी रहें एवं ओपीडी के माध्यम से भर्ती होने वाले रोगियों का विवरण अभिलेखित किया जाय।

## पुलिस ने अवैध बंदूक और कारतूस के साथ युवक को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने एक अवैध बन्दूक व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद इबरार पुत्र जुम्मन निवासी पूरा धना पाण्डेय मजरे गोरियाबाद थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब बत्तीस वर्ष को एक अवैध बन्दूक बारह बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से दो जिंदा कारतूस बरामद हुई है। पुलिस टीम द्वारा बन्दूक के कागजात मांगने पर दिखा नही सका। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आरम्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं अहिल्याबाई-मीना चौबे

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती भाजपा भव्य तरीके से मनाएंगी। इसके लिए 21 से 31 मई तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।स्मृति अभियान को लेकर शुक्रवार देर शाम को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने अहिल्याबाई होल्कर को धर्म,न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताया।उन्होंने कहा वह सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं।यह भी कहा कि विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोद्धार कराया वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है।मीना चौबे ने अहिल्याबाई को भारतीय नारी शक्ति का प्रतीक बताया।भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि अहिल्याबाई के जरिए आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए पार्टी बूथ स्तर तक अभियान चलाएगी। उन्होंने सभी से होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।कार्यशाला का संचालन अभियान के संयोजक जिला महामंत्री घनश्याम चौहान ने किया। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि 21 मई को होल्कर को लेकर पार्टी कार्यालय पर 12 बजे गोष्ठी आयोजित होगी। इसके अलावा सभी विकास खण्डों में महिला सम्मेलन व पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन, जिला स्तर पर,नगर पालिका व नगर पंचायत स्तर पर कार्यक्रम होंगे। वही डिग्री कालेज, प्रोफ़ेशनल कालेज, इण्टर कालेज में भाषण प्रतियोगिता समेत कई अन्य कार्यक्रम होंगे।

## गहलुइया झगड़े में पिटाई से घायल पुत्तन खा की लखनऊ में मौत परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। 13 दिन पूर्व दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था।जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। पिटाई से घायल पुत्तन खा लंबी रूप से घायल हो गए थे। जिनका जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था डॉक्टरो द्वारा गंभीर हालत होने पर उनको लखनऊ लखनऊ भेज दिया था। जहां उनकी शनिवार की सुबह मौत हो गई। लखनऊ में ही मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामले में पुलिस ने प्रधान सहित अन्य को जेल भेजा था।पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौपुर गहलुइया में 5 मई को कहासुनी के बाद प्रधान व दूसरे पक्ष में विवाद हो गया था। जमकर चले लाठी डंडे व धारदार हथियार से नफीस, पुत्तन व रिजवान घायल हो गए थे। मैसर जहां ने बताया उनके बेटे नसीब की मजार के पास मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। फुरकान दुकान मोबाइल ठीक कराने आया था। बेटे ने बिजली न होने की बात कह कर मोबाइल ठीक न होना बताया। इस पर आरोपी ने अपने परिजन में और रिश्तेदारों की मदद से मारपीट की। पुलिस ने महिला की ओर से प्रधान इमरान, फुरकान, सितारुद्दीन, जलालुद्दीन, हसमद्दीन, रियाजुद्दीन, नूरुद्दीन, मुस्ताक, मुजीब, अशफाक खान, सहरुद्दीन व मेराजुद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुत्तन खां की हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया था। दो दिन पहले पुत्तन खां को उपचार के लिए लखनऊ में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना को लेकर कोहराम मचा हुआ है। नवागत कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया गहलुइया विवाद में घायल ग्रामीण की लखनऊ में मौत होने की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और विधायक ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**मुसाफिरखाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई पैंतीस शिकायतों में पांच हुई निस्तारित**

अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी भी उपस्थित रहकर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल पैंतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में इक्कीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया, तहसील गौरीगंज में पच्चीस शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें दो का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में सत्ताइस शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से एक शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, क्षेत्राधिकारी , तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मानक विहीन हो रहे हैं शारदा नदी में कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्रधान सहित अन्य ग्रामीण भड़के, डीएम से की शिकायत जिलाधिकारी ने मौके पर भेजी टीम**

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार सहित अन्य ग्रामीणों ने समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से मिलकर शारदा नदी में किए जा रहे कार्यों को लेकर एक शिकायत प्रार्थना पत्र दिया है। शिकायत में ग्राम प्रधान ने कहा कि शारदा नदी के स्पर संख्या 20,21,22, 23, 24 ,25 ,26 पर कार्य प्रगति पर चल रहा है।उपरोक्त कार्य में बहुत बड़ी लापरवाही ठेकेदार व सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। सभी कार्य मानक के अनुरूप ना करके मनमानी ढंग से कार्य किया जा रहे हैं। जिससे बाढ़ के समय टूटने से ग्रामीणों की जान माल की हानि होने की पूरी संभावना है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह में मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर कार्य को देख कर शासन की मनसन रूप कार्य करने की बात कही मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# संविधान सम्मान यात्रा से करेंगे जनजागरण : स्वामी प्रसाद मौर्या

**2027 में सरकार की विदाई तय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुल्तानपुर। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने संविधान सम्मान व जनहित हुंकार रथ यात्रा के तहत सुल्तानपुर जिले के पारा चौराहे पर मौर्या समाज के अग्रज शिव प्रसाद मौर्या के स्वागत समारोह के आयोजन में नुक्कड़ सभा को आयोजित किया। पारा में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि 2027 में भाजपा की विदाई तय होगी। साथ ही उन्होंने भाजपा के मंत्री द्वारा कर्नल सोफ़िया कुरैसी के ऊपर विवादित बयान देने वालों को आड़े हाथों लिया।

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की संविधान सम्मान व जनहित हुंकार रथयात्रा शनिवार को सुल्तानपुर जिले के पारा चौराहे पहुंची.। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया. सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला और कहा कि 2027 में भाजपा की विदाई का रास्ता तय है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं को हल करने के बजाय कुंभकरणी नींद में सो रही है.। इस यात्रा का उद्देश्य जनता को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करना और भाजपा सरकार को नींद से जगाना है। इस मौके पर बालगोविंद मौर्य, रंजीत मौर्य,मोहित मौर्य (सम्राट स्टूडियो पारा), वीरप्रताप मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, भोलानाथ मौर्य, राजेश मौर्य, राहुल मौर्य, हरिराम मौर्य, श्यामबहादुर मुन्ना मौर्य (संस्थापक - लार्ड बुद्धा मानव सेवा समिति), राम कुमार, शिव कुमार, प्रेम नाथ, राजू मौर्य, राजकुमार मौर्य, जगन्नाथ मौर्य, राम सूरत मौर्य, सुकई मौर्य (पूर्व जिला पंचायत सदस्य ), प्रदीप मौर्य,राजेश साहू, रामकरण साहू, हरिशंकर मौर्य, पवन सांवरिया,जगनारायण मौर्य, रामकुमार मौर्य राम बरन प्रजापति, बेचू हाशमी, जावेद खान आदि हज़ारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## घुंघचाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लैब और क्लीनिक पर की छापेमारी

पूरनपुर । तहसील क्षेत्र के गांव घुंघचाई में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक और लैब की शिकायत पीलीभीत सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार से कई गई थी। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष राज शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापेमारी की थी। इस दौरान दोनों के याह नोटिस चस्पा कर दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया था। उसके बाद भी क्लीनिक और लैब संचालक ने कौई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। शनिवार तीन बजे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष राज शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की शाम को नोटिस चस्पा कर दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया था पर अभी दोनों ने कौई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। जल्द ही दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए क्लीनिक और लैब सील किया जाएगा।

# लालपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,जामो विकास क्षेत्र के गांव लालपुर में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठें दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान द्वारा जब इन्द्र की पूजा छोड़वाकर गोवर्धन जी की पूजा करवाया गया तो इन्द्र क्रोधित होकर सात दिन तक लगातार वर्षा करवाने लगा परन्तु भगवान नें सभी ग्वाल बालों के साथ मिलकर गोवर्धन जी को ही छाता बनाकर उठा लिया और इन्द्र का मान भंग कर दिया और अन्त में इन्द्र लज्जित होकर आकर भगवान की स्तुति किया है।सभी ब्रजवासी इस घटना से ये भावने लगें की कन्हैया अवश्य कोई भगवान है परन्तु भगवान नें कहा कि नही ये सब आप लोगों के सहयोग से ही ये सम्भव हुआ है।एक बार एकादशी के दिन नंद बाबा रात में तीन बजे यमुना जी में स्नान करनें चले गये और वरुण देव के दूत नंद बाबा को पकड़ कर वरुणलोक लेकर गये और फिर नंद बाबा को छुड़वाकर लेकर आये हैं और उसके बाद सभी को अपने बैकुण्ठ का दर्शन कराया हैं।इसके बाद महाराज जी नें पवित्र महारास का वर्णन किया है और जब भगवान नें अपनी बंशी बजाई है तब सभी गोपियों जो जिस अवस्था में थी उसी अवस्था में भगवान से मिलने के लिये अपने घर से निकल पड़ी और इस महारास का दर्शन करें भगवान शंकर भी माता पार्वती के संग आये थे।अब कंस नें अक्रूर जी के माध्यम से मल्ल युद्ध के बहाने भगवान और बलराम जी को मथुरा बुलवाया है सभी गोपियां व मां यशोदा भगवान के मथुरा जानें की सूचना पाकर विरह में व्याकुल हो गयी

# नफरती बोल

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गयी। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम मिसरी तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चौंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था। निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिये वक्त की आवाज भी थी। लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री विजय शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिये महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वतरू संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ 'गटर की भाषा' इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगायी। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया।उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिये गुहार लगायी तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतिपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं। लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की। यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिये कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिये महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिये अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिये सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# धड़कनों को समझें और जान की चुनौतियों को दें मात

आहिस्ता-आहिस्ता मौत की दस्तक देता उच्च रक्त चाप आसानी से समझा जा सकता है। शरीर को संकेत मिलने लगते हैं लेकिन समझ कर नजर अंदाज करना इतना भारी पड़ता है कि प्रायः लोग, जान देकर कीमत चुकाते हैं। त्वरित सूचना के दौर में भी जागरूकता और अनभिज्ञता की ऐसी चूक मौत का आंकड़ा बढ़ाती है। कह सकते हैं कि अब यह महामारी की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है। एकाएक हार्ट अटैक या सड़क चलते, वाहन चलाते आई मौतों की चिंताजनक घटनाओं में उच्च रक्तचाप वजह होती है। ऐसा नहीं कि इसे पहचानना कठिन हो। हमारे शरीर में बदलते लक्षणों जैसे सिर में भारीपन, आंखों में धुंधलका छाना, चक्कर आना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। साधारतणतया इन्हें सामान्य समझ नजर अंदाज कर देते हैं और ऐसे परिवर्तनों के आदी हो जाते हैं। जाने-अनजाने उक्त रक्तचाप के साथ जीने लग जाते हैं। यही बाद में एकाएक बड़ी मुसीबत को न्यौता देता है और प्रायः नतीजा मौत तक में बदल जाता है। ऐसा भा नहीं कि बढ़े रक्तचाप पर हर बार चिकित्सक के पास जाना पड़े। नियमित निगरानी, थोड़े अहतियात, जरा सी सतर्कता और जिव्हा पर नियंत्रण से काफी इसके दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। लक्षण की सामान्यतः सटीक जानकारी मिल ही जाती है। स्वचलित माप मशीन से रक्तचाप का एक चार्ट बना, इसकी प्रवृत्ति समझ, रोका जा सकता है। रक्तचाप किस वक्त कितना बढ़ता है, किन कारणों से बढ़ता है जैसी बातें आसानी से समझी जा सकती हैं। बस इन्हें समझने, नियंत्रित करने या प्रभावित करने वाले तौर-तरीकों में सुधार कर उच्च रक्तचाप पर काबू संभव है। अनियंत्रित, अब तो फास्ट फूड जैसा चटखारे वाले खान-पान भी उक्त रक्तचाप के कारण हैं। सब जानते हैं कि ज्यादा नमक रक्तचाप बढ़ा, शरीर के लिए जहर होता है। फिर भी परहेज नहीं करते! ज्यादा नमक रक्त संचार प्रणाली में वो रासायनिक अभिक्रियाएं करता है जिससे रक्तचाप बढ़ता है। ज्यादा मात्रा से रासायनिक तत्व की अधिकता रक्त और दूसरे अंगों को घातक नुकसान पहुंचाते हैं। मस्तिष्क, गुर्दा, धमनियां और रक्त शिराएं यहां तक हृदय की धड़कन भी प्रभावित होती है। ऐसी अनियमितताएं या अनदेखी जानते-समझते हुए बड़ी जोखिम बन जानलेवा बन जाती है। खानपान की बिगड़ी आदतों खासकर अधिक सोडियम, कम पोटेशियम, अत्यधिक शराब का सेवन, धूम्रपान, वजन बढ़ना, मोटापे पर काबू नहीं जैसी स्थितियां उच्च रक्तचाप की बेहद अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। जबकि इन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। सामान्यतः व्यस्तता कहें या पाश्चात्य अंधानुकरण, न तो हमारे सोने का समय तय है और न उठने का। सुबह-शाम की सैर, व्यायाम, बाग-बगीचों में घूमना, लंबा टहलने की आदत से न केवल उच्च रक्तचाप बल्कि दूसरी बहुत सी बीमारियों को आसानी से मात दिया जा सकता है लेकिन हम हैं कि हर दिन बहुमूल्य 6-7 घण्टे हाथ में स्क्रीन पकड़, मस्तिष्क के साथ, हथेली, उंगलियों और आंखों पर अत्याचार करते हैं।

समय से पहले दुनिया भर में हो रही मौतों की वजहों में सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप ( हाई ब्लड प्रेशर) भी है। चिकित्सकीय भाषा में यह हाइपरटेंशन है। बदलता आम जनजीवन, दिनचर्या, भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में यह कब घर कर जाता है, अमूमन पता नहीं चलता। आज यह वो वैश्विक रोग बन गया है जिसके अधिकतर प्रभावितों को बड़ा खामियाजा भुगतने के बाद समझ आता है। दबे पांव शरीर को घेरते इस रोग को साइलेंट किलर भी कहते हैं। विडंबना देखिए कि हर हाथों में व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी का ज्ञान बघारते, नुस्खा बताते स्क्रीन पर घण्टों समय बिताने के बावजूद हर साल विश्व में लगभग 7.5 मिलियन लोग जान गंवा देते हैं। आहिस्ता-आहिस्ता मौत की दस्तक देता उच्च रक्त चाप आसानी से समझा जा सकता है। शरीर को संकेत मिलने लगते हैं लेकिन समझ कर नजर अंदाज करना इतना भारी पड़ता है कि प्रायः लोग, जान देकर कीमत चुकाते हैं। त्वरित सूचना के दौर में भी जागरूकता और अनभिज्ञता की ऐसी चूक मौत का आंकड़ा बढ़ाती है। कह सकते हैं कि अब यह महामारी की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है। एकाएक हार्ट अटैक या सड़क चलते, वाहन चलाते आई मौतों की चिंताजनक घटनाओं में उच्च रक्तचाप वजह होती है। ऐसा नहीं कि इसे पहचानना कठिन हो। हमारे शरीर में बदलते लक्षणों जैसे सिर में भारीपन, आंखों में धुंधलका छाना, चक्कर आना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। साधारतणतया इन्हें सामान्य समझ नजर अंदाज कर देते हैं और ऐसे परिवर्तनों के आदी हो जाते हैं। जाने-अनजाने उक्त रक्तचाप के साथ जीने लग जाते हैं। यही बाद में एकाएक बड़ी मुसीबत को न्यौता देता है और प्रायः नतीजा मौत तक में बदल जाता है। ऐसा भा नहीं कि बढ़े रक्तचाप पर हर बार चिकित्सक के पास जाना पड़े। नियमित निगरानी, थोड़े अहतियात, जरा सी सतर्कता और जिव्हा पर नियंत्रण से काफी इसके दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। लक्षण की सामान्यतः सटीक जानकारी मिल ही जाती है। स्वचलित माप मशीन से रक्तचाप का एक चार्ट बना, इसकी प्रवृत्ति समझ, रोका जा सकता है। रक्तचाप किस वक्त कितना बढ़ता है, किन कारणों से बढ़ता है जैसी बातें आसानी से समझी जा सकती हैं। बस इन्हें समझने, नियंत्रित करने या प्रभावित करने वाले तौर-तरीकों में सुधार कर उच्च रक्तचाप पर काबू संभव है। अनियंत्रित, अब तो फास्ट फूड जैसा चटखारे वाले खान-पान भी उक्त रक्तचाप के कारण हैं। सब जानते हैं कि ज्यादा नमक रक्तचाप बढ़ा, शरीर के लिए जहर होता है। फिर भी परहेज नहीं करते! ज्यादा नमक रक्त संचार प्रणाली में वो रासायनिक अभिक्रियाएं करता है जिससे रक्तचाप बढ़ता है। ज्यादा मात्रा से रासायनिक तत्व की अधिकता रक्त और दूसरे अंगों को घातक नुकसान पहुंचाते हैं। मस्तिष्क, गुर्दा, धमनियां और रक्त शिराएं यहां तक हृदय की धड़कन भी प्रभावित होती है। ऐसी अनियमितताएं या अनदेखी जानते-समझते हुए बड़ी जोखिम बन जानलेवा बन जाती है। खानपान की बिगड़ी आदतों खासकर अधिक सोडियम, कम पोटेशियम, अत्यधिक शराब का सेवन, धूम्रपान, वजन बढ़ना, मोटापे पर काबू नहीं जैसी स्थितियां उच्च रक्तचाप की बेहद अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। जबकि इन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। सामान्यतः व्यस्तता कहें या पाश्चात्य अंधानुकरण, न तो हमारे सोने का समय तय है और न उठने का। सुबह-शाम की सैर, व्यायाम, बाग-बगीचों में घूमना, लंबा टहलने की आदत से न केवल उच्च रक्तचाप बल्कि दूसरी बहुत सी बीमारियों को आसानी से मात दिया जा सकता है लेकिन हम हैं कि हर दिन बहुमूल्य 6-7 घण्टे हाथ में स्क्रीन पकड़, मस्तिष्क के साथ, हथेली, उंगलियों और आंखों पर अत्याचार करते हैं। कैसे बेपहरवाह हैं? जल्दी यह, दुनिया की बहुत बड़ी बीमारी बल्कि वो महामारी बनेगी जो न छुआछूत, न आनुवांशिकी होगी बल्कि अपनी हरकतों से पाई होगी। मोबाइल में ज्यादा वक्त बिताने वालों में उच्च रक्तचाप, चिड़चिड़ाहट, गर्दन, कमर, पीठ और सिर में दर्द जैसी शिकायतें आम हो रही हैं। सुबह-शाम घूमने-फिरने वालों की संख्या उंगलियों में गिनने लायक रह गई है। फिटनेस का आसान और निःशुल्क वरदान भूलते जा रहे हैं। नींद खुलते ही बिस्तर पर पड़े-पड़े पहले हाथों, आंखों व दिमाग पर जोर डालकर स्क्रीन पर मिनटों बिताएंगे। बिस्तर छोड़ते ही गर्दन, कमर और सिर दर्द की शिकायत करेंगे। रात भर शरीर मिले आराम को उठते ही स्क्रीन को समर्पित कर, उठने से पहले फिर वही तनाव, आपाधापी, बेफिजूल संदेशों, वीडियो, शॉर्ट्स, रील को देख बढ़े रक्तचाप और तनाव से घिर जाएंगे। यह शरीर ही नहीं बल्कि समाज के साथ भी अत्याचार और धोखा नहीं तो क्या है? हम समाज में स्वस्थ भागीदारी की जगह रोज अनजाने साइलेंट किलर के हाथों खेलने लगते हैं। सोचिए, कितना बड़ा जोखिम ले रहे हैं? विश्व हाइपरटेंशन लीग ( डब्ल्यूएचएल) जिसे अंतरराष्ट्रीय उच्च रक्तचाप सोसायटी ने स्थापित किया, 2005 से हर साल अलग-अलग विषयों पर इस दिन का आयोजन कर लोगों को जागरूक व सचेत करने का नेक काम कर रही है। इस वर्ष ्ल्रअपने रक्तचाप को सही तरीके से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जियें्क्र के साथ स्वतः रक्तचाप को मापने, समझने और नियंत्रित करने की विश्वव्यापी पहल बेहद खास है। इससे शारीरिक गतिविधियां भी समझ पाएंगे जिससे निदान की समझ बढ़ेगी। आंकड़ों, घटनाओं को देखकर भी इस पर नहीं चेते तो मान लीजिए रोज आ मौत मुझे मार को निमंत्रण दे रहे हैं। मौत को चुनौती देते रक्तचाप को महज मापकर चुनौती संभव है। स्वस्थ जीवन के लिए आसान शारीरिक गतिविधियां जीवन को स्वस्थ और दीर्घायु बनाने में सक्षम हैं। आइए, आज ही हम भी क्यों न इस मुहिम का हिस्सा बन स्वस्थ शरीर की दिशा में एक कदम और बढ़ाएं। **-ऋतुपर्ण दवे**

# वैश्विक पहचान से सांगरी के लिए बढ़ा अंतरराष्ट्रीय बाज़ार

**हरीश शिवनानी**

मई का पहला सप्ताह राजस्थान के लिए खासा महत्वपूर्ण रहा। इस सप्ताह राजस्थान की प्रतीक और पहचान 'सांगरी' को वैश्विक प्रतिष्ठा मिली। सांगरी मरुस्थलीय इलाके का प्रमुख खाद्य व्यंजन है। इस महीने सांगरी को भौगोलिक संकेतक टैग (जीआई टैग) मिला, जिससे अब इसके लिए अंतरराष्ट्रीय बाज़ार मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। यह राजस्थान के खाद्य व्यापारियों के लिए ही नहीं, बल्कि सीधे किसानों के लिए भी शुभ संकेत है। सांगरी के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार खुलने से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। बदलते समय के साथ रेगिस्तान का खेजड़ी अब वरदान बन गया है। सांगरी राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी का एक उत्पाद है। राजस्थान के खान-पान में केर-सांगरी का अचार या सब्जी के अलावा इनके साथ कुमटिया, गुंदा और अमचूर मिला कर बनाई जाने वाली 'पंचकूटा' की सब्ज़ी मरुधरा की विशिष्ट पहचान है। इसकी महत्ता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाज़ार में इसका भाव बारह सौ से लेकर डेढ़ हज़ार रुपए प्रति किलो है। केर-सांगरी और पंचकूटा वस्तुतः 'छप्पनिया काळ' की देन है, जो 1899 ईस्वी और विक्रम संवत के हिसाब से 1956 में पड़ा था। छप्पनिया अकाल को ''द ग्रेट इंडियन फ़ेमिन 1899'' के नाम से भी जाना जाता है। इस अकाल में लाखों लोगों की जान गई थी। भयंकर आपदा के इस दौर में लोगों के पास खाने के नाम कुछ भी न बचा था। इस अकाल को लेकर कहा जाता है कि ये दौर ऐसा था कि लोगों के लिए न तो खाने के लिए कुछ था और न पीने के लिए, लेकिन इस भीषण सूखे में रेगिस्तानी इलाकों में खेजड़ी (जिन पर सांगरी की फली होती है) और केर नहीं सूखे। जब लोगों और पशुओं के लिए भी खाने को कुछ नहीं बचा तो केर और सांगरी की फली लोगों को खूब काम आई। कहा जाता है कि खेजड़ी की छाल और फली तक लोग कच्ची खाकर गुजारा करने लगे। केर एक केपर जैसा रेगिस्तानी फल है जो कांटेदार झाड़ी पर उगने वाली एक बेरी है। इसका स्वाद तीखा होता है, जिससे इसका अचार काफ़ी चटपटा बनता है। दूसरी ओर सांगरी खेजड़ी के पेड़ की फलियों जैसी होती है। बबूल फली या बबूल के पेड़ के चपटे बीज होते हैं। इसी केर-सांगरी और पंचकूटा सब्ज़ी का महत्व वर्तमान में ऐसा है कि राजस्थान से जुड़ा कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय आयोजन या समारोह हो, इनके बिना मेनू पूरा हो ही नहीं सकता। फाइव स्टार होटलों में 'बीन्स एंड बेरीज़ वेजिटेबल' के नाम से यह बेहद महंगे दाम पर मिलती है। अब जब इसे जीआई टैग मिल चुका है तो विश्व बाज़ार में आर्थिक रूप से इसकी संभावनाएं काफ़ी बढ़ गई हैं। राजस्थान में सांगरी का कुल कारोबार सालाना मोटे तौर दो सौ करोड़ रुपए से ज़्यादा का है। अब इसमें बढ़ोत्तरी होने की पूरी संभावना है क्योंकि विश्व व्यापार संगठन के मानदंडों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में सांगरी को अब 'प्रीमियम प्राइस' भी मिलेगा। वस्तुतः जीआई टैग कृषि, प्राकृतिक या निर्मित उन वस्तुओं को दिया जाता है जो एक ख़ास क्षेत्र में उत्पादित होते हैं। इसमें क्षेत्र की विशेष गुणवत्ता या प्रतिष्ठा या अन्य विशेषताएं शामिल होती हैं। राजस्थान में इसका करोबार उत्पाद संगठित और असंगठित क्षेत्रों में किया जाता है, वो भी राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में। बड़े व्यापारियों से लेकर छोटे किसान भी इसमें शामिल हैं। यह काफ़ी महँगे दामों पर बिकने वाला उत्पाद है। इसमें क्षेत्र की विशेष गुणवत्ता या प्रतिष्ठा या अन्य विशेषताएं शामिल होती हैं। यह टैग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी किया जाता है। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) ने कोलायत के गोविंदसर गांव में खेजड़ी उत्पाद बेचने वाली किसानों की एक सोसायटी के माध्यम से जीआई टैग हासिल किया है। अब जब राजस्थान में खेजड़ी की सांगरी कोजीआई टैग मिला है तो कई बड़े फायदे होंगे। बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन यानी खेजड़ी के पेड़ को संरक्षित किया जा सकेगा। सांगरी को वैश्विक पहचान मिलेगी और इसके प्रोडक्ट्स का निर्यात होगा। किसी भी उत्पाद को जीआइए टैग दिया जाता है तो उस उत्पाद को कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की जाती है। जीआई टैग के दूसरे फायदे भी हैं। किसी भी वस्तु या उत्पाद को जीआई टैग प्राप्त होने के बाद कोई भी निर्माता समान उत्पादों को बाज़ार में लाने के लिए नाम का दुरुपयोग नहीं कर सकता। यह टैग मिलने से किसी उत्पाद की विशिष्टता और पहचान स्थापित होती है।

## सेहत मंत्र

# नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे

आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी?बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

## धर्म मंत्र

# कालाष्टमी व्रत से होते हैं सभी कष्ट दूर

ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कालाष्टमी के रूप में माना जाता है। इसे भैरव जयंती के रूप में भी मनाया जाता है तो आइए हम आपको कालाष्टमी के महत्व तथा पूजा-विधि के बारे में बताते हैं। कालभैरव को शिव का पांचवा अवतार माना गया है। इनके दो रूप है पहला बटुक भैरव जो भक्तों को अभय देने वाले सौम्य स्वरूप में जाना जाता है। लेकिन काल भैरव का रूप बटुक भैरव से अलग माना जाता है। उन्हें अपराधिक प्रवृतियों पर नियंत्रण करने वाले भयंकर दंडनायक के रूप में जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि कालाष्टमी का व्रत रखने वाले व्यक्ति के जीवन से बहुत सी परेशानियां दूर हो जाती है। साथ ही कालाष्टमी के व्रत से जीवन में यश तथा कीर्ति प्राप्त होती है। काल भैरव की उत्पत्ति को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। इनमें से एक कथा के अनुसार एक बार ब्रह्मा जी शिव भगवान का वेश धारण उनके गणों को भी साथ लेकर अशिष्ट टिप्पणी की। उसके बाद शिव जी बहुत क्रुद्ध हुए और वहां विशाल प्रचंड काया उत्पन्न हुई जिसने ब्रह्मा जी का संहार के लिए उन्हें दौड़ाया। उस काया ने अपने नाखून से ब्रह्मा जी के शीर्ष को काट दिय। उसके बाद शिव जी ने उसे काया को शांत किया। यह वीभत्स काया जिस दिन प्रकट हुई उस दिन अष्टमी थी। उस काया का नाम बाद में भैरव पड़ा। भैरव को बाद में काल भैरव तथा बटुक भैरव के नाम से पूजा जाने लगा। ब्रह्मा जी एक शीर्ष काटने के भैरव के ऊपर ब्रह्म हत्या का आरोप लगा। जिसके कारण वह बहुत दिनों तक जंगल में विचरण करते रहे। उसके बाद उन्हें काशी में जाकर मुक्ति मिली।

## पर्यटन



# गुजरात के कच्छ में करें इतिहास और आधुनिकता के दर्शन एक साथ

गुजरात घूमने आये हैं और कच्छ का दौरा नहीं किया तो समझिये कि आपकी गुजरात यात्रा अधूरी रह गयी। एक समय भूकंप के चलते बर्बाद हो चुका कच्छ अपने पैरों पर खड़ा है और बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ राज्य पर्यटन विभाग की ओर से हर वर्ष कच्छ महोत्सव आयोजित किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में लोग उमड़ते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते कच्छ महोत्सव की शुरुआत की थी जिससे इस इलाके में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को काफी लाभ हुआ और क्षेत्र का विकास भी हुआ। गुजरात के सबसे बड़े जिले कच्छ का जिला मुख्यालय भुज है। कच्छ का अधिकांश हिस्सा रेतीला है। जखाऊ, कांडला और मुन्द्रा यहां के मुख?य बंदरगाह हैं। कच्छ जिले में अनेक ऐतिहासिक इमारतें, मंदिर, मस्जिद और हिल स्टेशन आदि पर्यटन स्थलों को देखा जा सकता है। कच्छ को प्राचीन सिन्धु संस्कृति का हिस्सा माना जाता है। माना जाता है कि सन्‍ 1270 में कच्छ एक स्वतंत्र देश था लेकिन 1815 में यह ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन हो गया क्योंकि रजवाड़े के रूप में कच्छ के तत्कालीन महाराजा ने ब्रिटिश सत्ता स्वीकार कर ली थी। सन्‍ 1947 में जब देश आजाद हुआ तो तत्कालीन 'महागुजरात' राज्य का एक जिला बना कच्छ। कच्छ की यात्रा देखिये कैसे आगे बढ़ती है। महागुजरात से अलग होकर सन्‍ 1950 में कच्छ भारत का एक राज्य बना। 1 नवम्बर सन्‍ 1956 को यह मुंबई राज्य के अंतर्गत आया। सन्‍ 1960 में भाषा के आधार पर मुंबई राज्य का महाराष्ट्र और गुजरात में विभाजन हो गया तथा कच्छ गुजरात का एक हिस्सा बन गया। कच्छ में देखने लायक कई स्थान है जिसमें कच्छ का सफ़ेद रण आजकल पर्यटकों को लुभा रहा है। इसके अलावा मांडवी समुद्रतट भी सुंदर आकर्षण है। भुज में कच्छ के महाराजा का आइना महल, प्राग महल, शरद बाग़ पैलेस एवं हमीरसर तलाव मुख्य आकर्षण है तथा मांडवी में स्थित विजय विलास पैलेस जो समुद्रतट पर स्थित है वह भी देखने लायक है। भद्रेश्वर जैन तीर्थ और कोटेश्वर में महादेव का मंदिर और नारायण सरोवर जो पवित्र सरोवरों में से एक है, वो भी घूमने लायक है।

# प्राथमिकता से हो जनता की समस्याओं का निराकरण : अन्ना

**संपूर्ण समाधान दिवस, अन्ना सुदन ने सुना जन शिकायतें**

**शिकायतों की भरमार 609 में निस्तारित मात्र 49**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील हैदरगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम हैदरगढ़ श्म्स तबरेज़, क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़, मुख्य चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार यादव सहित जिले व तहसील स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्ण मनोयोग से जन शिकायतें सुना और प्राथमिकता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिक़ायतकर्ताओं से सहजता से बात करें और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से 187 प्रार्थना पत्रद्द, पुलिस विभाग से 30 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से 16 प्रार्थना पत्र व अन्य मामलों के 72 प्रार्थना पत्र सहित कुल 305 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें से 13 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया गया।






जिले की सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 609 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें से 49 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

तहसील राम सनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह की अध्यक्षता आयोजित में सम्पूर्ण समाधान में विभिन्न मामलों के 52 प्रार्थना प्राप्त हुए।जिसमें से आज मात्र 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा सका।गया शेएष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

नवाबगंज तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता व तहसीलदार शरद सिंह के संयोजन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 96 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। तहसील सिरौलीगौसपुर में उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधि वहां दिवस में 36 शिकायती पत्र प्राप्त हुए।

में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें 07 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

इसी प्रकार तहसील रामनगर में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 91 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 05 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।


## सीतापुर में ग्राम प्रधान पर आरोप, जांच शुरू

सीतापुर । ग्राम पंचायत सकरारा विकास खंड मछरेहटा के निवासी राम अवध पुत्र स्व रामेश्वर दयाल ने ग्राम प्रधान सकरारा के विरुद्ध विकास कार्यों में अनियमितता, फर्जीवाड़ा और कूट रचित अभिलेखों बनाने के आरोप लगाए हैं। राम अवध ने नोटरी प्रमाणित एफीडेविट पर जिलाधिकारी सीतापुर अभिषेक आनंद को शिकायत दी है। जिलाधिकारी सीतापुर ने इस मामले में पंचायत राज अधिनियम के अन्तर्गत पत्र संख्या 2787/33/पंप/ग्रा प स/2025-26 दिनांक 14-5-25 के द्वारा जिला क्रीड़ा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया है। जांच अधिकारी से अपेक्षा की गई है कि वे निष्पक्ष जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जांच अधिकारी की भूमिका जिला क्रीड़ा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया है, जिन्हें निष्पक्ष जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपों की जांच- जांच अधिकारी द्वारा आरोपों की जांच की जाएगी, जिसमें विकास कार्यों में अनियमितता, फर्जीवाड़ा और कूट रचित अभिलेखों बनाने के आरोप शामिल हैं।

# प्राशिसं ब्लॉक इकाई का गठन, अध्यक्ष बने मनोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ब्लॉक इकाई बंकी प्राथमिक शिक्षक संघ का पुनर्गठन व महिला मोर्चा गठन हेतु बीआरसी बड़ेल कार्यालय में आहुत अहम बैठक की अध्यक्षता उमा सिंह ने की। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा संरक्षक सहजराम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।बैठक में सर्वसम्मति से हुए संगठनात्मक विस्तार में मनोज वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष व पुष्पेंद्र वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया।महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रियंका रायपुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष भावना वर्मा उपाध्यक्ष प्रज्ञा पांडेय व अवंतिका सिंह मंत्री बनीं।वहीं युवा मोर्चा में सौमित्र आनंद को अध्यक्ष सूरज वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक राय उपाध्यक्ष व विशाल यादव को मंत्री चुना गया।नगर क्षेत्र महिला मोर्चा में सुषमा यादव को अध्यक्ष सरोज वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष वंदना सिंह को उपाध्यक्ष गौरी रस्तोगी को मंत्री और प्रीति यादव को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रशिक्षक इंद्रजीत सिंह ने किया। आयोजन में इस कार्यक्रम में शिक्षकों की भारी उपस्थिति रही।



## पिकअप-बाइक भिड़े दो युवक गंभीर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर बदोसराय मार्ग पर मरकामऊ में एक तेज रफ्तार पिकअप व बाइक भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। घायलों में भूसेपुर थाना रामसनेहीघाट निवासी प्रशांत मौर्य और नंदलाल मौर्य (थाना सफदरगंज) शामिल हैं।

## दुष्कर्मी को को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा, 20000 अर्थ दंड भी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश वीना नरायन ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को 10 वर्ष की कठोर कैद व ?20हजार जुर्माना की सजा सुनाई है ।वही एक आरोपी को दोष मुक्त करार दिया। विशेष लोक अभियोजक कृपा शंकर तिवारी ने बताया कि मामला कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव का है जहां 25 सितंबर 2009 को वादी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह पत्नी के साथ टीका राम बाबा दर्शन करने गया था। लौटने पर छोटी पुत्री ने बताया कि गांव का ही दबंग जीत बहादुर तिवारी व राकेश तिवारी बड़ी पुत्री को जबरदस्ती महिला फुसलाकर भगा ले गये है। छोटी पुत्री ने विरोध करने पर खुद को उसके द्वारा मारना पीटना भी बताया। विवेचना के पश्चात विवेचक ने जीत बहादुर तिवारी व राकेश तिवारी के विरुद्ध न्यायालय में अपहरण व दुष्कर्म तथा मारपीट की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायालय में सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने अभियुक्त जीत बहादुर को दुष्कर्म के आरोप में दोषी साबित पाते हुए 10 वर्ष की कठोर कैद व ?20000 जुर्माना की सजा सुनाई। तथा राकेश तिवारी को संदेह के लाभ में दोषमुक्त कर दिया है।

## दुष्कर्मी की जमानत अर्जी खारिज, कोर्ट सख्त

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, कोर्ट संख्या 44, प्रण विजय सिंह ने देवा थाने से संबंधित एक मामले में नाबालिग़ पीड़िता से दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद इस्लाम का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। विशेष लोक अभियोजक अजय सिंह, योगेंद्र सिंह ने बताया कि वादी मुकदमा ने 1 मई 2025 को देवा थाने में तहरीर देकर बताया था कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है उसकी 16वर्षीया नाबालिग़ लड़की 12 वीं कक्षा की छात्रा है ,जो आज सुबह स्कूल के लिए निकली थी जिसको आरोपी इस्लाम निवासी ग्राम खेवली थाना कोतवाली देवा बहलाफुसलाकर और अपने प्रेम जाल में फंसा कर भगा ले गया है। पीड़िता बरामद होने के बाद मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयान में बताया था कि आरोपी इस्लाम ने उसके साथ दो-तीन बार शारीरिक संबंध भी बनाए थे।उसने मजिस्ट्रेट को यह भी बताया था कि वह पहले अभियुक्त को बाबू के नाम से जानती थी बाद में आरोपी ने अपना नाम इस्लाम बताया था। जज प्रण विजय सिंह ने मामले के समस्त तथ्यों परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अभियुक्त द्वारा दाखिल किया गया जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## महोली विधायक ने किया बालवाटिका कक्ष का उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पीएम श्री विद्यालय प्राथमिक विद्यालय कटिघरा में बालवाटिका कक्ष का उद्घाटन माननीय विधायक महोली श्री शशांक त्रिवेदी जी के द्वारा किया गया। नई शिक्षा नीति के तहत 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनवाड़ी और क्एएक एजुकेटर्स के माध्यम से खेल और गतिविधि आधारित शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस प्रकार की शिक्षा से बच्चों बच्चों का मानसिक ,संज्ञात्मक और भावात्मक विकास में वृद्धि होगी और जब वह 6 वर्ष के होंगे, तब कक्षा एक में स्कूल रेडीनेस के माध्यम से पढ़ने के लिए तैयार हो जाएंगे।इस उद्देश्य से इस बाल वाटिका कक्ष को तैयार किया गया है। हर बच्चा खेल-खेल में अपने उज्जवल भविष्य के लिए तैयार हो सकेगा।

# चेकिंग के दौरान 56 ड्राइविंग लाइसेंस किये गये निलम्बित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। परिहवन विभाग, सीतापुर द्वारा 56 ड्राइविंग लाइसेंस किये गये निलम्बित । जनपद के प्रतर्वन अधिकारियों द्वारा छापामार पद्धति के अनुसार चेकिंग के दौरान मार्ग पर नियम विरूद्ध वाहनों का संचालन करने वाले लाईसेंस धारकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी । कार्यवाही के अन्तर्गत जनपद सीतापुर के 31 लाइसेंस धारकों व अन्य जनपदों के 25 कुल 56 लाइसेंस धारकों द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक (ओवरलोड) माल ढ़ोने एवं प्रत्येक अधिक टन के लिए 2000 रूपये प्रति टन की दर से संचालन करने के अभियोग में मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-19 के अन्तर्गत पारित किये गये नियमों का उल्लघंन मानते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिये निलम्बित कर दिये गये है । एम0ए0 अहमद, यात्री / मालकर अधिकारी, सीतापुर द्वारा वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा गया कि वाहनों को ओवरलोड संचालन करने से वाहन का इंजन, टायर, ब्रेकिंग, सस्पेंशन अधिक लोड होने के कारण जल्दी खराब हो जाते है तथा ओवरलोड वाहनों से सड़कों और पुलों को भी नुक्सान होता है साथ ही पर्यावरण भी दूषित होता है। वाहन ओवरलोडिंग से वाहन पर नियन्त्रण कम हो जाता है, जिससे वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने की सम्भवना अधिक हो जाती है। उन्होने बताया कि वाहन का संचालन ओवरलोड करने पर बीस हजार रूपये का जुर्माना और छः महीने तक की जेल हो सकती है साथ ही चालक का ड्राइविंग लाइसेंस 3 साल के लिये भी निलम्बित किया जा सकता है। उन्होने बताया कि जनपद में यातायात नियमों का पालन न करने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी ।




## रोटरी क्लब ने विद्यालय को दिए ग्रीन बोर्ड

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोटरी क्लब बाराबंकी ने अपने समाजोपयोगी कार्यक्रमो की श्रृंखला मे आज सतरिख स्थित एक विद्यालय को ग्रीन बोर्ड व चाक, डस्टर आदि प्रदान किये। यह जानकारी देते हुये रोटरी क्लब के मीडिया कोआर्डिनेटर गिरीश अरोरा 'मीनू' ने बताया कि सतरिख स्थित यू पी एस की सहायक अध्यापिका श्रीमती शिखा श्रीवास्तव को अपूर्व नर्सिंग होम व मैटरनिटी सेन्टर मे अध्यक्ष महाबीर प्रसाद जैन व सचिव विमल बैसवार के निर्देशन मे तीन ग्रीन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रदान की। पूर्व अध्यक्ष डा. सुधीर वर्मा ने बताया कि भारत से पोलियो वायरस के उन्मूलन के पश्चात रोटरी इन्टरनेशनल का लक्ष्य अशिक्षा को दूर करना है। कार्यक्रम मे अध्यक्ष महाबीर प्रसाद जैन,सचिव विमल बैसवार, कोषाध्यक्ष संजय निगम, सम्पन्न निगम, डा.सुधीर वर्मा, जागेश अग्रवाल, राजेश अरोरा 'बब्बू, सुनील वर्मा, रजनी वर्मा, गिरीश अरोरा, विक्की भारती, पंकज शर्मा आदि मौजूद थे।

## ट्रक ई रिक्शा भिड़ंत दो बहनों की दर्दनाक मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना रामसनेहीघाट के मेडुवा गांव के पास एक ई-रिक्शा व ट्रक की जोर दार भिड़ंत में दो बहनों की दर्दनाक मौत हुई। । करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। बताते हैं कि थाना असंद्रा के राजाबाग मजरे अरुई चंद्रभानपुर निवासी विक्रम का परिवार उधौली में वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौट रहा था। तभी मेडवा कट के पास यह हादसा हुआ। रेशमा 13 व गुड़िया 19 की मौके पर ही दर्दनाक मौत हुई।थाना असंद्रा के रूप में हुई है, दोनों विक्रम की बेटियां थीं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवहन विभाग ? अभियान हवा-हवाई कहां तो प्रतिदिन परिवहन विभाग के अधिकारी हाईवे पर वाहनों की चेकिंगलगते हैं। अयोध्या के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी व बाराबंकी की सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सड़कों पर चेकिंग करने का दावा कर बड़े-बड़े प्रेस नोट जारी करवाते हैं। विभिन्न कमी के कारण चालान भी करते हैं।

# जल शक्ति मंत्री ने बाढ़ क्षेत्र का किया दौरा परखा प्रबंधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को तहसील क्षेत्र में घाघरा-सरयू नदी के चहलारीघाट बांध का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बांध की मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर दिशा निर्देश दिए।बांध निरीक्षण के उपरांत जलशक्ति मंत्री प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्रीलोधेश्वर महादेवा पहुंचे। मठ में पंहुचकर उन्होंने भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भगवान लोधेश्वर महादेवजी का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की।इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की।इस अवसर पर एसडीएम रामनगर विवेकशील नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह तहसीलदार महिमा मिश्रा थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ग्राम प्रधान राजन तिवारी वरिष्ठ उप निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह तथा महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केन्द्र में

सीतापुर । अंकुर अग्रवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ष्ठउत्तरीङ्क श्री आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में दिनांक 17.05.2025 को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 04 जोड़े 1.ममता पत्नी अजय निवासी ग्राम कस्बागंज थाना कमलापुर जनपद सीतापुर 2.शिवानी वर्मा पत्नी आकाश कुमार निवासी निगट स्टैट बैंक नैमिषारण्य थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर 3.प्रिया तिवारी पत्नी दीपक तिवारी निवासी ग्राम भद्रीपुर मीनापुर थाना खैराबाद जनपद सीतापुर, 4.रामकान्ती पत्नी आशीष शुक्ला निवासी ग्राम मंसूरपुर नेवादा थाना रामकोट सीतापुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा उनकी विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उ.नि. मधु यादव, हे0का0 जावेद अली, आरक्षी शिवा ढाका, महिला आरक्षी गीता, काउंसलर श्री विकास वर्मा एवं श्रीमती शशिकला मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जिले भर में निकली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा, जयघोष

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलेभर में आज भाजपा नेतृत्व के आवाहन पर भारत शोर्य तिरंगा यात्रा निकली। भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हुआ। फतेहपुर से अमित गप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा व नगर पंचायत अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर की संयुक्त अगुवाई में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा नेशनल इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुई। यात्रा के दौरान ' भारत माता की जय' जयघोष गुंजायमान रहा। विधायक श्री वर्मा ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटको की हत्या के बाद भारतीय सेना ने कार्रवाई की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई देश विरोधी ताकतों को एक स्पष्ट संदेश है।

यात्रा नगर भ्रमण के बाद नेशनल इंटर कॉलेज में समाप्त हुई। कार्यक्रम में एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ जगत राम कनौजिया, कोतवाल डी0के सिंह, सीएससी अधीक्षक डॉ0 अवनीश चौधरी, बीडीओ फतेहपुर संतोष सिंह,बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा,तहसीलदार वैशाली अहलावत उपस्थित रहे। इसके अलावा रंजीत लोधी, करुणा शंकर शुक्ला, देशराज वर्मा, अनुपम निगम, गिरधर गोपाल गुप्ता, महंत हेमंत दास, रविंद्र वर्मा, दीप कुमार जैन, विशाल सिंह, राजेंद्र सिंह और नगर व लोग समेत स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक और हजारों लोग मौजूद रहे।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत गुजरात टाइटंस की मजबूत टीम से

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण अपने पिछले मैच के अचानक स्थगित होने का झटका झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश गेंदबाजी की चिंताओं को दूर करने और फिर से एकजुट होने की होगी जिससे कि प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रख सके। दिल्ली ने अपने पिछले पांच मैच में तीन गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। धर्मशाला में दिल्ली का पिछला मुकाबला जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद बीच में ही रद्द कर दिया गया था जिसके बाद लीग को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा रहा है लेकिन कई विदेशी खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वापस नहीं आ रहे जिससे फ्रेंचाइजी को





अपनी टीम में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दिल्ली की टीम अभी 11 मैच में 13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम को उस समय बड़ा झटका लगा जब शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बाकी सत्र के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया का यह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज 14 विकेट लेकर मौजूदा सत्र में अब तक टीम का सबसे सफल गेंदबाज है और उनकी अनुपस्थिति दिल्ली के लिए बड़ा झटका है। दिल्ली को हालांकि उस समय राहत मिली जब उसने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को अपने साथ जोड़ा जिन्हें शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला। अनुभवी मुस्ताफिजुर ने आईपीएल में 7.84 के इकोनॉमी रेट से 38 विकेट लिए हैं। उनसे उम्मीद की जाएगी कि वह गुजरात के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जो जूझ रहा है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने घरेलू मैदान पर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। इस सत्र में अरुण जेटली स्टेडियम में उसे सिर्फ एक जीत मिली है और वह भी सुपर ओवर के जरिए। दिल्ली और गुजरात की टीम जब पिछली बार 19 अप्रैल को भिड़ी थीं तो टाइटंस ने जोस बटलर की 54 गेंद पर 97 रन की पारी से 200 से अधिक के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की थी। हाल के मुकाबलों में दिल्ली की समस्याएं और भी बढ़ गई हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच में उनका शीर्ष और मध्यक्रम लड़खड़ा गया जबकि पंजाब किंग्स ने उनके गेंदबाजों की खूब धुनाई की जिन्होंने धर्मशाला में मैच रद्द होने से पहले सिर्फ 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे।

# रोस्टन चेज़ बने वेस्टइंडीज टेस्ट टीम के कप्तान

एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने स्पिन ऑलराउंडर रोस्टन चेज़ को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है, जबकि जोमेल वॉरिकन को उनका डिप्टी बनाया गया। खास बात यह है कि चेज़ ने पिछले दो साल से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है, बावजूद इसके उन्हें टीम की कमान सौंप दी गई है। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में बताया कि रोस्टन चेज़ को शुक्रवार को कप्तान नियुक्त किया गया। 33 वर्षीय चेज़ ने 32 वर्षीय क्रैग ब्रैथवेट की जगह ली है, जिन्होंने मार्च में तीन साल तक कप्तानी संभालने के बाद इस पद से इस्तीफा दे दिया था। चेज़ जून और जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में टीम की अगुवाई करेंगे। पहला टेस्ट चेज़ के होम ग्राउंड बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा, जो उनके करियर का 50वां टेस्ट भी होगा। उन्होंने 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था। सीडब्ल्यूआई ने टेस्ट टीम के नए कप्तान के चयन को लेकर एक मजबूत डेटा-आधारित प्रक्रिया अपनाई,



जिसके तहत छह खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इन खिलाड़ियों में जॉन कैंपबेल, टेवन इमलाक, जोशुआ डा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, रोस्टन चेज़ और जोमेल वॉरिकन के नाम शामिल थे। इन सभी उम्मीदवारों का मूल्यांकन कई प्रमुख पहलुओं पर किया गया, जिनमें टेस्ट अनुभव, नेतृत्व क्षमता और पूर्व कप्तानी रिकॉर्ड शामिल रहे। इसके बाद चयन प्रक्रिया में एक विस्तृत मूल्यांकन चरण शामिल किया गया, जिसमें नेतृत्व शैली, व्यवहार और भूमिका के लिए उपयुक्तता का आकलन करने के लिए साइकोमेट्रिक टेस्ट भी शामिल था। इस मूल्यांकन के बाद उम्मीदवारों के संरचित इंटरव्यू लिए गए, जिनमें उनके रणनीतिक दृष्टिकोण, संवाद कौशल और टीम की संस्कृति से मेल पर ध्यान दिया गया। अंततः रोस्टन चेज़ को टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया, जबकि जोमेल वॉरिकन को उपकप्तान बनाया गया। वहीं, वर्तमान वनडे और टी20 टीम के कप्तान शाई होप ने टेस्ट कप्तानी की दौड़ से खुद को अलग कर लिया और छोटे प्रारूपों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। रोस्टन चेज़ अब तक 49 टेस्ट और 86 सीमित ओवरों के अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। कोच डैरेन सैमी ने इस फैसले का समर्थन करते हुए कहा, ''मैं इस नियुक्ति का पूर्ण समर्थन करता हूं। हमारे नए कप्तान ने अपने साथियों का विश्वास जीता है, वह इस भूमिका की जिम्मेदारी को समझते हैं और उनमें वह नेतृत्व गुण हैं जिनकी इस टीम को आगे ले जाने के लिए ज़रूरत है। मैं पूरे क्षेत्र के फैंस से अपील करता हूं कि वे उनके पीछे खड़े हों—हम एक विशेष भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। रोस्टन चेज़ के लिए कप्तान के तौर पर पहला मुकाबला जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज होगी, जो नए आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआती सीरीजों में से एक होगी।

# चेल्सी और एस्टन विला ने घर में जीत के साथ चैंपियंस लीग की उम्मीदें ज़िंदा रखीं

एजेंसी

बर्मिंघम। चेल्सी और एस्टन विला ने शुक्रवार को अपने-अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज कर अगली चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखीं। एस्टन विला ने टॉटनहैम हॉटस्पर को 2-0 से हराया, जबकि चेल्सी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ 1-0 की कड़ी जीत दर्ज की। विला पार्क में खेले गए मुकाबले में मेज़बान टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा, लेकिन पहला गोल करने में उन्हें 59वें मिनट तक का इंतजार करना पड़ा। जॉन मैकगिन के कॉर्नर पर ओली वॉटकिंस ने हेडर से गेंद को आगे बढ़ाया जिसे बिना किसी मार्किंग के खड़े एज़री कोंसा ने गोल में बदल दिया। इसके बाद 76वें मिनट में बूबाकार कमारा ने पेनल्टी बॉक्स के किनारे से लो ड्राइव मारकर विला




की बढ़त को दोगुना कर दिया। यह कमारा का प्रीमियर लीग में 69वें मैच में पहला गोल था। फ्रेंच मिडफील्डर कमारा ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ''हम जानते थे कि आज जीतना बेहद ज़रूरी है। हम फिर से चैंपियंस लीग खेलना चाहते हैं। दूसरी ओर स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला पहले हाफ में फीका रहा। लेकिन दूसरे हाफ में चेल्सी ने रफ्तार पकड़ी और 71वें मिनट में रीस जेम्स के क्रॉस पर स्पैनिश डिफेंडर मार्क कुकरेला ने हेडर से गोल करते हुए टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ चेल्सी 66 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि एस्टन विला गोल अंतर के आधार पर पांचवें स्थान पर है।

# पंजाब की नजरें प्ले ऑफ पर, अंतिम घरेलू मैच में प्रतिष्ठा बचाने उतरेगा राजस्थान रॉयल्स

एजेंसी

जयपुर। पंजाब किंग्स की टीम रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद औसत प्रदर्शन भी नहीं कर पाई है। एक सप्ताह के ब्रेक के बाद सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर की टीम आठ मई के उस बुरे सपने को भूलने की उम्मीद करेगी जब भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ उनका मैच रद्द करना पड़ा और खिलाड़ियों को अंधेरे में अपने ड्रेसिंग रूम में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पंजाब की टीम 11 मैच में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस टीम में फिर से शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन वे




आईपीएल के बहाल होने के बाद पंजाब के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा वापस बुलाए गए तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की अनुपस्थिति पंजाब की टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 विकेट चटकाकर काफी प्रभाव डाला था। हालांकि पंजाब के पास कप्तान अय्यर, सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहल वढेरा की मौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत दल है और भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद विदेशी खिलाड़ियों के जाने के बावजूद टीम पर अधिक असर नहीं पड़ा है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और फॉर्म में चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल से टीम को काफी उम्मीद होगी। चहल ने 11 मैच में 14 विकेट लिए हैं जिसमें 28 रन पर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। चोटिल लॉकी फर्ग्युसन की जगह न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन के आने से रॉयल्स के खिलाफ पंजाब की टीम संतुलन हासिल कर सकती है जबकि इसके बाद स्टोइनिस और इंगलिस टीम से जुड़ जाएंगे। पंजाब की टीम एक बार फिर अपने बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर होगी जो धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने के करीब थे और उन्होंने मैच रद्द होने से पहले केवल 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। इस प्रदर्शन से उन्हें रॉयल्स के खिलाफ पर्याप्त आत्मविश्वास मिलेगा। मेजबान टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और 12 मैच में केवल तीन जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। रॉयल्स की टीम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने आखिरी मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी लेकिन इसके लिए उसे अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि उसने अपने पिछले पांच में से चार मैच गंवाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए जूनियर महिला टीम घोषित की

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना के रोसारियो में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए शनिवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की जिसमें गोलकीपर निधि को कप्तान बनाया गया है जबकि हिना बानो उप-कप्तान होंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से दो जून तक खेला जाएगा जिसमें भारत और मेजबान अर्जेन्टीना के अलावा उरुग्वे और चिली की टीम हिस्सा लेंगी। दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम प्रत्येक टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी जो उसे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजन का आकलन करने और रणनीतियों को बेहतर करने में मदद करेगा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने विज्ञप्ति में कहा, ''हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं, विशेषकर जूनियर विश्व कप को देखते हुए जो सिर्फ छह महीने दूर है। यह दौरा खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, ''दीर्घकाल में हम उन्हें सीनियर टीम में जगह बनाने के लिए भी तैयार कर रहे हैं। यह बदलाव तभी संभव है जब वे विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करें जो इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण बनाता है। टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी मिंज शामिल हैं जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाई रखा गया है। रक्षापंक्ति में ममिता ओरम, लालथंतलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला को जगह मिली है। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, खैदेम शिलेमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा शामिल होंगी। हुडा खान और मुनमुनी दास को स्टैंडबाय मिडफील्डर के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अग्रिम पंक्ति में हिना बानो, सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच और करमनप्रीत कौर शामिल हैं। सेलेस्टिना होरो को स्टैंडबाय के रूप में नामित किया गया है। भारत का पहला मैच 25 मई को चिली से होगा।

### केरल के खेल मंत्री ने अर्जेन्टीना फुटबॉल टीम के दौरे को लेकर भरोसा जताया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को अपना भरोसा दोहराया कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेन्टीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट किया कि इस शीर्ष फुटबॉल टीम को राज्य में लाना सरकार की नहीं बल्कि प्रायोजकों की जिम्मेदारी है। मंत्री की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब मीडिया के एक वर्ग ने दावा किया है कि अर्जेन्टीना टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है। यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि कोच्चि स्थित रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने अर्जेंटीना टीम के साथ करार किया था और अनुबंध अभी बरकरार है। अब्दुरहीमान ने कहा कि प्रायोजकों ने आश्वासन दिया है कि वे बिना किसी देरी के इस संबंध में भुगतान संबंधी मसलों को जल्द ही सुलझा लेंगे। उन्होंने कहा, ''इसलिए अभी हम यह नहीं कह सकते कि मेस्सी और अर्जेंटीना की टीम केरल नहीं आएगी। हालांकि कुछ पहलुओं में कुछ देरी हुई है लेकिन फिलहाल कोई भ्रम नहीं है। प्रायोजकों पर भरोसा जताते हुए मंत्री ने कहा कि उन्हें सरकार से पूरा समर्थन मिल रहा है। खेल मंत्री ने आगे कहा कि सरकार को इस संबंध में प्रायोजकों पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि वह अर्जेंटीना जैसी शीर्ष टीम को लाने का भारी-भरकम खर्च नहीं उठा सकती। अब्दुरहीमान ने कहा कि सरकार ने रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी सहित दो प्रायोजकों पर ध्यान केंद्रित किया था और आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उनके विवरण प्रस्तुत किए थे।

### युकी और गैलोवे बॉरडॉक्स चैलेंजर के सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने शनिवार को क्वेंटिन हैलिस और अल्बानो ओलिवेटी की गैरवरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे सेट में हराकर बॉरडॉक्स चैलेंजर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत और अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में अपने गैरवरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों पर 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। युकी और गैलोवे सेमीफइनल में राफ़ेल माटोस और मार्सेलो मेलो की तीसरी वरीय ब्राजीली जोड़ी से भिड़ेंगे। भारत के अन्य दावेदार टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

# आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 20 रुपये के नए नोट करेगा जारी

एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज में 20 रुपये मूल्यवर्ग के नए बैंक नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। आरबीआई ने शनिवार को जारी बयान में बताया है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी किए जाएंगे, जिन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। बयान के अनुसार इन नोटों का डिजाइन हर तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों जैसा ही है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि रिजर्व बैंक द्वारा अतीत में जारी किए गए 20 रुपये मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। नए 20 रुपये के बैंक नोटों का डिजाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 रुपये के नोटों जैसा ही रहेगा। आरबीआई के मुताबिक




डिजइन, रंग या सुरक्षा सुविधाओं में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बयान के मुताबिक रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए 20 रुपये के सभी पिछले संस्करण वैध मुद्रा माने जाते रहेंगे और नई श्रृंखला के साथ प्रचलन में बने रहेंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह अपडेट आरबीआई द्वारा नियमित रूप से जारी किए जाने वाले बैंक नोटों का हिस्सा है, जिसमें रिजर्व बैंक गवर्नर के हस्ताक्षर अपडेट किए गए हैं। आरबीआई के मुताबिक इससे बाजार में पहले से मौजूद उसी मूल्यवर्ग के मौजूदा 20 रुपये के करेंसी नोटों की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ता है।

# भारत 100 प्रतिशत शुल्क कम करने को तैयार नयी दिल्ली के साथ व्यापार समझौता जल्द: ट्रंप

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क कम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने वाला है। हालांकि, ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्हें प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार यह दावा किया है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क कम करने की पेशकश कर रहा है। इसे देखते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में कहा कि ल्लकोई भी व्यापार समझौता पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए। ट्रंप ने एक बार फिर भारत को दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक बताया। उन्होंने कहा, ल्लवे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे अमेरिका के लिए अपने शुल्क में 100 प्रतिशत कटौती करने को तैयार हैं। जब उनसे पूछा गया कि भारत के साथ समझौता कब तक होगा, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, जल्द ही होगा। मुझे कोई जल्दी नहीं है। देखिए, हर कोई हमारे साथ सौदा करना चाहता है। उन्होंने कहा, दक्षिण कोरिया सौदा करना चाहता है, लेकिन मैं हर किसी के साथ सौदा नहीं करने जा रहा हूं। मैं बस सीमा तय करने जा रहा हूं। मैं सबसे सौदे नहीं कर सकता, क्योंकि आप इतने लोगों से नहीं मिल सकते। मेरे पास 150 देश हैं, जो सौदा करना चाहते हैं। भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा, ल्लये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार समझौता परस्पर लाभकारी होना चाहिए। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए वार्ता की प्रगति का आकलन करने के लिए इस समय वाशिंगटन में हैं।

# आईआईसीए और डीजीआर ने वरिष्ठों के लिए दूसरा प्रमाणन कार्यक्रम पूरा किया

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफ़ेयर्स (आईआईसीए) और डायरेक्टरेट जनरल रीसेटलमेंट (डीजीआर) ने वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ स्वतंत्र निदेशक के लिए दूसरा प्रमाणन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के 30 उच्च-श्रेणी के अधिकारी शामिल हुए। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफ़ेयर्स (आईआईसीए) ने डायरेक्टरेट जनरल रीसेटलमेंट (डीजीआर) के साथ मिलकर 5 से 16 मई, 2025 तक गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईआईसीए कैंपस में वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ विशेष प्रमाणन कार्यक्रम का दूसरे बैच का समापन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के 30 उच्च-श्रेणी के अधिकारी शामिल हुए। मंत्रालय ने कहा कि प्रतिभागियों में एयर मार्शल, वाइस एडमिरल, रियर एडमिरल, एयर वाइस मार्शल, मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल और ग्रुप कैप्टन सहित अन्य श्रेणियों के कुल 30 वरिष्ठ अधिकारियों ने द्वि साप्ताहिक प्रमाणन कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान सभी ने अपने कॉर्पोरेट प्रशासन कौशल को बढ़ाने और सैन्य और कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रतिच्छेदन को समझने पर ध्यान केंद्रित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईसीए के डीजी एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ज्ञानेश्वर कुमार सिंह ने की। समापन कार्यक्रम को लेफ्टिनेंट जनरल एसबीके सिंह, एसएम, डायरेक्टर जनरल, डीजीआर एंड वाइस एडमिरल राजाराम स्वामीनाथन ने भी संबोधित किया, जिसमें उन्होंने सशस्त्र बलों और कॉरपोरेट जगत में होने वाले अनुभवों के बीच समानताएं बताईं। उन्होंने रेखांकित किया कि कॉरपोरेट में सुशासन के लिए आवश्यक शर्तें-नैतिकता और अखंडता, सशस्त्र बलों में पहले ही मौजूद हैं। आईआईसीए के डीजी एवं सीईओ ज्ञानेश्वर कुमार सिंह ने उभरते भारतीय




कॉरपोरेट परिदृश्य में अनुभवी लोगों की ओर से निभाई जाने वाली अपेक्षित भूमिकाओं के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष प्रकार के क्षेत्रों में सशस्त्र बलों की ओर से अधिक क्षमता और उत्पादन पर जोर दिया। सिंह ने अपने संबोधन के दौरान रेखांकित किया कि किस प्रकार यह अनुभव भारतीय कॉरपोरेट क्षेत्र का हिस्सा रहते हुए राष्ट्र निर्माण के योग्य बनाएगा। वहीं, आईआईसीए में कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड पब्लिक पॉलिसी स्कूल के हेड डॉ. नीरज गुप्त ने अपने संबोधन के दौरान सर्वाधिक महत्वपूर्ण हालातों के बावजूद पूरे कार्यक्रम में प्रतिभागियों की उपस्थिति बनाए रखने पर धन्यवाद किया। उन्होंने सार्वजनिक शासन, सैन्य शासन और कॉरपोरेट शासन के विचारों के बीच कन्वर्जेंस और डाइवर्जेंस प्वाइंट्स पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने जोर दिया कि द्वि साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्यः (द्ब) प्रतिभागियों को कॉरपोरेट प्रशासन की नियामक समझ और विचारों को समझाना, स्वतंत्र डायरेक्टर की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में बताना और कॉरपोरेट बोर्ड में योगदान देने में मदद करना था। इसके अलावा प्रमाणन कार्यक्रम को आईआईसीए में प्रधान रिसर्च असोसिएट डॉ. अनिंदिता चक्रवर्ती और आईआईसीए में वरिष्ठ रिसर्च असोसिएट सीएस आशीष कुमार ने पूरा किया। कॉरपोरेट मामलों पर जानकारी के भंडार, मंत्रालय, कॉरपोरेट और अन्य इकाइयों जैसे नियामकों के साथ नियामक फ्रेमवर्क पर काम करने वाले आईआईसीए ने एक उत्प्रेरक के तौर पर अपनी भूमिका निभाई। संस्थान हमेशा से सुशासन के प्रचार और जिम्मेदार व्यापार आचरण से जुड़ी पहलों में अग्रणी रहा है।

# भारत का विरोध करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था को सशक्त न बनाएं: धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से संकट के समय भारत के खिलाफ खड़े होने तथा भारत के हितों के विरूद्ध काम करने वाले देशों की यात्रा करने और उनसे सामान आयात करने से बचने को कहा है।

श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? समय आ गया है जब हममें से प्रत्येक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। हम उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे देश के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने का अधिकार है। हर व्यक्ति व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए और वह है राष्ट्र पहले। हर चीज को गहरी प्रतिबद्धता, अटूट प्रतिबद्धता, राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर माना जाना चाहिए। और यह मानसिकता हमें अपने बच्चों को पहले दिन से ही सिखानी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की और सशस्त्र बलों को बधाई दी। इस ऑपरेशन को पहलगाम बर्बर हमले का मुंहतोड़ जवाब बताया। भारत की सभ्यतागत विशिष्टता का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा, हम एक राष्ट्र के रूप में अद्वितीय हैं। दुनिया का कोई भी राष्ट्र 5,000 साल पुरानी सभ्यतागत परंपराओं पर गर्व नहीं कर सकता। हमें पूर्व और पश्चिम के बीच की खाई को पाटने की जरूरत है, न कि उसे तोड़ने की। राष्ट्र विरोधी आख्यानों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा हम राष्ट्र-विरोधी आख्यानों को कैसे स्वीकार या अनदेखा कर सकते हैं? विदेशी विश्वविद्यालयों का हमारे देश में आना ऐसी चीज है जिसपर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए गहन चिंतन की जरूरत है। यह ऐसी चीज है जिसके बारे में हमें बेहद सावधान रहना होगा। श्री धनखड़ ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में बढते व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा , यह देश शिक्षा के व्यावसायीकरण को बर्दाश्त नहीं कर सकता। यह निर्विवाद है कि हमारी सभ्यता के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य पैसा कमाने के क्षेत्र नहीं हैं। ये समाज को वापस देने के क्षेत्र हैं। हमें समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। उन्होंने उद्योग जगत से शोध के महत्व पर जोर देते हुए कहा,शैक्षणिक संस्थानों को पूरी तरह से कॉर्पोरेट द्वारा वित्त पोषित किया जाना चाहिए। सीएसआर फंड को प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि शोध में निवेश मौलिक है।

# कश्मीर में संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं: उमर अब्दुल्ला

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) या नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं है।

मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा, ल्लजम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन की अभी कोई रिपोर्ट नहीं है।ङ्क उन्होंने कहा कि सीमा पर हाल हुये संघर्ष के कारण नुकसान का आकलन किया जा रहा है और एक बार नुकसान आकलन रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद सरकार उसके अनुसार ही मुआवजे की रिपोर्ट तैयार करेगी। श्री अब्दुल्ला ने कहा, हम अपने स्तर पर जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे और जहां भी हमें केंद्र सरकार की मदद की जरूरत होगी, मदद ली जायेगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सही कदम है। उन्होंने इसे भारत का पक्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रखने का अच्छा मौका बताया और याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय संसद हमले के बाद भी ऐसा ही किया गया था। उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियों के नेता इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होंगे। श्री अब्दुल्ला ने माना है कि पर्यटन क्षेत्र को जम्मू-कश्मीर को काफी नुकसान हुआ है और कहा कि इस बार की गर्मी के मौसम में बहुत कम पर्यटक आए हैं। अब सरकार का ध्यान अमरनाथ यात्रा को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने पर है। यात्रा के बाद, वे पर्यटन को फिर से बढ़ावा देने की योजना बनाएंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी सरकार ने देश से की गद्दारी : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। विदेश मंत्री खुद कह रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था। यह बेहद गम्भीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सामने आकर बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी क्यों की? उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री को लेकर इस समय जो खबर सामने आई है, उसने पूरे देश को स्तब्ध, हैरान और व्यथित कर दिया है। यह भारत माता और भारतीय सेना के साथ गद्दारी है, जो मोदी सरकार ने की है। आप नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से पहले ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया कि आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने जा रहे हैं? यह वही पाकिस्तान है, जो आतंकवादियों का संरक्षक है, जो आतंकवादियों की शरणस्थली है, जहां की सेना के अधिकारी आतंकवादियों के जनाजे में शामिल होते हैं। आप नेता ने कहा कि पहले ही ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देना भारत, भारतीय सेना और भारत माता के साथ गद्दारी है। यह कोई साधारण मामला नहीं है। मोदी सरकार को सामने आकर इसका जवाब देना चाहिए। यह अत्यंत गंभीर बात है कि इतने बड़े ऑपरेशन की सूचना पहले ही पाकिस्तान को दे दी गई। मोदी सरकार ने पाकिस्तान को पहले ही सावधान कर दिया? श्री सिंह ने कहा कि अभी प्रधानमंत्री मोदी को इस सवाल का जवाब देना होगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो कह रहे हैं, उसमें कितनी सच्चाई है?

## तेलंगाना के मुलुगु जिले से 20 माओवादी गिरफ्तार, आठ ने किया आत्मसमर्पण

मूलिंग। तेलंगाना के मुलुगु जिले में माओवादियों को बड़ा झटका लगा है। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार को जहां 20 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है वहीं आठ माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। ऑपरेशन कगार का भी माओवादियों पर असर दिख रहा है।पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। माओवादी पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्यरत सदस्यों ने आज जिला पुलिस अधीक्षक शबरीश के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नक्सली तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने की इच्छा दिखा रहे हैं। पुलिस का कहना अब माओवादी संघर्ष छोड़ कर आत्मा समर्पण समर्पण करने और हथियार छोड़कर मुख्यधारा में जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं। पोर कन्ना-उर मिन्ना। (संघर्ष से भी अच्छा अपने गांव में वापस लौट आओ) नामक कार्यक्रम के अच्छे परिणाम दिख रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक शबरीश ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों पर इनाम की राशि 24 घंटे के भीतर उनके खातों में जमा कर दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों का पुनर्वास किया जाएगा और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का विशेष ध्यान रख रहे हैं। पुलिस अधीक्षक शबरीश ने छिपे हुए बाकी माओवादियों से भी सार्वजनिक जीवन की मुख्यधारा में आने का आह्वान किया।

## आतंकवाद पर पाकिस्तान को बेनकाब करना जरूरी: सुले

पुणे। आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर भारत का कड़ा रुख और संदेश देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की शीर्ष नेता सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान को बेनकाब करना जरूरी है। श्रीमती सुले ने शनिवार को यह अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का आभार जताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान सीमा पार से लगातार आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। इसे बेनकाब करना और इसकी असलियत उजागर करना जरूरी है। हम सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारत इसके लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार है।'' उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को बार-बार दिखाया है कि वह देश की संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है। श्रीमती सुले महाराष्ट्र के बारामती से लोकसभा सांसद है। उन्होंने कहा, ल्लबारामती क्षेत्र के लोगों के प्रतिनिधि के रूप में वैश्विक स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। यह केवल निर्वाचन क्षेत्र के लोगों द्वारा दिए गए निरंतर विश्वास, अटूट प्यार और सेवा के अवसर के कारण ही संभव हो पाया है। इसके लिए हम उनके ऋणी हैं। उन्होंने कहा, हम सभी देशवासियों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# प्रधानमंत्री के बिहार दौरे में बदलाव, अब 29 मई को पहुंचेंगे पटना

एजेंसी


पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री अब दो दिवसीय बिहार दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी आगामी 29 मई को ही पटना पहुंच जाएंगे। 29 को वो पटना में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जबकि 30 मई को विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। पहले उनका कार्यक्रम एक दिन का तय था, लेकिन अब इसे विस्तारित कर दो दिन का कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बताया कि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले थे, लेकिन अब उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पीएम मोदी अब दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। पहले केवल बिक्रमगंज में एकदिवसीय कार्यक्रम तय था, लेकिन अब पीएम दो दिन के प्रवास पर बिहार आ रहे हैं। प्रधानमंत्री 29 मई की शाम पटना पहुंचेंगे। यहां वे जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। यह भवन लगभग 1,216 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है और राज्य के हवाई यातायात को नई गति देगा। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री रात में पटना में ही विश्राम करेंगे। 30 मई को प्रधानमंत्री रोहतास के बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह रैली चुनावी दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री का यह दौरा खास तौर पर आगामी विधानसभा चुनाव और हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# कश्मीर कल भी हमारा था, आज भी है और कल भी रहेगा : उद्धव

एजेंसी

मुंबई। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि कश्मीर कल भी हमारा था, आज भी है और कल भी हमारा ही रहेगा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारे बीच वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन देश पर कोई संकट आएगा तो हम हमेशा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़े रहेंगे। उद्धव ने कहा कि हम देश के खिलाफ नहीं बल्कि सरकार के खिलाफ हैं।

शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे शनिवार को शिवसेना भवन में विधायकों, सांसदों और जिला प्रमुखों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक दिन देश में भाजपा का शासन नहीं रहेगा लेकिन कश्मीर हमेशा भारत का रहेगा।



उद्धव ठाकरे कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का अध्ययन चल रहा है लेकिन चुनाव पारदर्शी तरीके से होने चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव करना ठीक है लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार में शामिल नहीं होना चाहिए।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा जहाज़ डूबने वाला नहीं है। सत्ता आती है और जाती है। हम सत्ता में आने पर अभिभूत नहीं होना चाहते और हम सत्ता खोने पर दुखी भी नहीं होना चाहते। शक्ति पुनः प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और प्रयास की आवश्यकता होती है। जिनको हमने इतना कुछ दिया, वे पार्टी छोड़ रहे हैं। अगर वे पार्टी छोड़ भी देते हैं तो इससे हमारी पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जो छोड़ना चाहता है उसे छोड़ दो। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मजदूर हमारे साथ हैं। उद्धव ठाकरे ने शिवसैनिकों को आम आदमी के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

## पार्षदों का दलबदल भाजपा की साजिश का हिस्सा: आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने अपने पार्षदों के दलबदल के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गहरी साजिश बताया है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को कहा कि पार्टी ने मेयर चुनाव के दौरान भी बताया था कि भाजपा हमारे पार्षदों की खरीद-फरोख्त का प्रयास कर रही है। भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल होने के लिए 'आप' के पार्षदों को पांच-पांच करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया था। हमारे पार्षदों का ''आप'' से इस्तीफा देना भी खरीद-फरोख्त का एक रूप है।

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने के नाम पर राजनीति कर रही है सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को विदेश तक पहुंचाने के लिये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के नाम पर राजनीति कर रही है और इसमें शामिल होने के लिए जिन नाम की सिफारिश की जा रही है, उन्हें नहीं भेज रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के विदेशी दौरे करने की योजना सरकार ने तब बनाई, जब उसे एहसास हो गया कि उसकी कूटनीति असफल हो चुकी है। उनका कहना था कि पार्टी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का स्वागत करती है, लेकिन इसमें राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सांसदों का प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजकर भारत का रुख दुनिया के सामने रखने की बारे में शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की और प्रतिनिधिमंडल के लिए पार्टी से चार नाम मांगे। श्री रिजिजू के अनुरोध पर पार्टी ने पूर्व विदेश मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन और लोकसभा सदस्य अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को भेजे, लेकिन आश्चर्यचकित करने वाली बात यह है कि जो नाम पार्टी ने भेजा ही नहीं है, उन्हें प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है। इसका मतलब यह हुआ कि प्रतिनिधिमंडल के लिए सांसदों के नामों के बारे में पहले ही फैसला हो गया था, महज औपचारिकता के लिए श्री खरगे एवं श्री गांधी से बात की गयी। गौरतलब है कि सरकार ने एक प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस सांसद शशि थरुर को शामिल किया है, जबकि पार्टी ने उनका नाम नहीं भेजा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मौजूदा घटनाक्रम को लेकर चर्चा करने के लिए कांग्रेस लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है, लेकिन इन पर श्री मोदी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। अचानक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेजने की बात आई, लेकिन इसमें ईमानदारी की बजाय राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को भारत के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को लेकर जवाब देना चाहिये।

# पेज एक का शेष

## डेलिगेशन की...

देशों का दौरा करेंगे। वे आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के हमारे साझा संदेश को लेकर जाएंगे। मंत्रालय के बयान को साझा करते हुए उन्होंने कहा, ''यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब है। बयान में कहा गया कि सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की प्रस्तावित यात्राएं 'ऑपरेशन सिंदूर' और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई से संबंधित हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा करने की उम्मीद है, जबकि सुले की अगुवाई वाली सांसदों की टीम ओमान, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र की यात्रा करेगी। उन्होंने कहा कि झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया (सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश) का दौरा करने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि छह से सात सांसदों वाला प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल चार से पांच देशों का दौरा कर सकता है। अनुराग ठाकुर, अपराजिता सारंगी, मनीष तिवारी, असदुद्दीन ओवैसी, अमर सिंह, राजीव प्रताप रूडी, समिक भट्टाचार्य, बृजलाल, सरफराज अहमद, प्रियंका चतुर्वेदी, विक्रमजीत साहनी, सस्मित पात्रा और भुवनेश्वर कलिता समेत विभिन्न दलों के सांसद इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा होंगे। झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विदेश मंत्री और कंग्रेस नेता सलमान खुर्शीद को भी शामिल किया गया है। खुर्शीद अभी सांसद नहीं हैं। सरकार ने तृणमूल कंग्रेस के सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इनकार कर दिया। इस व्यापक कूटनीतिक प्रयास का उद्देश्य विभिन्न देशों में, पहलगाम हमले पर भारत के रुख को रेखांकित करना है। थरूर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए पांच प्रमुख देशों में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए सरकार के निमंत्रण से ''सम्मानित'' महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। जय हिंद! थरूर के बारे में पूछे जाने पर कंग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कंग्रेस की तरफ से सिर्फ चार नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पार्टी से विचार-विमर्श किए बिना उसके किसी सांसद को शामिल नहीं कर सकती। रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार खेल, खेल रही है और शरारतपूर्ण मानसिकता के साथ काम कर रही है। श्रीकांत शिंदे ने 'एक्स' पर कहा, ''हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दृढ़ता से बताएंगे कि भारत में आतंकवाद के लिए कोई स्थान नहीं है, और पाकिस्तान अपनी धरती पर आतंकवाद को पाल रहा है। जब राष्ट्रीय हित की बात आती है, तो कोई मतभेद नहीं होता, केवल कर्तव्य होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कृत्य को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। इससे यह संकेत मिलता है कि यदि पाकिस्तान भारतीय क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है तो भारत उसे निशाना बनाएगा। भारत ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के साथ कई दिनों तक चले संघर्ष के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल रोका गया है और अगली कार्रवाई पड़ोसी देश के आचरण पर निर्भर करेगी।

## सरकार से मिली...

समिति के अध्यक्ष के रूप में और अंतरराष्ट्रीय मामलों में वर्षों से उनके व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर उनसे कहा गया है कि इस समय देश को आपकी जरूरत है। श्री थरूर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है उसे वह उसी तरह पूरी करेंगे जैसे उन्होंने हर जिम्मेदारी को पूरा किया है चाहे वह संयुक्त राष्ट्र में हो या कांग्रेस पार्टी में। कांग्रेस सांसद ने कहा कि इस विशेष मुद्दे सहित विभिन्न मुद्दों पर सोमवार और मंगलवार को संसदीय स्थायी समिति की बैठक है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकार से इस बारे में पहली बार हुई बातचीत से पार्टी को अवगत करा दिया था। श्री थरूर ने कहा कि उन्हें सरकार की दुनिया को संदेश देने की पहल उचित लगी है और यह सही है कि इस विशेष रूप से महत्वपूर्ण मुद्दे पर सब एकजुट रहें।

## युद्ध विराम कराने...

आप जानते हैं कि वे अमेरिका के लिए अपने शुल्क में शत-प्रतिशत कटौती करने को तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या व्यापार समझौता जल्द ही होने वाला है, उन्होंने कहा कि उन्हें 'जल्दबाज़ी नहीं है', और कहा, देखिए, हर कोई हमारे साथ समझौता करना चाहता है। भारत द्वारा शत-प्रतिशत शुल्क में कटौती करने की इच्छा के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के दो दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत अभी भी जारी है और कोई भी समझौता पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने गुरुवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। इस समय एक टीम वहां जा रही है। उन्होंने कहा था, ल्लये बहुत जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। ..लेकिन कोई भी व्यापार समझौता परस्पर लाभकारी होना चाहिए। इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि व्यापार समझौते से हमारी यही अपेक्षा होगी। और जब तक ऐसा नहीं हो जाता, तब तक इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका का दौरा कर रहे हैं। श्री गोयल के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल भी हैं। भारत 09 अप्रैल को प्रमुख व्यापारिक साझीदारों के लिए आयात शुल्क बढ़ोतरी पर राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा घोषित 90-दिवसीय रोक के भीतर अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करना चाहता है, जिसमें भारत पर 26 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

## 'शक्ति हो तो ...

प्रभावी ढंग से रख सकता है और वह पहले भी कह चुके हैं कि अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रसार भी तभी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह स्वभाव विश्व का है, इसे बदला नहीं जा सकता। इसके साथ ही उन्होंने संत समाज की भूमिका की भी प्रशंसा की, और कहा कि ऋषि परंपरा का निर्वहन करते हुए संस्कृति और धर्म की रक्षा कर रहे हैं।

## भारत में पाकिस्तान से ...

गया था। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि लोगों ने हमें सिर्फ अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए नहीं चुना है। हमें अपने देश का भी प्रतिनिधित्व करना है। भारत के सभी लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने कहा, 'अभी तक मुझे पता है कि मैं जिस ग्रुप में हूं, उसका नेतृत्व मेरे अच्छे दोस्त बैजयंत जय पांडा करेंगे। मुझे लगता है कि इसमें निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू और गुलाम नबी आजाद शामिल होंगे। मुझे लगता है कि हम जिन देशों में जाएंगे, वे हैं यूके, फ्रांस, बेल्जियम, जर्मनी, इटली और डेनमार्क।' मालूम हो कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेगा, जिनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता, जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे।

## हिसार में पकड़ी गई ...

मिली थी। उसने शाकिर का नम्बर ले लिया था और जट रंधावा के नाम से सेव कर लिया था ताकि किसी को उस पर शक ना हो। इसके बाद वो भारत आ गई थी। फिर वो सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए सभी से संपर्क में थी और देश विरोधी सूचनाएं भेज रही थी। पुलिस मामले में गहन छानबीन कर रही है।

## मथुरा से पकड़े ...

28 बच्चे हैं। पकड़े गए लोगों के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इन्हें लाने वाले ठेकेदार की तलाश की जा रही है, उससे पता चल सकेगा वह अब तक कितने बांग्लादेशियों को यहां ला चुका है। 25 जनवरी, 2020 को वृंदावन में इमलीतला के सेवाकुंज मंदिर में साधु बनकर सात साल से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों चैतन्य देव उर्फ देव राय और मनरंजन राय उर्फ माधव दास को गिरफ्तार किया गया था।

## बाढ़ बचाव के सारे ...

सभी रिजर्व वायर की मरम्मत और डिसिल्टिंग का कार्य समयबद्ध ढंग से किया जाए और नए रिजर्व वायर बनाने की योजना तैयार की जाए। साथ ही मुजफ्फरनगर में शुक्रताल तीर्थ की तर्ज पर विदुर कुटी में गंगा की धारा लाने की योजना पर भी तेजी से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में 1129 सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं, जिससे 5019640 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा सृजित हुई है और 21688493 कृषकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि सरयू नहर, बाणसागर और अर्जुन सहायक परियोजनाएं अब पूरी हो चुकी हैं और मिशन मोड में इनके माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ध्यान रहे कि अन्नदाता को सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता में कोई कमी न होने पाए। मुख्यमंत्री कहा कि राज्य सरकार बाढ़ और सूखे जैसी विपदाओं को केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि प्रशासनिक तत्परता से रोकी जा सकने वाली चुनौती मानती है। उन्होंने कहा कि पूर्व तैयारी और ठोस जल नीति के माध्यम से प्रदेश को जल संकट से मुक्त और किसानों को समृद्ध किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने किया सब-वे और मल्टी मॉडल हब का उद्घाटन

■ 400 मीटर भूमिगत टनल से पहुंचेगे जंक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना जंक्शन के पास सब-वे का शुभारम्भ और स्मार्ट सिटी के तहत पटना के जीपीओ गोलंबर के नजदीक बने मल्टी मॉडल हब का उद्घाटन किया। पटना जंक्शन के सामने एक 440 मीटर लंबा अंडरग्राउंड सब-वे और इसके ऊपर तीन मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसमें रेस्टोरेंट, एटीएम से लेकर दुकानें तक हैं। जीपीओ गोलंबर से पटना जंक्शन गोलंबर वाया न्यू मार्केट एरिया में पीक आवर में गाड़ियां रेंगती रहती है। पटना जंक्शन पर गाड़ियों की पार्किंग की पर्याप्त



व्यवस्था भी अब तक नहीं थी। अभी जीपीओ गोलंबर के पास ही बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड भी है। ऐसे में लोगों को स्टेशन आने और जाने में काफी परेशानी हो रही थी। इसके उद्घाटन के बाद अब जंक्शन के पास से खुलने वाली बसों को यहीं पार्क किया जाएगा। ऑटो को भी यहीं खड़े करने की व्यवस्था होगी। आम जन के लिए यह रविवार , यानी 18 मई से शुरु होगा। मल्टी मॉडल हब और टनल की देखरेख की जिम्मेदारी स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ही होगी। इसके रखरखाव और देखरेख के लिए टेंडर के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से हर जरूरी बंदोबस्त किए गए हैं। हर एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। आग से बचाव के लिए हर मंजिल पर सेंट्रलाइज्ड फायर इस्टिंग्विशर का सेटअप तैयार किया गया है। पूरे टनल में सेंट्रलाइज्ड एसी का सेटअप किया गया है। टनल में सीसीटीवी कैमरे, लाइट्स, डिस्प्ले स्क्रिन और साउंड सिस्टम भी है। साउंड सिस्टम के जरिए लोगों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि टनल के किस गेट के जरिए किस साइड बाहर निकला जा सकता है।' टनल में तीन एंट्री और एग्जिट गेट बनाए गए हैं। इससे जीपीओ गोलंबर और इस्कॉन टेंपल की तरफ से लोग आसानी से पटना जंक्शन पहुंच सकते हैं। गाड़ियों की बेहतर पार्किंग के साथ स्टेशन आने-जाने में भी लोगों को सहूलियत होगी। सब-वे से पैसेंजर्स को महावीर मंदिर जाने में सुविधा होगी।

# लालू यादव के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार, पैतृक गांव फुलवरिया में होगा चशपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। सिवान के एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक इश्तेहार जारी किया है। इस इश्तेहार के जरिये कोर्ट ने उन्हें ससमय पेश होने का आदेश दिया है। लालू प्रसाद आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में पिछले कई सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए थे। इस कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ यह इश्तेहार जारी किया है। दरअसल, कोर्ट में उपस्थिति को लेकर जमानतीय और गैर-जमानतीय वारंट जारी होने के बाद भी यदि आरोपी उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध इश्तेहार जारी किया जाता है। एक पुराने मामले में न्यायालय ने उन्हें स-समय कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। लालू यादव से जुड़ा यह मामला 2011 का है। सिवान जिले में दरौंदा थाना के विधानसभा



क्षेत्र में 2011 में उपचुनाव हुआ था, जिसमें राजद उम्मीदवार परमेश्वर राय, लालू यादव के पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। इसी बीच चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान उनपर अचार संहिता 144-188 धारा लगा था। इसके अंतर्गत आचार संहिता उल्लंघन ध्वनि निस्तारण यंत्र अधिनियम 9 के तहत लाउडस्पीकर एक्ट को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी (सीओ) के द्वारा, जो कि उस समय उड़नदस्ता प्रभारी थे, उनके द्वारा थाना में केस दर्ज करवाया गया था। एमपी ,एमएलए कोर्ट में यह केस 14 साल चलने के बाद आज एक एसीजीएम एमपी एमएलए कोर्ट के द्वारा लालू यादव के खिलाफ इश्तेहार जारी किया गया है। इश्तेहार में लालू प्रसाद यादव के गांव फुलवरिया का पता है, जहां इश्तेहार को चिपकाया जाएगा। एडवोकेट मदन सिंह ने बताया कि यह बेलेबल सेक्शन है। आचार संहिता उल्लंघन मामले में इन पर केस दर्ज हुआ था। मदन सिंह ने कहा कि दरौंदा के पांडेपुर गांव में यह जनसभा हुई थी, जिसको लेकर आचार संहिता का उल्लंघन का मामला आया था और तत्कालीन सीओ के द्वारा उन पर केस दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि परमेश्वर राय, लालू यादव की पार्टी राजद से उम्मीदवार थे, उनकी मृत्यु हो गई है। सिर्फ लालू यादव ही इस केस में जीवित हैं, जिन पर न्यायालय के द्वारा इश्तेहार जारी किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे में बदलाव, अब 29 मई को ही पहुंचेंगे पटना

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री अब दो दिवसीय बिहार दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी आगामी 29 मई को ही पटना पहुंच जाएंगे। 29 को वो पटना में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जबकि 30 मई को विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। पहले उनका कार्यक्रम एक दिन का तय था, लेकिन अब इसे विस्तारित कर दो दिन का कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बताया कि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले थे, लेकिन अब उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पीएम मोदी अब दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। पहले केवल बिक्रमगंज में एकदिवसीय कार्यक्रम तय था, लेकिन अब पीएम दो दिन के प्रवास पर बिहार आ रहे हैं। प्रधानमंत्री 29 मई की शाम पटना पहुंचेंगे। यहां वे जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। यह भवन लगभग 1,216 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है और राज्य के हवाई यातायात को नई गति देगा। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री रात में पटना में ही विश्राम करेंगे। 30 मई को प्रधानमंत्री रोहतास के बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह रैली चुनावी दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री का यह दौरा खास तौर पर आगामी विधानसभा चुनाव और हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### शहीद मनीष का पार्थिव शरीर लाया गया नवादा, सैंकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**नवादा।** भारत के लेह में शहीद हुए नवादा के कौवाकोल प्रखंड के गांव पांडे गंगोट के शहीद सैनिक मनीष कुमार का पार्थिव शरीर शनिवार को नवादा लाया गया। जहां सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से सांसद विवेक ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता , वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू , विधायक अरुणा देवी, चर्चित समाजसेवी मुकेश कुमार दिनकर ,नंदकिशोर चौरसिया जदयू के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी , विनय सिंह, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर केपी सिंह शामिल रहे। सभी ने फूल-माला अर्पित कर शहीद को नमन किया। पार्थिव शरीर को सेना के ट्रक से पटना से नवादा लाया गया। इससे पहले नवादा पुलिस लाइन में शहीद को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद सेना के ट्रक पर शहीद के पार्थिव शरीर को रखकर, सैकड़ों मोटरसाइकिल तथा वाहनों के काफिले के साथ ''जब तक सूरज चांद रहेगा, मनीष तेरा नाम रहेगा '' की गगन भेदी नारों के साथ पांडे गंगोट ले जाया गया, जहां आम लोगों के दर्शनाथ पार्थिव शरीर को रखा गया है ।शहीद को आज ही आखिरी विदायी दी जाएगी। सेना के जवान शहीद को अंतिम सलामी देने लिये गांव में तैयार हैं। नवादा जिले के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में लोग पांडे गंगोट पहुंचे हैं।

### सीलमपुर में नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में बीती रात एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। सीलमपुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल कर एक नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ा है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि शुक्रवार रात तकरीबन 11:30 बजे गश्त के दौरान कांस्टेबल विपिन सीलमपुर के सेंट्रल पार्क में पहुंचे तो एक लड़का पार्क की बेंच और रास्ते के बीच खून से लथपथ हालत में पड़ा था। कांस्टेबल विपिन ने तुरंत घटना की सूचना सीलमपुर थाने में दी। सूचना मिलते ही सीलमपुर थाना पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस घायल को जग प्रवेश अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी ने बताया कि जांच में मृतक की पहचान मौजपुर निवासी रेहान उर्फ सीलमपुरिया (16) के तौर पर हुई है। डीसीपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया गया है। डीसीपी का कहना कि इस मामले में एक नाबालिग समेत दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं पार्क में हुई इस वारदात को लेकर इलाके के लोगों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि पार्क अपराधी और नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। आम लोगों का पार्क में जाना मुश्किल हो गया है।

### चम्पावत परिसर को मिलेगा आधुनिक स्वरूप राज्य सरकार ने जारी किए 5 करोड़ रुपये

**देहरादून।** राज्य सरकार ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर को सेंटर फॉर एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने इस दिशा में पहली किस्त के रूप में 5 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है। इस धनराशि से विश्वविद्यालय कैम्पस में केन्द्रीय पुस्तकालय, चाहरदीवारी का निर्माण किया जायेगा, इसके अलावा कैम्पस में मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम भी बनाया जायेगा। राज्य सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों एवं उनकी इकाइयों में गुणात्मक सुधार के लिये निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में सरकार ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन मद में स्वीकृत 10 करोड़ की धनराशि में से पहली किस्त के तौर पर 5 करोड़ की अवमुक्त की है। सरकार की ओर से अवमुक्त धनराशि से विश्वविद्यालय के चम्पावत कैम्पस में आधुनिक केन्द्रीय पुस्तकालय बनाया जायेगा, जिसमें छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिये सभी सुविधाएं उपलब्ध की जायेगी। इसके अलावा परिसर में खेलों को बढ़ावा देने के लिये मिनी स्पोटर्स स्टेडियम भी तैयार किया जायेगा, जो खेल मानकों के अनुरूप विकसित किया जायेगा। जिसमें इनडोर और आउटडोर खेलों की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही परिसर की चाहरदीवारी का कार्य भी किया जायेगा। विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण कार्यों के लिये ब्रिडकुल को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत कैम्पस को सेंटर फॉर एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा, ताकि सीमान्त क्षेत्र के युवाओं को विश्वविद्यालय परिसर में ही गुणात्मक शिक्षा मिल सके। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये सरकार ने पहली किस्त के तौर पर 5 करोड़ की धनराशि अवमुक्त कर दी है।

# केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री ने किया मल्टी स्पेशलिटी मोबाइल हेल्थ यूनिट का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने शनिवार को पिथौरागढ़ जिले के चंडाक स्थित मोस्टामानू मंदिर प्रांगण में मल्टी स्पेशलिटी मोबाइल हेल्थ यूनिट का उद्घाटन किया। यह यूनिट सीमांत सेवा फाउंडेशन के 'हेल्थ ऑन व्हील्स' अभियान के तहत गोरंगघाटी के 32 गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। शुभारंभ अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट दूरदराज के गांवों में रहने वाले लोगों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगी। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस है और इसमें अनुभवी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मौजूद है। यह यूनिट सामान्य चिकित्सा, ईसीजी, पैथालॉजी और अन्य विशिष्ट सेवाएं प्रदान करेगी।उन्होंने कहा कि मोबाइल हेल्थ यूनिट



सीमांत सेवा फाउंडेशन के हेल्थ ऑन व्हील्स अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका लक्ष्य सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। सीमांत सेवा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष ललित पंत ने बताया कि अभियान के तहत गोरंगघाटी के 32 दूरस्थ गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाइल वैन में ईसीजी, एक्सरे सहित पैथोलॉजी लैब स्थापित की गई है। इन जांचों के साथ ही चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। दूसरे चरण में इन गांवों में आजीविका संवर्धन के काम भी किए जाएंगे।इस अवसर पर अभिनेता हेमंत पांडे, फाउंडेशन के उपाध्यक्ष ललित पंत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पूरा देश सेना और सरकार के साथ, आआपा कर रही ओछी राजनीतिः रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आआपा) चूड़ियों की नौटंकी करके ओछी राजनीति कर रही है। चूड़िया महिलाओं के श्रृंगार और सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग के सिंगलपुर गांव में पानी के नए पाइपलाइन के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से कहा कि पहलगाम आतंकी में सुहाग खोने वाली बहनें ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई व्यापक कार्रवाई से संतुष्ट हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीपीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के भारत सरकार के सिंधु जल संधि को निलंबित करने पर नाराजगी जाहिर करने पर कहा कि उन्हें अपने देश की नहीं दूसरे देश की चिंता ज्यादा है।

# साइंस सिटी में विश्व टेलीकॉम दिवस मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पुष्पा गुजलाल साइंस सिटी द्वारा इस बार के थीम परिवर्तनीय डिजिटल युग में लिंग समानता पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब के 150 से अधिक स्कूली छात्र और शिक्षकों ने भाग लिया। साइंस सिटी के निदेशक डॉ.राजेश ग्रोवर ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अधिक से अधिक महिलाओं को रोल मॉडल बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब भी नौजवान लड़कियां इन क्षेत्रों में सफल महिलाओं को देखती हैं, तो वे भी इस रास्ते पर चलने के लिए आकर्षित होती हैं। इस मौके पर डॉ. ग्रोवर ने महिलाओं को वर्तमान चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला, खासकर छोटे शहरों में जहाँ पारिवारिक जिम्मेदारियां महिलाओं की करियर की इच्छाओं और बदलावों को सीमित कर देती हैं। उन्होंने युवतियों को नई-नई तकनीकों जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और बताया कि इन साधनों का इस्तेमाल दुनिया के मुद्दों को सुलझाने के लिए कैसे किया जा सकता है। एन.आई.टी जालंधर के डॉ. बलविंदर राज मुख आह्वकके रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने हमारी रोज़मर्रा की जिंदगी में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग की भूमिका के बारे में स्कूल के बच्चों को जानकारी दी। अपने लेक्चर के दौरान डॉ. राज ने रोजाना इस्तेमाल होने वाली तकनीकों, स्मार्ट फोन से लेकर हेलीकाप्टर के पुर्जों, वर्ल्ड कम्युनिकेशन सिस्टम जैसे मोबाइल नेटवर्क और उपग्रह प्रणाली में इलेक्ट्रॉनिक संचार इंजीनियर की महत्ता से छात्रों को अवगत करवाया।

# दोस्त से पैसे ऐंठने की साजिश रचने वाले दो भाई गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग थाना पुलिस ने दोस्त से रंगदारी मांगने के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने अपने ही पुराने दोस्त से मोटी रकम वसूलने के लिए साजिश रची थी। दोनों आरोपितों ने न केवल धमकी भरा पत्र भेजा बल्कि शिकायतकर्ता के परिवार की तस्वीरें और दो खाली कारतूस भी उसके घर भेजे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रोहित नागपाल और उसके भाई सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से मोबाइल फोन, लैपटॉप और अपराध में उपयोग की गई स्कूटी बरामद की है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने शनिवार को बताया कि 13 मई को शिकायतकर्ता रोहित चौहान के घर एक कोरियर पहुंचा। जिसमें उसकी पत्नी और बेटे की तस्वीरें व दो खाली कारतूस के



साथ एक धमकी भरा पत्र था। पत्र में विदेशी मुद्रा में मोटी रकम की मांग की गई थी और पैसा न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। इससे परिवार दहशत में आ गया और तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान कोरियर और उसके साथ भेजे गए अन्य सामग्रियों की पड़ताल की गई। इसके आधार पर कई सुराग मिले। जिससे जांच दल कुछ संभावित संलिप्त लोगों तक पहुंचा। शिकायतकर्ता के करीबी संपर्कों से पूछताछ की गई। जिसमें उसका मित्र रोहित नागपाल शामिल था। पूछताछ के दौरान रोहित टूट गया और सारा मामला कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह आभूषण कारोबार में भारी नुकसान झेल रहा था और 80 लाख के कर्ज तले दबा हुआ था। इसी कारण उसने अपने छोटे भाई सागर के साथ मिलकर यह साजिश रची। उसने शिकायतकर्ता की पारिवारिक जानकारी जुटाई और डराने के लिए एक बंदूक की दुकान से खाली कारतूस खरीदे। इसके बाद एक धमकी भरा पत्र, कारतूस और तस्वीरें कोरियर से भेजी गईं, ताकि यह किसी गिरोह की हरकत लगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला है कि आरोपित रोहित नागपाल राजन बाबू रोड, आदर्श नगर का रहने वाला है। उसने 2013 में इग्नू से स्नातक किया।


# अपहरण, हत्या के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब पुलिस ने एक त्वरित और समन्वित अभियान में 24 घंटे के भीतर एक अपहरण और हत्या के मामले को सुलझा लिया है, जिसके परिणामस्वरूप सात आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और अपराध में इस्तेमाल किये गये दो वाहन बरामद हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने शनिवार को बताया कि यह सफलता तब मिली जब 14 मई को कपूरथला जिले के फत्तूढींगा गांव में माझा पेट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे झाड़ियों के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। उन्होंने बताया कि फत्तूढींगा थाने की एसएचओ इंस्पेक्टर सोनमदीप कौर को प्रारंभिक सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने लावारिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए कपूरथला के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। जांच



के दौरान मृतक की पहचान सोढी सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी गांव सरहाली कलां जिला तरनतारन के रूप में की। उन्होंने बताया कि पहचान के बाद, कपूरथला जिले के भुलत्थ निवासी अमरीक सिंह के पुत्र जगमोहन सिंह के साथ-साथ कई अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। श्री तूरा ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (डिटेक्टिव) प्रभजोत सिंह विर्क और सब-डिविजनल पुलिस ऑफिसर गुरमीत सिंह की निगरानी में विशेष जांच टीमें गठित की गयी थीं। जांच टीम में डीएसपी परमिंदर सिंह (डिटेक्टिव कपूरथला), इंस्पेक्टर जरनैल सिंह (सीआईए कपूरथला), इंस्पेक्टर सोनमदीप कौर (एसएचओ फत्तूढींगा) और इंस्पेक्टर अर्जन सिंह शामिल थे। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और मानव खुफिया जानकारी के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से, पुलिस ने जांच शुरू करने के 12 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी जगमोहन सिंह का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, जगमोहन ने पीड़िता के खिलाफ व्यक्तिगत रंजिश रखने की बात कबूल की। उसने कथित तौर पर एसबीएस नगर जिले के कटारियन गांव के निवासी अपने बहनोई गुरनेक सिंह के साथ इस मामले पर चर्चा की। नौ मई को, गुरनेक भुलथ में जगमोहन के घर गया, जहां दोनों ने कथित तौर पर सोढ़ी सिंह के अपहरण और हत्या की योजना बनाई।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063